तापमान अधिकतम :31°C न्यूनतम: 20°C
सेंसेक्स 80,737.51 निफ्टी 24,542.50
सोना 99,570 चांदी 1,00,100

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, बुधवार 4 जून 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 4 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 7 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## भारत को 48 घंटे में हराना चाहता था पाकिस्तान

### CDS अनिल चौहान ने किया खुलासा: कैसे फेल हुई पाक की रणनीति

पुणे, वार्ता



नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया

**चीफ ऑफ** डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। वे मंगलवार को पुणे यूनिवर्सिटी पहुंचे थे।

उन्होंने यहां भविष्य के युद्ध और युद्ध विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि 10 मई रात एक बजे पाकिस्तान ने भारत को 48 घंटे में घुटने पर लाने की प्लानिंग की थी, उसने कई जगह पर एक साथ हमले किए और संघर्ष को बढ़ाया, लेकिन उसकी योजना 8 घंटे में ही फेल हो गई थी। इसके बाद बड़े नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया। हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत आतंक और न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग की छाया में रहने वाला नहीं है। प्रोफेशनल मिलिट्री फोर्स पर असफलताओं और नुकसान का असर नहीं पड़ता। आपको अपना मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ उससे कुछ हफ्ते पहले ही पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था। पहलगाम में जो -शेष पृष्ठ दो पर

### ऑपरेशन सिंदूर: विदेश गए डेलिगेशन से मिलेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख दुनिया को बताने गए डेलिगेशन ग्रुप्स से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते मुलाकात कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम मोदी सभी 7 डेलिगेशन ग्रुप से 9 या 10 जून को मिलेंगे। इस दौरान डेलिगेशन अपने दौरे की रिपोर्ट प्रधानमंत्री को देंगे। भाजपा के बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला डेलिगेशन मंगलवार को भारत लौट आया है। इस ग्रुप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, फंगनन कोन्याक और रेखा शर्मा, सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।

## रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपना पहला आईपीएल जीता

### 18वें सीजन में 8वां चैंपियन मिला, 191 रन चेज कर रहा पंजाब 6 रन से हारा

**अहमदाबाद।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना पहला टाइटल जीत लिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आरसीबी ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 6 रन से हरा दिया। 191 रन का टारगेट चेज कर रही पीबीकेएस 184 रन ही बना सकी। इस प्रकार 18वें सीजन में आईपीएल को 8वां चैंपियन मिला। बेंगलुरु से विराट कोहली ने 35 गेंद पर 43 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या ने 17 रन देकर 2 विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार ने भी 2 विकेट लिए। पंजाब से अर्शदीप सिंह और काइल जैमिसन ने 3-3 विकेट लिए। 18वें ओवर में यश दयाल ने अजमतुल्लाह उमरजई को पवेलियन की राह दिखाई। उमरजई एक रन ही बना सके। 17वां ओवर डाल रहे भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट झटके। उन्होंनें दूसरी बाल पर नेहल वाधेरा को क्रणाल पंड्या के हाथों कैच कराया। नेहल 15 रन ही बना सके। चौथी बाल पर मार्कस स्टोयनिस को यश दयाल के हाथों कैच कराया।

## कोरोना संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4026 पहुंच गई। अभी तक 2700 मरीजों को स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं और 512 मरीजों के स्वस्थ होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, लेकिन इस अवधि के दौरान पांच और मरीजों की जान चली गई।

## बाढ़-लैंडस्लाइड से नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में 37 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में तेज बारिश हो रही है। मंगलवार को मप्र-राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट है। नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है। असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। 15 नदियां उफान पर हैं। सड़क, रेल और बोट सर्विस प्रभावित है। कुल 165 राहत शिविरों में 31 हजार 212 लोग ठहराए गए हैं।

## 'इंडिया' ने दोहराई संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया समूह ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में देश कितना सफल रहा, इन सब मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मंगलवार को मांग करते हुए पीएम मोदी को पत्र लिखा है, जिसमें 16 दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। इंडिया समूह के नेताओं ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद की स्थिति और सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में भेजकर आतंकवाद पर हम अपना पक्ष रखने में कितना सफल रहे इसकी जानकारी देश चाहता है।

## वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए छह जून को उम्मीद पोर्टल होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 6 जून को उम्मीद पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसका मकसद वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। उम्मीद का पूरा नाम है- यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी और डेवलपमेंट। यह एक सेंट्रल पोर्टल होगा, जिस पर देशभर की वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, पोर्टल लॉन्च होने के छह महीने के भीतर सभी वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करना अनिवार्य होगा। इस पर संपत्तियों का पूरा विवरण देना होगा, जैसे- लंबाई, चौड़ाई और जियो टैग की गई लोकेशन। अगर किसी संपत्ति का नाम किसी महिला के नाम पर दर्ज है, तो उसे वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। रजिस्ट्रेशन का काम संबंधित राज्य वक्फ बोर्ड करेंगे। अगर किसी वजह से तकनीकी या अन्य कारणों से समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया, तो एक से दो महीने की अतिरिक्त मोहलत दी जा सकती है। लेकिन अगर फिर भी संपत्ति रजिस्टर्ड नहीं होती, तो उसे विवादित मानते हुए वक्फ ट्रिब्यूनल के पास भेजा जाएगा।

## जमीन घोटाले में तीन पर गिरी गाज

# DM हरिद्वार समेत दो IAS सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

चार अन्य पर भी हुई कार्रवाई, अब तक हरिद्वार नगर निगम जमीन घोटाले में 12 नपे

**देहरादून।** हरिद्वार नगर निगम भूमि घोटाले में उत्तराखंड की धामी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में दो आईएएस और एक पीसीएस अफसर समेत कुल 12 लोगों को निलंबित कर दिया गया है। मामले में डीएम, एसडीएम व पूर्व नगर आयुक्त पर भी गाज गिरी। अब विजिलेन्स जमीन घोटाले की जांच करेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम हरिद्वार में हुए जमीन घोटाले पर सख्त रुख अपनाते हुए, दो आईएएस, एक पीसीएस अधिकारी सहित सात अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में तीन अधिकारी पूर्व में निलंबित हो चुके हैं, जबकि दो की पूर्व में सेवा समाप्त की जा चुकी है। इस तरह इस प्रकरण में अब तक 10 अधिकारी निलंबित किए जा चुके हैं। हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित अनुपयुक्त 2.3070 हैक्टेयर भूमि -शेष पृष्ठ दो पर

हमारी सरकार ने पहले ही दिन से स्पष्ट किया है कि लोकसेवा में पद' नहीं बल्कि 'कर्तव्य' और 'जवाबदेही' महत्वपूर्ण है। चाहे व्यक्ति कितना भी वरिष्ठ हो, अगर वह जनहित और नियमों की अवहेलना करेगा, तो कार्रवाई निश्चित है। हम उत्तराखंड में भ्रष्टाचार मुक्त नई कार्य संस्कृति विकसित करना चाहते हैं। सभी लोक सेवकों को इसके मानकों पर खरा उतरना होगा

**- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

## उप्र में पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 20% आरक्षण




शाह टाइम्स ब्यूरो

भूतपूर्व सैनिक की तरह की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (चार साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पदों को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को यह निर्णय लिया गया, जिसके तहत भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व अग्निवीरों को प्रदेश सरकार के इस निर्णय का लाभ मिलेगा। वहीं प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। मंत्रिमंडल की बैठक में इन भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, -शेष पृष्ठ दो पर






## संक्षिप्त समाचार

### जैन समाज अपने घरों में पांच जून को रोपित करेगा 75 हजार पौधे

**नई दिल्ली।** संपूर्ण देश में जैन समाज के लोग पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर अपने-अपने घरों में 75 हजार पौधों का रोपण करेंगे जिनमें फल, फूल और औषधीय पौधे होंगे। जैन संत श्री वरूणमुनि ने मंगलवार को यहां बताया कि समाज ने गुरु अमर संयम अमृत वर्ष के पावन अवसर पर 75 हजार पौधे रोपने का संकल्प लिया है। इसके अनुसार पांच जून को सम्पूर्ण भारतवर्ष में 75 हजार पौधों को रोपने का आयोजन अखिल भारतीय श्रुताचार्य श्री गुरू अमर संयम अमृत वर्ष आयोजन समिति के तत्त्वावधान में किया जा रहा है। इस आयोजन समिति के मार्गदर्शक राज्यसभा सदस्य लहरसिंह सिरोया और अध्यक्ष महेन्द्र जैन हैं। इस आयोजन में पांच जून को भारतवर्ष के सभी जैन धर्मावलम्बी पूरे परिवार के साथ अपने घर के आंगन में किसी भी फल, फूल या औषधि का पेड़ लगाएगें। श्री वरुणमुनि ने बताया कि ऐसे परिवारों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुनहरा बनाना है। प्रकृति मां के प्रति अपना कुछ अंश में कर्जा चुका सके। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कभी फल, कभी मेवे, कभी हरी या सूखी सब्जियां तो कभी वृक्षों से निर्मित औषधियों का सेवन करता है।

### सुरक्षा के बीच खीर भवानी मेले में शामिल हुए कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में गंदेरबल जिले के तुलमुल्ला में मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित वार्षिक खीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। यह मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। पिछले साल 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस साल सुरक्षा चिंताओं के कारण भागीदारी प्रभावित हुई है, फिर भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। उत्सव के सुचारू और सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की है। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर में और उसके आसपास जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की भारी तैनाती की गई है। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर तक पहुंचने वाले सभी रास्तों की सफाई की गई है।

### एनडीपीएस मामले में संलिप्तता, पीएचई कर्मचारी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) मामले में संलिप्तता के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के एक कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जम्मू-कश्मीर सरकार के जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्तीय आयुक्त, शालीन काबरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार जम्मू कश्मीर सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1956 के नियम 31 (2) के अनुसार कार्यकारी अभियंता, पीएचई डिवीजन पुंछ द्वारा कर्मचारी को गिरफ्तारी की तारीख से निलंबित कर दिया गया था। पीएचई कर्मचारी, देगवार तेरवान, तहसील हवेली जिला पुंछ का निवासी, जल शक्ति (पीएचई) डिवीजन पुंछ में खलासी के रूप में कार्यरत था, जो वर्तमान में निलंबित था, उसे तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

## धार्मिक स्थलों और पर्यटन केंद्रों पर मिलेगी होमस्टे की सुविधा: योगी

# यूपी में बीएंडबी व होमस्टे नीति को मिली मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर और सुलभ सुविधा प्रदान करने के मकसद से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में इस नई नीति को मंजूरी प्रदान की गई।

पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। लोकभवन के सभागार में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन के लिए रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बीएंडबी एवं होमस्टे नीति-2025 के अनुसार धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके तहत, अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कोई भी पर्यटक लगातार 7 दिन तक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल की भी व्यवस्था होगी। अनुमति की प्रक्रिया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाली कमेटी के माध्यम से पूरी की जाएगी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे इकाइयों के लिए 500 से 750 रुपए तक का शुल्क लिया जाएगा। वहीं शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए दो हजार रुपए का आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश की जीवंत सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों के कारण यह राज्य विदेशी और घरेलू पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। राज्य में पहले ऐसी कोई नीति न होने के कारण होमस्टे संचालकों को केंद्र सरकार के निधि प्लस पोर्टल पर पंजीकरण कराना पड़ता था। अब राज्य सरकार की इस नई नीति के तहत वे स्थानीय निकायों की अनापत्ति लेकर सरल प्रक्रिया से पंजीकरण कर सकेंगे। श्री खन्ना ने बताया कि इसके अतिरिक्त इस नीति में वित्तीय प्रोत्साहन और अनुदान की भी व्यवस्था की गई है, ताकि राज्य के निवासियों को प्रोत्साहित किया जा सके कि वे अपने घरों को पर्यटन हित में उपयोग करें। इस नीति के लागू होने से न केवल पर्यटकों को सस्ते और सुविधाजनक ठहरने का विकल्प मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे।



■ मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 11 प्रस्तावों में से 10 को स्वीकृति प्रदान की गई , कोई भी व्यक्ति एक से छह कमरों तक रजिस्टर करा सकता है

### पांच मेगा श्रेणी की इकाइयों को मिलेगी प्रोत्साहन धनराशि

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा पांच इकाईयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को यह फैसला लिया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नीति के तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रा.लि. बाराबंकी को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन/सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रा.लि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपए, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन/सुविधाओं की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई।

### यूपी के 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स अभियान

■ मोटे अनाज से किसानों को होगा फायदा

**लखनऊ।** यूपी के किसानों की आमदनी बढ़ाने और लोगों को पौष्टिक अनाज देने के लिए योगी सरकार ने एक नई पहल की है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स (मोटे अनाज या श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने का बड़ा अभियान शुरू किया जा रहा है। यह काम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के तहत किया जाएगा। इस योजना के लिए सरकार ने 2025-26 की राज्य कार्ययोजना तैयार कर ली है। सरकार का मानना है कि इस योजना से छोटे और मझोले किसानों की जिंदगी बदल जाएगी। एक तरफ किसानों को खेती से अच्छी आमदनी मिलेगी, तो दूसरी तरफ लोगों को ज्वार, बाजरा, कोदो और सावां जैसे पौष्टिक अनाज खाने को मिलेंगे। ये अनाज न सिर्फ सस्ते होते हैं बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं। डॉक्टर भी कहते हैं कि मोटे अनाज खाने से शरीर को ताकत मिलती है और बीमारियां दूर रहती हैं। सरकार ने बताया कि अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली और सीतापुर समेत 47 जिलों में इन अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। ज्वार की खेती 24 जिलों में होगी, बाजरे की खेती 38 जिलों में, कोदो की खेती 13 जिलों में और सावां की खेती 12 जिलों में कराई जाएगी। इससे किसानों को ज्यादा दाम मिलेंगे और वे खुशहाल होंगे।

## ट्रम्प के फोन पर मोदी ने किया सीजफायर: राहुल

भोपाल, वार्ता



■ पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरा

पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर समझौते को लेकर राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया।

भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस को लेकर कहा कि इन पर जरा सा दबाव पड़ता है और ये पीछे हट जाते हैं। उधर से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक इशारा किया और इन्होंने जी हुजूर, करके सीजफायर कर दिया। राहुल गांधी का ये बयान एक्स पर शेयर किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि इतिहास गवाह है, यही भाजपा-आरएसएस का चरित्र है, ये हमेशा झुकते हैं। भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। उन्होंने कहा कि 1971 की लड़ाई में इंदिरा गांधी को जो करना था वो उन्होंने किया। कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती है। गांधी जी, जवाहर लाल नेहरू और सरदार पटेल सरेंडर करने वाले लोग नहीं थे। ये सुपर पावर से लड़ने वाले लोग थे। राहुल गांधी ने कहा कि इन दिनों देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। पहली लड़ाई संविधान की है। इसमें एक तरफ कांग्रेस पार्टी है जो संविधान के साथ खड़ी हुई है। दूसरी लड़ाई सामाजिक न्याय की है। जाति जनगणना को लेकर सरकार का रवैया महिला आरक्षण की तरह ही है। जाति जनगणना को लेकर उन्होंने तेलंगाना का उदाहरण दिया। जाति जनगणना को लेकर जनता ने सर्वे के सवाल तय किए। ऐसा अन्य जगह नहीं हुआ है। देश के विकास के लिए सभी की भागीदारी होनी चाहिए है। जाति जनगणना के लिए तेलंगाना माडल ही बेहतर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की कोई कमी नहीं है। एमपी में ही भाजपा को हराने वाले कार्यकर्ता बैठे हुए हैं लेकिन उनके हाथ बंधे हुए हैं। कार्यकर्ताओं की आवाज कांग्रेस के संगठन में ठीक से सुनाई नहीं दे रही है।

# मुसलमानों के खिलाफ हिंसा चिंताजनक

### जमात-ए-इस्लामी हिंद ने की फलस्तीन मुद्दे पर सरकार से दबाव बनाने की मांग

नई दिल्ली, वार्ता

■ कुर्बानी इस्लाम की सदियों पुरानी परम्परा

जमात-ए-इस्लामी हिंद (जेआईएच) ने देश में मुसलमानों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और बुलडोजर कार्रवाइयों पर गहरी चिंता जताई है। संगठन के वाइस प्रेसिडेंट मलिक मो. हतसिम और इंजीनियर सलीम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अलीगढ़, कर्नाटक, गुजरात और दिल्ली में हुई हालिया घटनाओं की निंदा की। उन्होंने सरकार से कानून का राज स्थापित करने और फलस्तीन मुद्दे पर भी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

मलिक मोहतसिम ने बताया कि अलीगढ़ में चार मुस्लिम युवकों के साथ असामाजिक तत्वों ने मारपीट की और उन्हें अधमरा कर दिया। हैरानी की बात यह है कि यह सब पुलिस की मौजूदगी में हुआ। पीड़ितों के पास वैध कागज थे, यहां तक की उनके पास कोई बीफ (गाय का मांस) नहीं था, फिर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। दोनों पक्षों को बराबर मानकर केस दर्ज किया गया, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। कर्नाटक में भी ऐसी ही घटना हुई, जिसकी जमात ने कड़ी निंदा की।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के लिचिंग विरोधी आदेशों की अवहेलना हो रही है। दोषियों को उम्रकैद की सजा देकर कानून का डर पैदा करना चाहिए। जमात-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष इंजीनियर सलीम ने कहा कि यूपी, गुजरात और दिल्ली में मुस्लिम इलाकों में बुलडोजर कार्रवाइयों को निशाना बनाए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूपी के नेपाल सीमा से सटे इलाकों में 300 से ज्यादा कब्रिस्तान और मदरसों पर बिना नोटिस के बुलडोजर चलाए गए। गुजरात के अहमदाबाद में चंदोला झील के पास 30-40 साल से रह रहे लोगों को बेघर कर दिया गया और उन्हें बांग्लादेशी बताकर नफरत फैलाई गई। दिल्ली के ओखला, तैमूर नगर और बाटला हाउस में भी ऐसी ही कार्रवाइयां हुईं। सलीम ने इसे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवमानना बताया और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। फलस्तीन में इजरायल की कार्रवाइयों को वॉर क्राइम करार देते हुए मलिक मोहतसिम ने कहा कि 'ये एक जेनोसाइड है। गाजा में नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि वह सिर्फ बयानबाजी तक सीमित न रहे, बल्कि अमेरिका पर हथियार सप्लाई रोकने के लिए दबाव बनाए। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर कुर्बानी को लेकर उठ रहे विवादों पर इंजीनियर सलीम ने कहा कि कुर्बानी इस्लाम की सदियों पुरानी परंपरा है, जो दुनिया भर में निभाई जाती है।

### यूपी के अस्पतालों में बिना जरूरत छुट्टी पर रोक

**लखनऊ।** यूपी में आने वाले त्योहारों और तेज गर्मी को देखते हुए सभी अस्पतालों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिए हैं कि दवाओं की उपलब्धता, मरीजों की भर्ती और इमरजेंसी सेवाएं पहले से बेहतर की जाएं। डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ को जरूरी कारणों के अलावा छुट्टी नहीं दी जाएगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने एक पत्र जारी किया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि इमरजेंसी सेवाएं और बेहतर होनी चाहिए, इसके लिए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की विशेष टीमें बनाई जाएं, ताकि मरीजों को इलाज में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने यह भी कहा कि 102, 108 और एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस हमेशा चालू रहें, ताकि मरीजों को जल्दी नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया जा सके।

# यमुना में डूबने से चार लड़कियों की मौत

आगरा, वार्ता



■ आगरा में दो की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती
■ डीएम मौके पर पहुंचे व हालात का जायजा लिया

जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को नगला नाथू में यमुना नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से चार किशोरियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, पुलिस प्रशासन और रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य का जायजा लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नगला नाथू की छह किशोरियां दोपहर में यमुना नदी में नहाने गई थीं। नहाते समय वे गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं, उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और प्रशासन की टीम, जिसमें गोताखोर भी शामिल थे मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

अथक प्रयासों के बाद, छह में से दो बच्चियों को गंभीर हालत में नदी से बाहर निकाला गया और तत्काल नजदीकी अस्पताल भेजा गया। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जिला अस्पताल प्रबंधन को बच्चियों को उच्च स्तरीय चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दुर्भाग्यवश चार अन्य किशोरियों को बचाया नहीं जा सका और उनकी डूबने से मौत हो गई। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए नदी किनारे सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा मुनाफावसूली से शेयर बाजार में भूचाल

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत निर्णय का इंतजार कर रहे निवेशकों की वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिका के बढ़ते राजकोषीय जोखिमों को लेकर चिंता के चलते निवेश धारणा कमजोर पड़ने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से मंगलवार को शेयर बाजार में भूचाल आ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 636.24 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत का गोता लगाकर सात कारोबार सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 80,737.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 174.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत लुढ़ककर 24542.50 अंक रह गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.52 प्रतिशत टूटकर 45,159.96 अंक और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत फिसलकर 52,563.44 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4144 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2266 में गिरावट जबकि 1731 में तेजी रही वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2999 कंपनियों के शेयरों में से 1696 में बिकवाली जबकि 1224 में लिवाली हुई, वहीं 79 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार मिश्रित वैश्विक संकेतों, भू-राजनीतिक तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के चलते अस्थिरता भरे मुद्रा बाजार के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहा और नकारात्मक दायरे में बंद हुआ।



बाजार पर व्यापक मुनाफा वसूली का असर देखा गया। हालांकि रियल एस्टेट समूह को आरबीआई की संभावित ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों से समर्थन मिला, जिससे यह समूह अन्य क्षेत्रों की तुलना में मजबूत बना रहा। इस दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अपेक्षाकृत सीमित समेकन देखने को मिला, जिसका मुख्य कारण बेहतर आय वृद्धि की संभावनाएं और प्रीमियम मूल्यांकन में आई नरमी है। इसके विपरीत, लार्ज कैप शेयरों में निवेशकों द्वारा अधिक मुनाफावसूली दर्ज की गई।

### पतंजलि आयुर्वेद को एमसीए से जांच का नोटिस नहीं मिला

**मुंबई।** योग गुरु बाबा रामदेव की शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने कहा है कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को कंपनी मामलों के मंत्रालय (एमसीए) से प्रस्तावित जांच के संबंध में कोई नोटिस या संचार नहीं मिला है। कंपनी ने इस संबंध में मीडिया में खबर आने के बाद बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को दिए स्पष्टीकरण में यह बात कही है। कंपनी ने कहा कि उनके कानूनी सलाहकार इस संबंध में उचित कार्रवाई की जांच कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि पतंजलि आयुर्वेद से पुष्टि के आधार पर यह स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, दालें महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि उठाव बढ़ने से दालें महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों में भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 50 रिंगिट की बढ़ोतरी लेकर 3938 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.07 सेंट उतरकर 46.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 660 रुपए, मूंगफली तेल 110 रुपए और पाम ऑयल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि सूरजमुखी तेल 1099 रुपए, सोया रिफाइंड 880 रुपए और वनस्पति तेल 256 रुपए प्रति क्विंटल लुढ़क गया। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7500- 7600, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत को...**

हुआ वह पीड़ितों के लिए घोर क्रूरता थी। ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोकना है। सीडीएस ने कहा कि पाकिस्तान की प्लानिंग फेल होने के बाद उसने भारत से फोन (हॉटलाइन) पर संपर्क किया था। उसे लगा था कि अगर यह जारी रहा, तो उसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। जनरल चौहान ने कहा कि जब पाकिस्तान की ओर से बातचीत और तनाव कम करने का अनुरोध आया, तो हमने भी इसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भी युद्ध और राजनीति बराबरी से हो रही थी। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी ठिकानों पर बहुत सोच-समझकर सटीक हमले किए और उनमें से कुछ दो मीटर जितने करीब थे। सीडीएस चौहान ने भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान फाइटर जेट खोने के सवाल पर कहा कि जब मुझसे हमारे नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं। यह महत्वपूर्ण है। नुकसान और संख्या के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। उन्होंने क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि मान लीजिए कि आप क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने जाते हैं और आप एक पारी से हार जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं। इसका कोई सवाल ही नहीं है।

**डीएम हरिद्वार...**

को करोड़ों रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद, मुख्यमंत्री धामी ने इस प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद सचिव रणवीर सिंह चौहान ने मामले की प्रारंभिक जांच कर, रिपोर्ट 29 मई को ही शासन को सौंपी थी। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिस पर कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने मंगलवार को सभी सात आरोपी अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद, कार्मिक विभाग ने मंगलवार को हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन प्रशासक और मौजूदा डीएम कर्मेंद्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, हरिद्वार के तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार, हरिद्वार तहसील के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास को निलंबित कर दिया है। जमीन घोटाला प्रकरण में अब तक हुई कार्रवाई: कर्मेन्द्र सिंह - जिलाधिकारी और तत्कालीन प्रशासक नगर निगम हरिद्वार (निलंबित),वरुण चौधरी - तत्कालीन नगर आयुक्त, नगर निगम हरिद्वार (निलंबित),अजयवीर सिंह- तत्कालीन, उपजिलाधिकारी हरिद्वार (निलंबित), निकिता बिष्ट - वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम हरिद्वार (निलंबित),विक्की - वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक (निलंबित), राजेश कुमार - रजिस्ट्रार कानूनगो, तहसील हरिद्वार (निलंबित), कमलदास-मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, तहसील हरिद्वार (निलंबित)। पूर्व में हो चुकी कार्रवाई: रविंद्र कुमार दयाल- प्रभारी सहायक नगर आयुक्त (सेवा समाप्त), आनंद सिंह मिश्रवाण- प्रभारी अधिशासी अभियंता (निलंबित), लक्ष्मी कांत भट्ट्- कर एवं राजस्व अधीक्षक (निलंबित), दिनेश चंद्र कांडपाल- अवर अभियंता (निलंबित), वेदपाल- सम्पत्ति लिपिक (सेवा विस्तार समाप्त), हरिद्वार नगर निगम घोटाले में बताया जा रहा है कि यह: मामला 15 करोड़ की जमीन को 54 करोड़ में खरीदने का है, जिसमें हरिद्वार नगर निगम ने एक अनुपयुक्त और बेकार भूमि को अत्यधिक दाम में खरीदा। न भूमि की कोई तात्कालिक आवश्यकता थी, न ही खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई। शासन के नियमों को दरकिनार कर यह घोटाला अंजाम दिया गया।

**उप्र में...** सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुन्देलखंड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बचत से धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रकार प्रति जनपद 75-100 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस भवनों के अनुरक्षण इत्यादि की व्यवस्था का भी प्राविधान किया गया है।

# नकली उर्वरक व कीटनाशक पर बनेगा सख्त कानून: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार नकली उर्वरक और कीटनाशक बनाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए सख्त कानून की तैयारी कर रही है।

चौहान ने मंगलवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के छठे दिन महाराष्ट्र में पुणे जिले के नारायणगांव में किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि नकली खाद या कीटनाशक बनाने वाली और किसानों को आपूर्ति करने वाली किसी भी कंपनी या व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार सख्त कानून बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों और उर्वरकों के सही और संतुलित प्रयोग होना चाहिए। सरकार एक सख्त कानून बनाने पर विचार कर रही है, जिसके अंतर्गत जो भी कंपनी या व्यक्ति नकली उर्वरक या कीटनाशक बनाकर किसानों को आपूर्ति करते हुए पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चौहान ने कहा कि क्षेत्रवार कृषि विकास योजना तैयार की जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर कृषि और किसानों की प्रगति के लिए काम करेंगे। बातचीत के दौरान किसानों ने केंद्रीय मंत्री को अपनी चिंता से अवगत कराया और न्यूनतम समर्थन मूल्य, बेमौसम बारिश के कारण कृषि उपज को होने वाले नुकसान, खेती पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, समय पर कृषि उपकरण और बीज नहीं मिलने, बेहतर प्रशीतन भंडारण सुविधाओं, कृषि प्रसंस्करण केंद्रों की उपलब्धता और अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इससे पहले दिन में केंद्रीय मंत्री ने कृषि वैज्ञानिकों के साथ नारायणगांव कृषि उपज मंडी समिति और टमाटर मंडी, स्थानीय खेतों और कोल्ड स्टोरेज सुविधा का दौरा किया, जहां उन्होंने टमाटर और अन्य फसल उगाने वाले स्थानीय किसानों से बातचीत की।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कालीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शाहिद अखलाक की अल साकिब मीट फैक्ट्री का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम-एसएसपी

## दो जून को खत्म हुआ वधशाला का लाइसेंस, जांच में सब कुछ मिला ठीक

■ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पशुपालन की टीम भी रही मौजूद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को डीएम डॉ. वी.के. सिंह के नेतृत्व में एसएसपी विपिन ताडा व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पशुपालन की संयुक्त टीम द्वारा अल साकिब एक्सपोर्ट लि. का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसएसपी को पशु वधशाला में किसी भी पशु का कटान होते नहीं मिला, इस दौरान डीएम और एसएसपी ने बारीकी के साथ वहां पर मौजूद लोगों से भी पूछताछ की. काटन ने होने को देखकर मीट फैक्ट्री के प्रबंधक से पूछा गया तो उसने बताया कि 2 जून 2025 को फैक्ट्री की पशु शाला का लाइसेंस समाप्त हो चुका है जिसकी वजह से कोई भी कटान फैक्ट्री में नहीं हो रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में पशु पालन की संयुक्त टीम ने भी वहां पर मौजूद सीसीटीवी कैमरो को देखा। इसके बाद वहां के रजिस्टर चेक किए गए 1 जून को फैक्ट्री के अंदर 216 पशुओं का रिकॉर्ड मिला जबकि निरीक्षण के दौरान एंटी मार्टम पर 214 पशुओं का रिकॉर्ड पाया गया। दो पशुओं की एंट्री न होने के बाद डीएम व एसएसपी ने पशु चिकित्सा अधिकारी से इसके बारे में पूछा तो उन्हें बताया कि दो पशु ऐन्टीमोर्टम निरीक्षण के समय हटा दिये गये थे। इसके बाद अधिकारियों ने ईटीपी प्लान्ट को चालू अवस्था में पाया गया साथ ही साथ जिलाधिकारी ने कहा की बिना टैग के पशुओं का वध नहीं किया जाएगा। भविष्य में हर पशु पर टैग लगा होना चाहिए। इस बात को लेकर डीएम पशुपालन विभाग द्वारा नियुक्त पशु चिकित्सा अधिकारियों पर नाराज दिखे और उन्हें चेतावनी दी कि भविष्य में इस तरह की पुनर्विवर्ती नहीं होनी चाहिए। आपको बता दें कि अल साकिब मीट फैक्ट्री मेरठ के पूर्व सांसद मेयर शाहिद अखलाक की है और बीते दिनों भी मीट फैक्ट्री पर अवैध कटान का कुछ हिंदूवादी संगठन ने आरोप लगाया था जिसको लेकर अधिकारियों ने वहां पर छापा मारा लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला था छापे के दौरान भी सब कुछ सही पाया गया था, वहीं शाहिद अखलाक का कहना है कि वह प्रदेश सरकार के नियम अनुसार काम कर रहे हैं ऐसा कोई भी काम फैक्ट्री में नहीं होता जो नियम के विरुद्ध हो वह हमेशा अवैध कटान के विरोधी रहे हैं फिलहाल अल साकिब मीट फैक्ट्री निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सब कुछ सही मिला है जिसके बाद मीट व्यापारियों ने भी राहत की सांस ली।

### खुले में न करें कुर्बानी

मेरठ के पूर्व सांसद शाहिद अखलाक ने मेरठ की जनता से अपील करते हुए कहा है कि वह खुले में कुर्बानी न करें और कुर्बानी की कोई भी पोस्ट या वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें साथ ही साथ उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से यह भी अपील की है कि वह कुर्बानी के समय किसी भी प्रकार की कोई वीडियो न बनाएं क्योंकि कुर्बानी खुदा को राजी करने के लिए की जाती है ऐसे में कोई भी वीडियो बनाना बिल्कुल भी मुनासिब नहीं है।



### पशु चिकित्सा अधिकारी से नाराज दिखे डीएम

जिलाधिकारी द्वारा बिना टैग के पशुओं के वध पर आपत्ति व्यक्त की गयी, जिसके क्रम में पशु वधशाला पर पशुपालन विभाग द्वारा नियुक्त पशु चिकित्साधिकारी पर रोष प्रकट करते हुए भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न किये जाने हेतु चेतावनी जारी की गई।

# साहब! पवित्र पीपल वृक्ष के पास फैली गंदगी साफ करा दो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते माह आए तूफान में मेघदूत सिनेमा के बराबर में बह रहे नाले के वृक्ष बड़ी संख्या में उखड़कर गिर गये। यह एक मलिन बस्ती क्षेत्र है पूरे महानगर की बिजली ठीक हो गई थी लेकिन यहा कि विद्युत आपुर्ति तीन दिन बाद ठीक हुई। इसके बाद पेड़ों को नाले से निकाल. कर सड़क पर ही उनकी कटाई की गई। कटे हुए पेड़ तो नगर निगम के कर्मचारी ले गये लेकिन पेड़ के पत्ते आदि झाड़ू से एकत्र करके मशहूर पीर शाहविलायत के सामने स्थित एक पवित्र पीपल वृक्ष के पास एकत्र करके चले गये। आठ दिन से ज्यादा हो गये इस पवित्र वृक्ष के पास से गंदगी साफ नहीं की जा रही है जिससे यहा दीपक जलाने वाले लोगों में काफी रोष है। दलित बहुल इलाके के लोग खुलकर कह रहे हैं कि उनके इलाके में चार इंजन की सरकार होकर भी दलितों की खुलकर मजाक उड़ाई जा रही है।

# मकान में पांच धमाकों से उड़ा लिंटर

## दो महिला व दो बच्चे घायल, क्षेत्र में मची खलबली, फैली दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। एक मकान में धमाके हुआ जिससे छत टूटकर नीचे गिर गई। मकान का एक हिस्सा ढह गया। एक-एक करके 5 धमाके हुए, पांचवें धमाके के बाद छत ही ढह गई। तेज धमाके होने से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। घर में तीन भाइयों का परिवार मौजूद था, पहले धमाका के बाद ही सब बाहर की तरफ भाग कर निकल गए। मगर दो महिला और दो बच्चे चोटिल हुए हैं। आसपास के लोग मौके पर दौड़कर आए।



इस हादसे में किसी व्यक्ति के मरने की जानकारी नहीं मिली है। यह हादसा कोतवाली इलाके के जाहिदियान का है कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची है। फोरेंसिक टीम भी बुला ली गई है। पुलिस को घर की छत के एक हिस्से से सुतली बम मिले हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस घर में सुतली बम बनाने का काम हो रहा था, अभी तक की जानकारी में फायर डिपार्टमेंट से ऐसी कोई अनुमति नहीं थी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जाहिदियान मोहल्ले में शादाब, जाहिद और शाहिद का मकान है। शादाब ई रिक्शा चलाता है, जाहिद और शाहिद शादी में आतिशबाजी का काम करते हैं। मंगलवार दोपहर को घर में शाहिद और जाहिद, शादाब की पत्नी शाहीन और तीन बच्चे मौजूद थे।

अचानक से छत पर विस्फोट हो गया। धमाके में शादाब की पत्नी शाहीन और दो बच्चे मामूली रूप से घायल हुए हैं। पड़ोस की एक बुजुर्ग महिला भी मामूली रूप से चोटिल हुई है। सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार का कहना है कि विस्फोट के कारणों की जांच की जा रही है। लोगों ने बताया कि पांच धमाके हुए हैं। पांचवां धमाका बहुत तेज था। लोगों का कहना है कि विस्फोट से लिंटर की छत उड़ गई है। लोगों ने बताया कि जिस तरह से गंध आ रही थी उससे लग रहा है कि घर में पोटाश रखा हुआ था। जाहिद और शाहिद आतिशबाजी का काम करते हैं। इससे लग रहा है कि उन्होंने घर में आतिशबाजी बनाने के लिए छत पर पोटाश आदि रखा हुआ था। उसी में विस्फोट के बाद छत उड़ गई। फोरेंसिक टीम और पुलिस की फील्ड यूनिट इकाई भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई थी। घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है।

## क्षेत्र में नशेड़ी युवक का आतंक

# महिला से अभद्रता व गाली गलौच विरोध करने पर देवर का सिर फोड़ा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के लिसाड़ी गांव में एक नशेड़ी युवक फुरकान ने शराब के नशे में महिलाओं के साथ गाली गलौज करते हुए महिलाओं को धमकी दी। रुखसार नाम की गर्भवती महिला ने बताया कि सोमवार की रात नशेड़ी युवक फुरकान शराब पीकर आया और रुखसार के दरवाजे में ईटों से हमला करने लगा और रुखसार और उसके परिवार की महिलाओं को गंदी-गंदी गाली दी। सुबह होने पर रुखसार नशेड़ी युवक फुरकान की शिकायत करने पुलिस चौकी पहुंची। नशेड़ी युवक फुरकान आग बबूला हो गया और रुखसार के देवर की जमकर पिटाई कर डाली और ईंटों से उसका सिर फोड़ डाला जब रुखसार अपने घर वापस पहुंची तो नशेड़ी युवक ने रुखसार को धमकी देते हुए कहा कि तेरे पेट में जो बच्चा पल रहा है उसको इस दुनिया में नहीं आने दूंगा और उसको लात मारकर पेट में ही खत्म कर दूंगा। फिलहाल रुखसार ने पुलिस से गुहार लगाते हुए आरोपी फुरकान की गिरफ्तारी की मांग की है रुखसार का कहना है कि उसको फुरकान का खौफ सता रहा है। उधर पुलिस का कहना है। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी अशोक कुमार ने महिला की तहरीर पर आरोपी युवक फुरकान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### कोतवाली में पति ने खुद को गोली से उड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कोतवाली के भाटवाड़ा निवासी युवक ने पत्नी से विवाद और आए दिन मुकदमें की धमकी से परेशान होकर घर में ही गोली मारकर सुसाइड कर लिया। करीब तीन साल पहले रमन की शादी सोनीपत के लाडपुर निवासी संस्कृति से हुई थी। कोतवाली के भाटवाड़ा मोहल्ला निवासी रमन शर्मा अपने पिता भारत भूषण शर्मा के साथ सूरजकुंड श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कराया करते थे। रविवार को कोतवाली में ही जामा मस्जिद के पास भारत भूषण ने एक नया फ्लैट खरीदा था और इसका गृह प्रवेश कराया था। पूरा परिवार यहीं पर मौजूद था। शाम को सभी लोग भाटवाड़ा स्थित पुराने मकान पर लौट आए, जबकि रमन रात करीब नौ बजे वापस आया। रात 11 बजे वह अपने कमरे में चला गया। सुबह करीब 8 बजे चाय देने के लिए परिजन कमरे पर पहुंचे तो रमन बेड पर लहूलुहान पड़ा था। कनपटी पर गोली लगी थी और पास ही पिस्टल पड़ी थी।

# खुले में कुर्बानी से बचें, सरकार की गाइडलाइन का पालन करें: मुफ्ती मोहम्मद शाहिद कासमी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** अभी दो दिन पूर्व ही जानी थाना परिसर में ईद उल अजहा की नमाज व कुर्बानी को लेकर लोगों के साथ शांति समिति की बैठक हुई है। जिसमें सभी गांव के धर्म गुरुओं को बुलाकर कुर्बानी को लेकर सरकार की गाइडलाइन पर काम करने के लिए कहा था। इसी के चलते जानी ब्लाक के गांव रसूलपुर धौलडी में जामा मस्जिद शेखान रसुलपुर धौलडी के मुफ्ती मोहम्मद शाहिद कासमी ने सभी लोगों से अपील की सरकार की गाइडलाइन का पालन करें और खुले में कुर्बानी न करें कुर्बानी करने के बाद उनके अवशेषों को गड्ढों में दबा दें और जो पहले से जगह तय हुई है वहीं पर कुर्बानी करें किसी दूसरे मजहब के लोगों को परेशानी न हो हमें अपने दूसरे भाई का भी ध्यान रखना है। उन्होंने कहा की रसूलपुर धौलडी में ईद उल अजहा की नमाज शाही ईदगाह में 7:15 पर होगी सभी लोग नमाज के बाद आपसी भाईचारे से ईद उल अजहा का त्यौहार मनाए।

### नगर पंचायत सिवाल खास में धर्म गुरुओं के साथ हुई शांति समिति की बैठक



मंगलवार को नगर पंचायत सिवाल खास में नगर पंचायत अध्यक्ष गुलजार चौहान और थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने धर्म गुरुओं के साथ ईद उल अजहा को लेकर एक शांति व्यवस्था की मीटिंग ली। जिसमें उन्होंने कहा कि कस्बा सिवाल खास बहुत बड़ी आबादी वाला कस्बा है इसमें आपसी भाईचारा बनाते हुए ईद उल अजहा का त्यौहार भाईचारे से मनाये और कुर्बानी करते समय सावधानी बरते और सरकार की गाइडलाइन का पालन करें। खुले में कुर्बानी न करें और न किसी को करने दें वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष गुलजार चौहान ने भी थाना प्रभारी निरीक्षक को आश्वासन दिया की कस्बा सिवाल खास के लोग प्रशासन का पूरा ख्याल रखते हुए ईद उल अजहा का त्यौहार आपसी भाईचारे से मनाएंगे।

### 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति तथा योग सप्ताह 2025 एवं 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में बैठक की गई। बैठक में डीएम द्वारा सभी सरकारी विभाग संस्था को योग दिवस के संबंध में कार्य योजना बनाएं जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने जनपद स्तर पर वृहद स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि तहसील, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर अमृत सरोवर स्कूल सार्वजनिक स्थल का चयन कर लिया जाये। उन्होंने योग हेतु मास्टर ट्रेनर की सूची बनाने के निर्देश दिये तथा योग स्थल पर एम्बुलेन्स, चिकित्सक, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

# कॉलोनाइजर पर जमीन को कब्जाने का आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर स्थित ग्रीनवैली मंडप के पास काटी जा रही अवैध कॉलोनी के कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी के आगे स्थित एक जमीन को कब्जाने का आरोप लगाते हुए किसान व उसके परिजनों ने हंगामा किया। जिसके बाद पुलिस व लेखपाल मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। दोनों पक्षों ने जमीन शेयर के हिसाब से बांटकर ले ली। चर्चा रही की यह सरकारी जमीन है जो नगर पंचायत और पीडब्ल्यूडी की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इंचौली थाना क्षेत्र के लावड़ कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर स्थित मंडप के पास काटी जा रही अवैध कॉलोनी के कालोनाइजर पर किसान हसमत रिजवी व उसके परिजनों ने जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया जिसके बाद पुलिस व लेखपाल मौके पर पहुंच गए। पेमाईश हुई लेकिन किसान संतुष्ट नही हुआ और कालोनी में सरकारी जमीन होने का आरोप लगाते हुए कालोनी की पैमाइश की मांग की। इस दौरान कॉलोनाइजर ने पेमाईश कराने से इनकार दिया। सुबह से लेकर शाम तक दोनों पक्षों में गहमा-गहमी का माहौल रहा। जिसके बाद मंगलवार शाम को दोनों पक्षों में शेयर के हिसाब से जमीन बांटने पर सहमति बनी लेकिन चर्चा है कि जिस जमीन को दोनों पक्ष बांटने पर विवाद कर रहे है वह जमीन नगर पंचायत और पीडब्लूडी की है।

मामले में ईओ मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि मामले को लेकर नायाब तहसीलदार राहुल सिंह पहुंचे और तय हुआ कि बुधवार को तहसील से टीम पहुंचेगी और उक्त जमीन की पुन: जांच करेगी। अगर उसमें सरकारी जमीन पाई जाती है तो उसको खाली कराया जाएगा।

"मीठेपुर मार्ग पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी में नगर पंचायत की भूमि होने की सूचना मिली है जिसे जांच कराकर कब्जा मुक्त कराया जाएगा। सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाला चाहे जो भी हो उसके खिलाफ कार्रवाई कर भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।"

**-हज्जन आफताब, चेयर पर्सन नगर पंचायत लावड़**

### सरकारी नाली पर कब्जा कर कॉलोनी में मिलाया, ईओ ने खाली कराने के दिए आदेश

मीठेपुर मार्ग पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी में एक मीटर चौड़ी सरकारी नाली को कॉलोनाइजर द्वारा कब्जा कर कॉलोनी में मिला लिया गया जिस पर अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने मौके पर पहुंच कर सख्त लहजे में सरकारी नाली की जमीन को खाली करने के आदेश दिए जिस पर कॉलोनाइजर ने दो दिन का समय मांगा।

### कॉलोनाइजर के बिगड़े बोल, मेरी कॉलोनी की पैमाइश प्रधामंत्री भी नहीं करा सकते

जिस समय बढ़ी हुई जमीन को बांटने के लिए कॉलोनाइजर ओर किसान के बीच हंगामा हो रहा था उस समय स्थानीय चौकी पुलिस व लेखपाल भी मौजूद थे तभी कालोनाइजर के बोल बिगड़ गए और कहा कि मेरी कॉलोनी की जमीन तो प्रधामंत्री भी नहीं नपवा सकते। अब देखना होगा कि अवैध कॉलोनी काट रहे और सरकारी भूमि पर कब्जा कर रहे कॉलोनाइजर पर कोई कार्यवाही होगी या यूं ही सरकारी भूमि पर कब्जे होते रहेंगे।

### किठौर कोतवाली में हुआ सुंदरकांड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कोतवाली में मंगलवार को सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदरकांड में यजमान किठौर थाना प्रभारी बृजेश कुमार पाण्डेय रहे। वहीं पंडित जी विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड के समापन पर किठौर कोतवाली के बाहर मेरठ गढ़ मार्ग प्रसाद स्वरूप भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में एसएसआई उवैश खान, एसआई पृथ्वी सिंह, एसआई गौरव चौधरी, एसआई अभिषेक प्रताप सिंह, एसआई सुमित कुमार, एसआई नितेश कुमार आदि का सहयोग रहा।

# हनुमान जी को चोला चढ़ाकर की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के श्री बूढा शिव मंदिर में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में हनुमान को चोला चढ़ाकर पूजा अर्चना करते हुए सुंदरकांड के पाठ का सुमरण प्रस्तुत किया गया। आचार्य बृजमोहन बिश्नोई ने अपने प्रवचनों में कहा कि ज्येष्ठ माह में पांच वें मंगलवार तक हनुमान जी की कृपा पाने के लिए विशेष दिन है। यदि हनुमान जी की कृपा हो जाए तो व्यक्ति सभी सुखों को प्राप्त कर लेता है।



इन दिनों में किया गया दान विशेष रूप से प्यासे को जल पिलाना, शरबत वितरण, अन्य सेवा कार्य, विशेष पुण्य होते हैं। हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए हनुमान जी को चोला चढ़ाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार जब भगवान श्री राम, माता सीता की खोज में वन भटक रहे थे तब उनकी पहली मुलाकात हनुमान जी से हुई, हनुमान जी उस समय एक ब्राह्मण के रूप में राम व लक्ष्मण से मिले थे। यह भेंट ज्येष्ठ महीने के मंगलवार को हुई थी। इसलिए इस दिन से ही भगवान राम और हनुमान जी के अटूट संबंध की शुरुआत मानी जाती है। इस दौरान अश्वनी बिश्नोई, अजय शर्मा, नरेंद्र खटीक, कृष्ण गोपाल उर्फ पप्पू सैनी, मंदिर समिति के प्रधान मनोज बिश्नोई, ज्ञानेंद्र धीमान, अंकुश गोयल, अमन मोगा के अलावा श्रद्धालुओं में सुभाष प्रधान, मोनिंदर चौधरी, महावीर मुनीम, अंकुर, सभासद कुसुम लता देवी, प्रधानाचार्य विनोद कुमारी आदि शामिल रहे हैं।

# मेरठ कॉलेज में नेक मूल्यांकन की हुई एक दिवसीय कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ कॉलेज मेरठ के डॉ. राम कुमार गुप्ता सभागार में मंगलवार को आंतरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नेक मान्यता हेतु तैयारी-ए रोड मैप टू इंस्टीट्यूशन एक्सीलेंस था। इसमें शारदा विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. मृदुल धरवाल ने naac द्वारा प्रस्तावित नई मूल्यांकन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने संस्थागत प्रत्यायन और रैंकिंग की आवश्यकता, उसकी प्रक्रिया, लाभ और इसके लिए आवश्यक दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. धरवाल ने बताया कि कैसे संस्थान गुणवत्ता, नवाचार, दस्तावेजी करण, नेतृत्व, पर्यावरणीय जागरूकता और सतत् विकास जैसे क्षेत्रों में सुधार कर उच्चतर रैंकिंग प्राप्त कर सकते हैं। इस व्याख्यान में उन्होंने NAAC की नई प्रणाली के अंतर्गत आने वाले दस प्रमुख मापदंडों का भी उल्लेख किया, कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर योगेश कुमार द्वारा किया गया। मृदुल का परिचय प्रदान करते हुए उनका स्वागत महाविद्यालय के छात्र अधिष्ठाता प्रोफेसर सीमा पवार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार प्रोफेसर नरेंद्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर विनीता, प्रेस प्रवक्ता प्रोफेसर चंद्रशेखर भारद्वाज, डॉ. गौरव बिष्ट, डॉ. पंकज कुमार आदि रहे।

# मेडिकल कॉलेज में मनाया गया विश्व क्लब फुट दिवस

## जन्मजात विकृति क्लब फुट से पीड़ित बच्चों के इलाज हेतु आयोजित विशेष कार्यक्रम का प्राचार्या ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ पश्चिमी यू पी का एक काफी पुराना राजकीय चिकित्सालय है जो कई वर्षों से लगातार छात्रहित व जनहित में अपनी सेवाएं दे रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मेडिकल कॉलेज मेरठ के अस्थि रोग विभाग में जन्मजात विकृति क्लब फुट से पीड़ित बच्चों के इलाज हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता तथा उप-प्राचार्य एवं अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर टोंक ने संयुक्त रूप से किया। उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता ने कहा कि क्लब फुट एक जन्मजात विकृति है, जिसमें शिशु का पैर अंदर की ओर मुड़ा होता है। यदि इसका समय रहते उपचार न किया जाए, तो यह आजीवन विकलांगता का कारण बन सकता है। डॉ. ज्ञानेश्वर टोंक ने जानकारी दी कि क्लब फुट एक वैश्विक समस्या है, जिससे हर वर्ष लगभग 2 लाख नवजात प्रभावित होते हैं। भारत में यह विकृति हर 1,000 नवजात में 1 से 2 बच्चों में पाई जाती है, जिससे वार्षिक रूप से लगभग 30,000 नए मामले सामने आते हैं।

दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीकी देशों में इसकी घटनाएं अपेक्षाकृत अधिक हैं, जहाँ जागरूकता और उपचार सुविधाओं की कमी के कारण कई बच्चे विकलांगता की ओर अग्रसर हो जाते हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कृतेश मिश्रा ने बताया कि क्लब फुट के उपचार में पोंसेटी विधि (Ponseti Method) अत्यंत प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित तकनीक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि क्लब फुट एक पूरी तरह से ठीक की जा सकने वाली स्थिति है, बशर्ते इसका इलाज समय से और सही तरीके से किया जाए। इस विधि में चरणबद्ध तरीके से प्लास्टर कास्टिंग की जाती है, जिससे विकृत पैर धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आ जाता है। आवश्यकता होने पर टेनेटॉमी नामक एक छोटा सा ऑपरेशन किया जाता है और फिर विशेष प्रकार के ब्रेस पहनाए जाते हैं। मेडिकल कॉलेज में उपचार की यह सुविधा पूर्णतया निशुल्क उपलब्ध है। वर्तमान तक मेडिकल कॉलेज में क्लब फुट के 545 मरीजों का उपचार किया जा चुका है। प्रति वर्ष क्लब फुट के 110 नए मरीज रजिस्टर किए जाते हैं।

कार्यक्रम में भाग ले रही क्योर इंटरनेशनल की काउंसलर मंजू ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में क्लब फुट के बच्चों को काउंसलिंग की सुविधा एवं उपचार के उपरांत ब्रेस की सुविधा क्योर इंडिया संस्था द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत रोगियों की पहचान, नियमित प्लास्टर कास्टिंग, टेनेटॉमी, ब्रेसिंग सुविधा तथा माता-पिता को परामर्श एवं मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुमित अग्रवाल, डॉ. शशांक जिंदल, डॉ. मानवेंद्र गौड़, डॉ. पंकज राठौर, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. क्षितिज, डॉ. सचिन और डॉ. नितिन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इस सुविधा का लाभ उठा चुके दो दर्जन से अधिक बच्चे एवं उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. आर. सी. गुप्ता ने इस पहल को जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और आमजन से अपील की कि इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा क्लब फुट से ग्रस्त बच्चों का समय रहते इलाज कराकर उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर करें। साथ ही साथ प्राचार्य महोदय ने अस्थि रोग विभाग को ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु शुभकामनाएँ दीं।

# दो लाख की रिश्वत लेकर सड़क पर लगवा दीं हलवा पराठा की अवैध दुकानें

## नगर निगम व पुलिस ने लगाया राजस्व को चूना, योगी राज में भी खुलेआम हो रहे अवैध काम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में नौचंदी मेला शुरू हो चुका है जिसके टेंडर से प्रदेश सरकार को राजस्व की प्राप्ति हुई है लेकिन इस नौचंदी मेले के बीच नगर निगम और स्थानीय पुलिस ने मिलकर उत्तर प्रदेश सरकार को मिलने वाले राजस्व पर भी अपनी रिश्वतखोरी की चादर फैला दी है। एक और जहां नौचंदी में ठिया लगाने को लेकर दुकानदारों ने लाखों रुपए दिए हैं। वहीं सरकार को बिना पैसे दिए कुछ लोगों की अवैध दुकाने नगर निगम व स्थानीय पुलिस की मिली भगत से सड़क पर ही लग गई हैं। तिरंगा गेट के सामने हलवा परांठे की अवैध दुकानें सड़कों पर ही लगा दीं गई हैं जिनकी एवज में हलवा परांठे वालों से दो लाख रुपए की रिश्वत ली गई है। एक तरफ नगर निगम और स्थानीय पुलिस अवैध काम और अवैध कब्जेधारियों को धमका रही है वहीं दूसरी तरफ पैसे लेकर अवैध दुकानें भी लगवाई जा रही हैं और इसमें सबसे मजेदार बात यह है कि तिरंगा गेट के सामने वाली जिस सड़क पर यह बड़े-बड़े बाजार सजा दिए गए हैं उसके ठीक सामने पुलिस चौकी है और उस सड़क सरकारी निर्माण कार्य चल भी रहा है जिसकी वजह से रोड से लोगों का आवागमन भी मुश्किल हो गया है। रात के समय तो यहां पर पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर अधिकारियों को योगी सरकार के साथ-साथ ना तो मेरठ के डीएम का डर है और ना ही यातायात बाधित होने का। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हलवा पराठा बेचने वाले इन दुकानदारों ने जहां पर अपनी बड़ी-बड़ी अवैध दुकान सड़क पर ही लगा दी हैं इसकी एवज में उन्होंने दो-दो लाख रुपए की रिश्वत दी है और इस रिश्वत को कुछ लोगों ने मिलकर आपस में बांट लिया है जिसकी वजह से स्थानीय पुलिस भी यहां के हलवे पराठे का स्वाद चख रही है। स्थानीय पुलिस पर इन अवैध दुकानों को संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं।

आपको बता दें की सड़क पर यह बड़ी-बड़ी दुकानें सजाने के लिए फूड विभाग और नगर निगम से परमिशन लेनी पड़ती है लेकिन यहां तो सारी परमिशन रिश्वत के सामने कूड़े के ढेर जैसी है। फिलहाल यहाँ सड़क पर जिन लोगों ने खुलेआम अवैध दुकाने लगाई हैं उनमे आसिफ हलवा पराठा वाला, आरिफ तिरंगा होटल, न्यू राजरानी होटल तिरंगा गेट के सामने लगी हुई हैं। वहीं ताला फैक्ट्री के पास राजधानी होटल भी इसी कतार में है और यह सब थाना लिसाड़ी क्षेत्र में आता है। खुलेआम सड़क पर जिस तरीके से यह दुकानें सजी हैं उससे नगर निगम अनजान बना बैठा है। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर कोई गरीब छोटा सा कोई ठिया या दुकान लगा ले तो उसे पुलिस वाले वहां से भगा देते हैं लेकिन जिन लोगों ने गुलाबी नोटों की रिश्वत दी हो उन्हें कौन हटाए। अब इसमें सबसे बड़ी मजेदार बात यह है कि जहां पर यह अवैध हलवे पराठे की दुकानें सजी हैं वह ठीक इस्लामबाद पुलिस चौकी के सामने हैं। अब देखना है कि मेला नौचंदी के बीच रिश्वत के इस हलवा पराठे के मेले पर कोई कार्रवाई होती है या नहीं।

### मां बगलामुखी धाम में मनाया गया माता धूमावती प्रकट्य दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** माँ धूमावती जयंती पर्व ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है। इस दिन विशेष रूप से मां धूमावती की पूजा की जाती है, जो दस महाविद्याओं में से एक हैं। उनके बारे में मान्यता है कि वे विधवा रूप में पूजी जाती हैं और उनका वाहन कौआ है। मंगलवार को माता धूमावती प्रकट्य दिवस पर शहर के प्रमुख मंदिर मां बगलामुखी धाम यज्ञशाला श्री दक्षिणेश्वरी काली पीठ प्राचीन वन खंडेश्वर महादेव शिव मंदिर कैलाश प्रकाश स्टेडियम चौराहा साकेत मेरठ मंदिर में हवन पूजन के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया।

### डॉ. शुभनीश त्यागी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को मेरठ के वरिष्ठ नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभनीश त्यागी की 21वीं पुण्यतिथि पर आज उनके परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनकी पत्नी डॉ. सरिता त्यागी तथा अन्य परिजनों ने हवन-पूजन का आयोजन कर उनकी स्मृतियों को नमन किया। इस मौके पर डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. उमेश त्यागी, विपुल सिंघल, मनोज त्यागी, देवेंद्र गोयल, राखी गुप्ता, नूतन जैन, उमा गुप्ता, योगिता नौसरान, राजेंद्र कुमार , प्रफुल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. शुभनीश त्यागी के व्यक्तित्व, उनकी सेवाभावना और चिकित्सा क्षेत्र में योगदान को याद किया।

## बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** मेरठ दबथवा के गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में किसान वैज्ञानिक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बागपत के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान के परतापुर काशी टोल प्लाजा पर पहुंचने पर राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय सचिव रिशु बढला, निमेष भाटी, आसिफ सैफी, प्रीत सिंह, हर्षित, सचिन चौधरी आदि कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से बागपत सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान का भव्य स्वागत किया। इस दौरान डॉ. राजकुमार सागवान ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का कुनबा बढ़ता जा रहा है तथा युवाओं को आगे बढ़कर राष्ट्रीय लोकदल पार्टी को शीर्ष पर ले जाने का काम करना है तथा पार्टी के हाथों को मजबूत बनाना है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रशांत चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर, प्रताप लोहिया, संजय कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराना' के अनुरूप, बैंक ने अपने सभी कर्मचारियों एवं ग्राहकों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत मंगल पाण्डेय नगर (सेक्टर-1) स्थित पार्क की साफ-सफाई तथा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित कुल 65 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार खरे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, यह हमारी दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए। बैंक अपने सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत हर वर्ष इस दिन को विशेष रूप से मनाता है। उप क्षेत्रीय प्रबन्धक परिमल किशोर ने कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और 'पेपरलेस बैंकिंग' को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

### भाजपा नेता ने ऑल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के चीफ से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काजी शादाब ने मंगलवार को ऑल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के चीफ इमाम डॉ. इमाम उमर अहमद इलियासी से नई दिल्ली स्थित इमाम आर्गेनाइजेशन के केंद्रीय कार्यालय पर खूसूसी मुलाकात की और बुके देकर उनका सम्मान किया। इस दौरान काजी शादाब ने चीफ इमाम से मुस्लिम समाज से जुड़े कई अहम मामलों पर चर्चा की। काजी शादाब ने चीफ इमाम को मेरठ आने का न्यौता भी दिया। इस मौके पर फिरोज, हबीब अंसारी, दिलदार सैफी, रईस अंसारी, शाहनवाज खान, दानिश वारसी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मुस्लिम समाज पर्दे का ख्याल करते हुए करे कुर्बानी: मुफ्ती सैय्यद असजद अली कासमी

### युवा सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर न करें अपलोड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के सराय वाली मस्जिद के इमाम असजद अली कासमी ने मुस्लिम समाज के लोगों से ईद उल अजहा के मौके पर अपील करते हुए कहा है कि बकरा ईद यानि ईद-उल-अजहा का त्योहार पूरी दुनिया के मुसलमानों के दो बड़े त्योहारों में से एक है जिसमें पूरी दुनिया में अमनो अमन एवं सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाएं। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से प्रेस वार्ता में कहा कि ईद उल अजहा के मौके पर कुर्बानी करते समय पर्दे का ख्याल करें, खुले में कुर्बानी न करें। जानवरों के अवशेष गली मोहल्ले में न फैंके। कुर्बानी करते समय वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर न डालें। अपने क्षेत्र एवं कस्बे को साफ एवं स्वच्छ रखें। मुस्लिम समाज आपस में भाईचारा कायम करते हुए इस त्यौहार को सादगी एवं सौहार्द के साथ मनाये। मुस्लिम समाज के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अपने वाहनों पर चलते समय स्टंटबाजी, एवं बाइको में पटाखे जैसे बम न फोड़ें। मुस्लिम समाज के लोगों से दूसरे समाज को कोई परेशानी ना आये तभी हमारा त्यौहार कामयाब होगा। अपने धर्म की इबादत कर देश के अमनो अमान की दुआ करें, और इस त्यौहार पर शासन प्रशासन का सहयोग करें।

## पिकअप से टकराया डम्पर, युवक घायल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गजरौला मार्ग पर बिजली घर के सामने गजरौला की दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित बजरी से लदे डंपर ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप में टक्कर मारने के बाद बजरी से लदा डंपर सामने से आ रही कार में जा घुसा। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि पिकअप में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चालक एवं डंपर को कब्जे में लिया है। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दमगड़ा निवासी महिला पुरुष एवं बच्चे पिकअप में सवार होकर गजरौला थाना क्षेत्र के गांव शीशो वाली रिश्तेदारी में भात में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पिकअप को गांव निवासी चालक कैलाश चला रहा था। जैसे ही पिकअप गजरौला मार्ग पर बिजली घर के सामने पहुंची तो सामने से आ रहे बजरी से लदे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिकअप में बैठा सुरेश पुत्र हरिराज घायल हो गया। पिकअप में टक्कर मारने के बाद डंपर सामने से आ रही वैगन आर कार में घुस गया। जिससे मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने डंपर चालक को पकड़ लिया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और डंपर चालक तथा डंपर को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। वहीं घायल सुरेश को तत्काल नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

# बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे ने खुद को गोली से उड़ाया

### बसपा नेता अपनी पत्नी को दवाई दिलाने गये थे मेरठ, पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से की आत्महत्या





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामौतार सिंह के बेटे ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के घर पहुंचने पर खून से लथपथ शव देकर उनकी चीख निकल गयी। पुलिस ने मृतक का मोबाइल व घर के सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर कब्जे में लिया है। परिजन फिलहाल कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है। घटना के समय रामौतार सिंह अपनी पत्नी को दवाई दिलाने मेरठ गये थे जबकि बेटी भी उनके साथ गयी थी। घर में एकमात्र उनका बेटा ही था।

रूप से नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव खण्डसाल कलां निवासी रामोतार सिंह बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हैं। वर्तमान में वह परिवार के साथ नगर की आवास विकास कालोनी में रहते हैं। परिवार में पत्नी किरन देवी, एक बेटा अश्वनी व बेटी अलका हैं। बेटा व बेटी सीए की तैयारी कर रहे हैं। अमरोहा में ही दोनों कोचिंग करते थे। अब सोमवार को रामोतार सिंह पत्नी किरन देवी की दवाई लेने मेरठ गए थे। बेटी अलका भी उनके साथ गई थी। घर पर केवल बेटा अश्वनी ही रह गया था। स्वजन की गैरमौजूदगी में अश्वनी ने घर में रखी पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। रात लगभग 10:30 बजे रामोतार सिंह पत्नी व बेटी के साथ घर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। सबसे पहले बेटी अलका घर में गई तो वहां भाई का खून से लथपथ शव देख कर चीख निकल गई। थोड़ी देर में आसपास के लोग भी आ गए थे। सीओ शक्ति सिंह व प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर भी फोरेंसिक टीम के साथ आ गए। आत्महत्या के कारण स्पष्ट नही हो सके हैं। हालांकि घर में लूटपाट जैसी कोई बात सामने नहीं आई है, न ही कोई सुसाइड नोट मिला है। रिवाल्वर शव के पास पड़ा था। हालांकि बदहवास स्वजन कुछ बताने की स्थिति में नही हैं, लिहाजा पुलिस ने मृतक का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। घर पर लगे सीसीटीवी की फुटेज के लिए डीवीआर भी पुलिस ने कब्जे में ली है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पड़ोसियों ने भी गोली चलने की आवाज सुनने से इन्कार किया है। सीओ ने बताया कि घटना की प्रत्येक बिंदु को ध्यान में रख कर जांच की जा रही है। उधर बसपा के जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट, पूर्व लोकसभा प्रभारी मुजाहिद हुसैन, पूर्व सांसद गिरीशचंद समेत तमाम पार्टी के नेता उनके आवास पहुंचे तथा परि. जनों को सांत्वना दी।

### अभियान के तहत 71 वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले में चले विशेष अभियान के तहत अमरोहा पुलिस ने 71 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में चले अभियान में शहर कोतवाली व नौगावां सादात थाना पुलिस ने आठ-आठ, अमरोहा देहात, महिला थाना व आदमपुर पुलिस ने दो-दो, रजबपुर, रहरा, मंडी धनौरा व बछरायूं थाना पुलिस ने तीन-तीन, डिडौली व हसनपुर कोतवाली पुलिस ने दस-दस, गजरौला पुलिस ने पांच तथा सैदनगली पुलिस ने 12 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।**

वाद संख्या 419 सन् 2024

1- श्रीमती बबली पत्नी अशोक कुमार निवासी ग्राम सैफपुर फिरोजपुर परगना हस्तिनापुर तहसील मवाना जिला मेरठ। ...........**वादीगण**

**बनाम**

1- ओमप्रकाश, 2- सूरजभान, 3- गुलाब सिंह, 4-कमल सिंह पुत्रगण बलबीर निवासी ग्राम निधापुरी तीलनगर मजहरा सैफपुर फिरोजपुर परगना हस्तिनापुर तहसील मवाना जिला मेरठ।, 5- चम्पाकली पत्नी भगत सिंह निवासी ग्राम सैफपुर फिरोजपुर तहसील मवाना जिला मेरठ।, 6-ग्राम पंचायत नूनीखेडी परगना भु0स0 तहसील जानसठ जिला मु0नगर द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मजकूर। .........**प्रतिवादीगण**

वाद अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 अधिनियम ग्राम मोमीनपुर फैजू परगना भु0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप तारीख 06 माह 06 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदका का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज तारीख 21 माह 05 सन् 2025 जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**उपजिलाधिकारी जानसठ।**

## हादसे में किसान के इकलौते बेटे की मौत

### अज्ञात वाहन ने बाइक में मार टक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अतरासी-अमरोहा मार्ग पर सोमवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत हो गई। मृतक किसान का इकलौता बेटा था। परिजनों ने बगैर कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव रज्जाकपुर में किसान हरपाल कश्यप का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी गुड्डी देवी के अलावा 23 वर्षीय बेटा धर्मेंद्र कश्यप था। धर्मेंद्र ने इसी साल शहर के जेएस हिन्दू डिग्री कॉलेज से बीए पास किया था। परिजनों के मुताबिक सोमवार शाम वह एक दावत में जाने की बात कहकर घर से निकला था। रात करीब साढ़े नौ बजे धर्मेंद्र अपाचे बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। अमरोहा-अतरासी मार्ग स्थित गांव सूदनपुर के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, सूचना मिलते ही पप्सरा चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। खबर मिलते ही परिजन भी आ गए, पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और कागजी औपचारिकता पूरी करते हुए अपने शव घर ले गए। एसओ कोमल तोमर ने बताया कि परिजनों के मना करने पर मामले में पुलिस स्तर पर कार्रवाई नहीं की गई है। मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# पूर्व एमएलसी ने किया सीसी रोड का शिलान्यास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा विधायक व लोकलेखा समिति के सभापति महबूब अली की विधायक निधि से गांव हरियाना में सीसी व नाली निर्माण कार्य व सभापति द्वारा लोक निर्माण विभाग को प्रस्तावित डिडौली कैलसा नन्हेंड़ा अल्यारपुर मार्ग पर इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास पूर्व एमएलसी परवेज महबूब अली ने किया। पूर्व एमएलसी ने कहा कि काफी लंबे समय से इन सड़कों आदि की मरम्मत व अन्य कार्यों की मांग सामने आ रही थी। पूर्व एमएलसी ने कहा कि विधायक महबूब अली के प्रयासों से अमरोहा विधानसभा क्षेत्र में काफी सड़कों का निर्माण कार्य होता आ रहा है। क्षेत्र के विकास के लिये सड़कों का सही होना बहुत जरूरी है। इन सड़कों के कार्य से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ पहुंचेगा। इस मौके पर मुंशाब, कमर आलम, शकील, अरशद रजा, जुनैद, तौसीब, तौकीर, युनुस, गजेन्द्र सिंह, लाल सिंह, सोमपाल सिंह, हेमराज सिंह, चरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# खुले में न करें कोई कुर्बानी, कुर्बानी के स्थल रहे परंपरागत:डीएम

## बकरीद के त्यौहार को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने की जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 7 जून को ईदुज्जुहा (बकरीद) को देखते हुए जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृण बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय में संबंधित अधिकारियों के साथ व मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों, मौलवियों, मुतवल्लियों एवं धर्मगुरूओं के साथ शांति समिति की बैठक करते हुए शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद मनाने का आवाहन किया। जिलाधिकारी ने बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त धर्म गुरुओं से उनके समस्याएं और सुझाव लिए और जो सुझाव आए उन पर संबंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया जाए। साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए।



जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों के आस पास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूडा ट्राली तथा बडे डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। कुर्बानी दिये जाने वाले पशुओ के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिए गड्ढे खुदवा ले। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होने पुलिस एवं जिला प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम किये जाये। समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस व थानाध्यक्ष सुनिश्चित करे कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसके लिए पहले से ही तैयारी पूर्ण कर लें। कुर्बानी के उपरान्त खून तथा बचे हुए अवशेष को सही एवं उचित स्थान पर डिस्पोज करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नमाज केवल मस्जिदों में ही पढ़ी जाये। सार्वजनिक स्थलों व सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाये। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने कहा कि ईदुलजुहा बकरीद तथा आगामी त्यौहारों को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से समस्त व्यवस्थाओं को ससमय सुनिश्चित कर लिया जायेगा। उन्होंनें उपस्थित सभी लोगों से कहा कि शासन के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा.तीरथ लाल, अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी समस्त थानाध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी नगर पालि.का/नगर पंचायत, तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजन, मौलवी, मुतवल्ली, धर्मगुरू आदि मौजूद रहे।

## पानी को लेकर पक्षों में चले लाठी-डंडे, दो घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के लुहारा गांव में पानी को लेकर मुस्लिम बिरादरी के दो पक्षों - जाहिद और नूरहसन के बीच यह झगड़ा हुआ। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले और पथराव भी हुआ।

इस घटना में एक पक्ष की एक महिला और दो युवक घायल हुए हैं। घायलों का मेरठ के अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित पक्ष ने थाना पुलिस पर मामले में कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। सिंघावली अहीर पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दे रही है।

## रेत हटाने को लेकर दो पक्षों में हुई झड़प, चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सोमवार देर रात रेत हटाने को लेकर मामूली कहासुनी होने पर दो पक्षों में विवाद हो गया, जोकि हिंसक झड़प में बदल गया। इस घटना में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हुए।

घटना शहिदु पुत्र इशाक और अनस पुत्र शाकिर के बीच हुई। घर के बाहर पड़ी रेत को हटाने को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। आरोप है कि अनस ने शहिदु पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। हंगामा सुनकर जब शहिदु का पुत्र नासिर मौके पर पहुंचा, तो अनस ने अपने भाई दानिश और करीब पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर उस पर भी हमला किया। इस झड़प में एक पक्ष से शहिदु, उसका बेटा



नासिर और राशिद घायल हुए। दूसरे पक्ष से अनस को चोटें आईं। खेकड़ा पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उनका इलाज चल रहा है। खेकड़ा पुलिस मौके पर पहुंच गई है। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बिनौली ओवरब्रिज नहीं हुआ शुरू, लोगों को हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के बिनौली रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओव.रब्रिज को अधिकारियों ने एक जून को वाहनों के लिए खोलने का दावा किया, मगर उसे नहीं खोला जा सका। अधिकारियों का दावा भी खोखला निकला क्षेत्र के लोगों को करना पड़ रहा है भारी परेशानी का सामना यात्रियों ने भी जल्द निर्माण पूरा करने की मांग की यहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है। अब अधिकारियों की ओवरब्रिज को जून के अंतिम सप्ताह में खोलने की तैयारी की है। रेलवे ट्रैक के ऊपर ब्रिज जंक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ओव.रब्रिज के दोनों ओर सड़क भी तैयार कर दी है। लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। विभागीय अधिकारियों ने मई माह



में दावा किया था कि एक जून से ओवरब्रिज को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। मगर ऐसा नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। फिलहाल अंडरपास से छोटे वाहनों का आवागमन हो रहा है। जहां वाहनों की लंबी कतारें और जाम की स्थिति आम बात हो गई है। पिछले तीन साल से लोग ओव.रब्रिज के खुलने का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार अब जून के अंतिम सप्ताह में इसे वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। इसके खुलने लोहड्डा, बाजिदपुर, जौहड़ी, अंगदपुर, जिमाना गुलियाना माखर बिजवाडा सिरसली बिनौली आदि बीस से ज्यादा गांवों के लोगों को फायदा होगा। क्षेत्र के लोगों ने जल्दी निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है।

## एक नजर

### युवती को बहका फुसलाकर ले गया पुजारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** क्षैंत्र के एक गांव में एक बालिग युवती को मंदिर के पुजारी बहका फुसलाकर अपने साथ ले गये जिससे परिजन उनकी तलाश में लगे है। वही पुलिस को भी सूचना दी है।

चांदीनगर क्षैंत्र के एक गांव के शिव मंदिर में एक पुजारी रहता है जो गांव की एक युवती को बहका फुसलाकर अपने साथ ले गया जिससे परिजनों ने युवती की तलाश भी की लेकिन पता नही चल पाया है। पीड़ित परिवार ने थानें पहुंच तहरीर देते हुए युवती की बरामदगी की मांग की है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है युवती बालिग है और दोनो का पता लगाया जा रहा है।

### वैज्ञानिकों ने किसानों को बताए फायदे की खेती के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिकों ने कई गांवों में किसानों के बीच पहुंचकर फायदे की खेती के गुर बताए। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जी अब्राहम ने कहा कि जैविक कचरा खेती की जान है, इसलिए इसे आग में झोंककर नुकसान न पहुंचाए।

वैज्ञानिक डॉ.जी अब्राहम ने दौलतपुर गांव में किसानों को समझाया कि पूसा वेस्ट डी-कंपोजर से जैविक कचरा यानी फसल अवशेषों को खाद में तब्दील करें। वेस्ट डी-कंपोजर को गाय के गोबर से बनाया जाता है, जिसमें सूक्ष्म जीवाणु होते हैं। सूक्ष्म जीवाणु फसल अवशेष, गोबर और अन्य जैविक कचरे को खाते हैं, जिससे जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है। मिट्टी के भौतिक तथा रासायनिक गुणों में सुधार होने से मिट्टी अधिक उपजाऊ होती है। डी-कंपोजर का उपयोग यूरिया, डीएपी आदि रसायनों की जरूरत कम करता है। बीजों को मिट्टी से होने वाली बीमा.रियों से बचाता है, जिससे बेहतर अंकुरण होता है। पर्यावरण बिगड़ने से बचता है। वैज्ञानिक डा.भरत एच गावड़े तथा वैज्ञानिक डा.राजू कुमार ने फसल उत्पादन तथा फसल सुरक्षा के लिए उपयोग होने वाले मोबाइल एप की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के पादप सुरक्षा वैज्ञानिक डा. शिवम सिंह ने गन्ना, धान, भिंडी, मिर्च में लगने वाले रोग एवं कीट से बचाव के लिए जैविक प्रबंधन की जानकारी दी। वहीं, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के ही प्रधान वैज्ञानिक डा.जीके महापात्रा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.ईरा वैद्य तथा डा.मोहम्मद अशरफुल हक ने ग्राम सिखेड़ा, पटौली, राजपुर खामपुर, सुल्तानपुर हटाना, खेड़ा इस्लामपुर में किसानों से संवाद कर फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक की आधु.निक तकनीक की जानकारी देकर उनको अपनाने के लिए आहवान किया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक डा.अतुल कुमार, वैज्ञानिक डा.अशोक कुमार ने ग्राम हसनपुर मसूरी, डूंडाहेड़ा तथा नूरपुर खालसा और काठा आदि गांवों में किसानों को खेतीबाड़ी की जानकारी दी।

### युवक पर दो युवकों ने लाठी डंडों से हमला कर की तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** दोझा गांव में परिचित से मिलने गए बड़ौत निवासी राजीव तोमर पर दो युवकों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने राजीव तोमर की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। राजीव ने बताया कि 24 मई की रात दोझा गांव में अपने दोस्त संजय त्यागी के घर गया था। गांव के बाईपास पर खड़े दिनेश और मामन ने गाड़ी रुकवा ली। इसके बाद गाड़ी में तोड़फोड़ करते हुए हमला कर घायल कर दिया। राहगीरों के आने पर दोनों हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भग गए। पुलिस का कहना है कि दिनेश और मामन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पथराव करने वाले 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** शबगा गांव में गली में गेट का निर्माण कराने को लेकर लक्ष्मी और निर्मला पक्ष के बीच हुए झगड़े में पुलिस ने कार्रवाई कर दी। इसमें निर्मला की तहरीर पर मारपीट और पथराव करने के आरोप में पुलिस ने धर्मवीर, वरूण, लक्ष्मी, सीमा, आकांक्षा, वर्णिका, भावना, प्रीती, भारती, राजकुमारी, विरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

शबगा गांव की निर्मला ने बताया कि वह अपने मकान के गेट का निर्माण कर रही थी, तभी पड़ोसी पड़ोसी धर्मवीर, वरुण, लक्ष्मी, सीमा, आकांक्षा, वर्णिका, भावना, प्रीती, भारती, राजकुमारी, विरेंद्र ने उसके घर पर आकर ईंटों से पथराव किया और उसकी बेटी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। वहां गए पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्रता की गई। शबगा गांव में हुए झगड़े के बाद निर्मला ने एसपी से शिकायत कर आरो.पियों को गिरफ्तार करने की मांग की। उधर, दूसरे पक्ष की महिलाओं ने निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। इस मामले में पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बिजलीकर्मी पर चार हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को रटौल थानाक्षेत्र के ललियाना गांव में किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। चार हफ्तों से टूटे पड़े बिजली के तार और नलकूप ठप होने से परेशान किसानों ने चमरावल बिजलीघर पर जबरदस्त प्रदर्शन और हंगामा किया। किसानों का आरोप है कि बिजलीकर्मी तार जुड़वाने के बदले उनसे चार हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। यही नहीं, मोबाइल पर बात.चीत की एक ऑडियो क्लिप भी सामने आई है, जिसमें कथित तौर पर एक बिजलीकर्मी चार खंभों के तार जोड़ने की एवज में पैसे मांगता सुनाई दे रहा है। गांव में एक महीने पहले आई आंधी के कारण जंगल क्षेत्र में बिजली के खंभे और तार टूट गए थे, जिससे चार नलकूप बंद पड़े हैं। किसानों की गन्ना, ज्वार और



सब्जियों की फसल सूखने की कगार पर पहुंच चुकी है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मांग की कि तत्काल टूटे तार जोड़े जाएं और दोषी बिजलीकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस मामले ने गांव में प्रशासनिक लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसान साफ कह रहे हैं। अगर अब भी कार्रवाई न हुई, तो आंदोलन और उग्र होगा। प्रदर्शन करने वाले किसानों में सुभाष, कृष्णा देवी, राजकुमार, संदीप, सन्नी, आकाश, संगीता, लोकेन्द्र और दीपक प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## बैठक में समाज के लोगों ने मुख्य मुद्दे पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जांगिड़ ब्राम्हण महासभा की एक बैठक विकास जांगिड़ उर्फ (जोली) के निवास स्थान बावली चुंगी पर हुई। बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र जागिड पूर्व प्रधान तथा संचालन सत्यप्रकाश जागिड ने किया। बैठक मे विश्वकर्मा समाज की जनगणना पर चर्चा की गयी। बैठक मे मुख्य मुद्दा विश्वकर्मा धर्मशाला कैनाल रोड़ मे प्रथम तल पर एक हाल का निर्माण अतिशीघ्र कराने का प्रस्ताव रखा गया। समाज के सभी लोगो ने इस पर सहमति जताई। विश्वकर्मा समाज के होनहार बच्चे जो निर्धन परिवार से है उनकी शिक्षा दीक्षा का खर्च समाज वहन करे इस पर भी चर्चा हुई। बैठक मे मुख्य रूप से बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद बडौत जांगिड़ ब्राह्मण समाज के



वरिष्ठ नेता राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि हम सब लोगों को एकजुट होकर समाज की सेवा करने में अहम भूमिका निभानी होगी तभी जाकर समाज एक सूत्र में बंध कर काम करेगा। गांव गांव जाकर भी हमें समाज के प्रति जागरूकता फैलानी होगी। हम सब लोगों को मिलकर समाज की एकता को कायम करना होगा। उन्होंने समाज में युवाओं से आहवान किया कि युवा वर्ग हर महीने युवाओं की बैठक करके समाज को एकजुट करने का काम करें। इस मौके पर मदन शर्मा सुरेश शर्मा सोमदत रमेश जागिड राकेश विश्वकर्मा पूर्व सभासद मुकेश जागिड देशपाल जागिड पवन मास्टर ओमदत्त जांगिड़ आदि उपस्थित थे।

## लोहयुग के अस्त्र-शस्त्रों पर भारत सरकार के सहयोग से किया जाएगा शोध:अमित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वरिष्ठ पूराविद डा.धर्मबीर शर्मा मंगलवार को बड़ौत के शहजाद राय शोध संस्थान में इतिहासकार डा. अमित राय जैन से मिलने पहुंचे। डा. जैन से मिलकर धर्मबीर शर्मा ने कहा कि शहजाद राय शोध संस्थान में संग्रहित लोहयुग के अस्त्र शस्त्रों का दुर्लभ संग्रह मौजूद है, जिस पर वैश्विक रूप से शोध एवं अनुसंधान किए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि शहजाद राय शोध संस्थान में मौजूद संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों से संग्री.हत लोहयुग के हथियार संग्रह में कुल्हाड़ी, हथौड़े और विभिन्न प्रकार के कृषि कार्यों में प्रयोग होने वाले उपकरणों का अत्यंत दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण संग्रह है। आवश्यकता है कि भारत की प्राचीन लोहे को गलाने एवं लोहे के उपयोग की प्रणाली से पर्दा उठाने के लिए इस संग्रह पर विश्व स्तर का शोध किया जाए। आज उनके आने का उद्देश्य सिनौली, तिलवाड़ा से भारत में पहली बार प्राप्त हुए युद्ध रथ के उत्खनन कार्यों के विषय में चर्चा करना तथा लोहयुग की प्रस्तुत सामग्री पर एक प्रोजेक्ट बनाकर भारत सरकार के माध्यम से कार्बन डेटिंग इत्यादि की व्यवस्था करना है। इस संबंध में इतिहासकार अमित राय जैन ने बताया कि महाराष्ट्र के इनामगांव उत्खनन से 1960 के दशक में पहली बार अच्छी खासी संख्या में लोहे के पुरापाषाण युग के हथियार



एक कब्र से मिले थे जिन पर शोध कार्य के दौरान उनकी आयु के विषय में लोग अज्ञात थे। शहजाद राय शोध संस्थान में भारत की प्राचीन धातु गलन प्रणाली के ताम्रयुगीन शास्त्रों के साथ-साथ लोहे से बने शास्त्रों एवं उपकरणों का भी अच्छा खासा संग्रह मौजूद है, जिस पर विश्व स्तरीय शोध की तैयारी की जा रही है। इस विषय में जानकारी देते हुए वरिष्ठ इतिहासकार डा. अमित राय जैन ने बताया कि यह सभी लोहे से बने हुए अस्त्र-शस्त्र पिछले दो दशकों के दौरान संपूर्ण भारत में भ्रमण करके उन्होंने स्थल निरीक्षण आदि सर्वेक्षणों के दौरान प्राप्त किए हैं, जिस पर अब इतने लंबे समय के बाद एक विशिष्ट प्रोजेक्ट बनाकर के भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को भेजा जा रहा है, ताकि इन अस्त्र शस्त्रों की आयु कार्बन डेटिंग के माध्यम से पता की जा सके तथा उनकी उपयोग आदि के विषय में भी संपूर्ण विश्व को जानकारी प्रदान की जा सके।

## आर्यन सरोहा ने जेईई एडवांस्ड में हासिल की शानदार रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के काकोर कलां गांव में होनहार छात्र आर्यन सरोहा ने जेईई एडवांस्ड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित परीक्षा 18 मई को आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से लाखों छात्रों ने भाग लिया।

आर्यन, जो कि बीएसएफ में कार्यरत मनोज कुमार के पुत्र हैं, ने जेईई एडवांस्ड 2025 में 136 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक (AIR) 6564 हासिल की है। इससे पहले, उन्होंने जेईई मेन में 99प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय पहले ही दे दिया था। आर्यन की यह



सफलता उनकी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का परिणाम है। उनके इस उपलब्धि पर उनके परिवार, शिक्षक और पूरे गांव में खुशी की लहर है। काकोर कलां गांव के लोगों ने आर्यन को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जलभराव की समस्यां से निजात दिलाने की मांग को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददातार**

**बागपत।** बली गांव के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देते हुए बताया कि बली गांव में पानी निकासी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने इस समस्या से निजात पाने के लिए जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है और जांच कराकर नाले को कब्जा मुक्त करवाने की गुहार लगाई है।

इस दौरान ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कुछ लोगों ने नाले पर अवैध कब्जा कर रखा है। इस कारण पानी निकासी की व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। मुख्य मार्ग पर जलभराव से यह रास्ता पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। नाली की हालत भी खराब है। जलभराव की वजह से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। राहगीरों और स्थानीय लोगों को इस मार्ग से गुजरने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिला.धिकारी से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। साथ ही क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत और सफाई अभियान चलाने की भी मांग रखी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच कराकर उचित कार्रवाई किये जाने मांग की है।



## ईद उल अजहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली में ईद उल अजहा को लेकर पीस कमेटी का आयोजन किया गया, जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। मंगलवार को आयोजित गोष्ठी में बडौत एसडीएम व बडौत सीओ तथा बडौत कोतवाली प्रभारी ने वर्तमान स्थिति को लेकर चर्चा की और बैठक में आए सभी धर्म गुरुओं और गणमान्य लोगों के साथ विशेष वार्ता की गई, बीती समस्याओं को लेकर वार्ता की और सभी से एकता और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी ना करने की अपील की गई है। इस मौके पर मुसलीम समाज के गणमान्य लोग व अधिकारी मौजूद रहे।



**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती कमला पत्नि धर्मसिंह पत्नि श्री मो.हनसिंह निवासी ग्राम बौढा तहसील बडौत जिला-बागपत हाल नि.ग्राम हथछोया तहसील ऊन जिला-शामली, न्यायालय तहसीलदार बडौत(न्यायिक), वाद सं. RST/3491/2025 कम्पूयकृित वाद सं. 11080403491, साक्षी बनाम कमला आदि, अ.धा.209(ज) उ.प्र.रा.स. 2006, मौजा-बौढा, अतएव आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय में उक्त वाद की कार्यवाही में दिनांक 06.06.2025 नियत है आपसे सम्बन्धित हो तो मुक्त दिनांक को न्यायालय के हाजिर होकर अपना पक्ष रखे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सोनू व पुत्रवधू प्रिया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

विजयपाल पुत्र चंदू निवासी ग्राम मुकारी थाना बालैनी तहसील बागपत जनपद बागपत।

# जिलाधिकारी ने गांव में चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

## कार्यों में लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों को दी सख्त हिदायत, लेखपाल को किया सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को धौलाना थाना क्षेत्र के गांव ढहाना में डीएम अभिषेक पांडेय ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के भी निर्देश दिए साथ ही डीएम ने खसरा-खतौनी की नकल देने में सरकारी फीस से अधिक फीस लेने पर लेखपाल को सस्पेंड भी किया है।

डीएम अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में ग्राम डहाना के ग्राम प्रधान के द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों को दी गई। इसके बाद डीएम ने ग्राम वासियों से गांव की समस्याएं सुनी तथा मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनका निस्तारण कराया गया तथा जो समस्याएं लंबित रह गई हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जन चौपाल के दौरान ग्राम वासियों द्वारा विभिन्न समस्याएं जैसे पानी की उपलब्धता, बिजली की समस्या, शौचालय की साफ सफाई, स्कूलों की जर्जर हालत, शमशान घाट का पुन: नवीनीकरण एवं सौंदर्यकरण,



जर्जर सड़कों की मरम्मत, पानी का भराव तथा पानी के निकासी की समस्या आदि के बारे में ग्रामीणों द्वारा डीएम को अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा खसरा-खतौनी की नकल निकलवाने हेतु निर्धारित धन. राशि से अतिरिक्त धनराशि वसूलने को लेकर लेखपाल की डीएम से शिकायत की गई। जिस पर डीएम ने लेखपाल द्वारा जिन लोगों से नकल सवाल देने के लिए निर्धारित धनरा. शि से अतिरिक्त धनराशि ली गई उन लोगों के बयान लेते हुए तत्काल एसडीएम को निर्देश दिए गए कि संबंधित लेखपाल के विरुद्ध सस्पेंड की कार्रवाई करते हुए प्रकरण की जांच की जाए। दोषी पाए जाने पर संबंधित लेखपाल पर आगामी कार्रवाई हेतु पत्र शासन में प्रेषित किया जाए। उन्होंने ग्राम सचिव तथा ग्राम प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में नाली व तालाब की सफ़ सफाई की व्यवस्था समय-समय पर की जानी चाहिए। जन चौपाल के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, एसडीएम, जिला विकास अधिक. ारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी हापुड़ सहित संबंधित विभागों के अधिक. ारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शराब के ठेके पर सेल्समैन की दबंगई, मारपीट का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात थाना क्षेत्र के गढ़ रोड रेलवे फाटक के पास स्थित शराब के ठेके पर सेल्समैनों की गुंडई देखने को मिली है। जहाँ सेल्समेनो द्वारा एक ग्राहक को ठेके के अंदर बंधक बनाकर लात-घुसो से मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दबंग सेल्समेन एक ग्राहक को बंधक बनाकर उसके साथ जमकर मारपीट करते नज़र आए।

जानकारी के अनुसार देहात थाना क्षेत्र के गढ़ रोड रेलवे फाटक के पास स्थित एक शराब के ठेके पर शराब लेने गए ग्राहक का शराब के लेनेदेन को लेकर कुछ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दबंग सेल्समेनो ने ग्राहक को जबरन शराब के ठेके के अंदर खींच लिया



और ग्राहक को नीचे लिटाकर उसके साथ लात-घुसो से जमकर मारपीट की। जिसका वीडियो सोशल मिडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। संबंधित मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि मारपीट की घटना का वीडियो संज्ञान में लेते हुए मारपीट करने वाले दोनों सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

# एडीजी ने बृजघाट पहुंचकर गंगा दशहरा की तैयारियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी गंगा दशहरा को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत एडीजी मेरठ जोन ध्रुवकांत ठाकुर गढ़मुक्तेश्वर के तीर्थ नगरी ब्रजघाट पहुंचे जहां पर थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रांतर्गत गेस्ट हाउस बृजघाट पर गार्द की सलामी लेने के बाद एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर ने डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के साथ तीर्थ नगरी ब्रजघाट में पैदल गश्त और नाव से भ्रमण कर गंगा दशहरा की तैयारियों का जायजा लिया साथ ही एडीजी ने गंगा दशहरा पर स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनज़र संबंधित अधिकारियों के साथ गेस्ट हाउस में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश।





एडीजी ने वाहन पार्किंग, बिजली और पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। एडीजी ने गंगा घाटों पर स्नान व्यवस्था, ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करने, सुरक्षा व्यवस्था के तहत गंगा किनारे बैरिकेडिंग और सांकेतिक चिन्ह लगाने के साथ ही घाटों पर होमगार्ड और गोताखोरों की तैनाती को लेकर संबंधित अधिक. ारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीजी ने क्षमता से अधिक यात्री नहीं बैठाने और नशे में नाव चलाने पर प्रतिबंध लगाने के लिए भी सम्बंधित को निर्देशित किया। एडीजी ने नाव में सवार होकर घाटों का भी निरीक्षण किया। एडीजी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनज़र सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सुरक्षा के मद्देनज़र तीर्थ नगरी में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा। क्षेत्र की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।

# अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि थाना धौलाना पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक बदमाश को देहरा ककराना बम्बा पुलिया से जाधोपुर वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से एक अवैध तमंया व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। बदमाश की पहचान ललित पुत्र कुव. रपाल निवासी मोहल्ला मिर्चियान ग्राम देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बदमाश की गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाने पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




## एक नजर

### दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लागू हुआ रूट डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ज्येष्ठ गंगा दशहरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन कर दिया है। रूट डायवर्जन के लिए पुलिस की अलग अलग डयूटी लगाई गई है। पांच जून को गंगा नगरी में ज्येष्ठ गंगा दशहरे का आयोजन किया जाएगा। इस दिन यहां पर पांच से छह लोग श्रद्धालुओं का आगमन होना है। हाईवे पर जाम की समस्या पैदा न हो इसके लिए पुलिस ने प्लान तैयार कर लिया था। बनाए गए प्लान के आधार पर ही मंगलवार की दोपहर को पुलिस के आला अधिकारियों ने दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर भारी वाहनों पर रोक लगा दी है। इसके लिए हापुड़ के बुलंदशहर रोड से लेकर ब्रजघाट के अलग अलग संपर्क मार्ग समेत हाईवे पर भारी पुलिस बल तैयार किया गया है, साथ हाईवे के कटों को बंद कर दिया गया है। सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि हाईवे पर भारी वाहनों को लेकर रूट डायवर्जन कर दिया गया। भारी वाहनों को छह जून तक नहीं चलने दिया जाएगा।

### क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई देने से लोगों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव नवादा के जंगल में एक फिर से तेंदुए की चहलकदमी देखी गई। तेंदुए को देखकर वहां से गुजर रहे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई। ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है। वहीं तेंदुए को लेकर ग्रामीण खेतों पर जाने से कतरा रहे है।

क्षेत्र के अलग अलग गांवों में तेंदुए की निंरतर चहलकदमी ग्रामीणों में दहशत फैला रही है। सोमवार की रात को भी नवादा गांव के जंगल में ग्रामीणों ने तेंदुए के होने का दावा किया। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए को देखकर वह दहशत में है और वन विभाग को सूचना दी। वहीं वन विभाग की टीम ने तेंदुए की धरपकड़ के लिए जंगल में पिंजरा लगाया गया है। वन विभाग का दावा है कि पिंजरे में तेंदुए को पकड़ने के लिए आवश्यकता कार्रवाई की गई है। वन क्षेत्राघधिकारी करन सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पिंजरा लगा दिया गया है, उम्मीद है कि शीघ्र ही तें तेंदुए को पकड़ लिया जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे मे पंखे से फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी व्यक्ति मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। उनके परिवार में पत्नी और तीन बच्चे है। बताया गया है कि मंगलवार को दंपति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसके बाद व्यक्ति नाराज होकर कमरे में चला गया। बताया गया है कि दोपहर के समय पत्नी खाना लेकर कमरे में गई तो देखा कि पति का शव पंखे से फंदे पर लटका हुआ था। पति का शव देखकर उसकी चीख निकाल गई। शोर सुनकर आस पास के लोग वहां पहुंच गए। लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जिले के कॉर्डिनेटर्स का कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को मेरठ जिले के कॉर्डिनेटर्स विशाल वशिष्ठ और बदरुद्दीन कुरैशी का जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जोरदार स्वागत हुआ। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने मेरठ जिले के कॉर्डिनेटर्स का फूल माला पहनाई और उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा हैं कि महान क्रांतिकारी मंगल पांडे की धरती पर आलाकमान ने कांग्रेस के क्रांतिकारी नेताओं को कॉर्डिनेटर की जिम्मेदारी देकर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का काम किया हैं। इस दौरान इकबाल प्रधान, बॉबी गौरव भरतलाल एहतेशाम, महबूब, गोपाल आदि मौजूद रहे।



# मोबाइल फोन छीनने वाले गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने वाले गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से छीना हुआ मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की है।

थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरो. पियों द्वारा मोबाइल छीनेती की वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। मंगलवार को पुलिस ने मोबाइल छीनेती की घटना का खुलासा करते हुए लोगों से मोबाइल छीनेती की वारदात को अंजाम देने वाले गैंग के तीन सदस्यों को आईटीआई कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से छीना हुआ एक



रियलमी मोबाइल फोन व घटना में प्रयुद्र बिना नंबर प्लेट लगी एक टीवीएस स्टार मोटर साइकिल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान शिव पुत्र शेखर निवासी हरोडा मोड, किशन पुत्र नरेन्द्र निवासी हिम्मतपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड और राज पुत्र श्रवण निवासी ग्राम गालन्द थाना पिलखुवा जनपद हापुड हालपता- गंगा विहार कॉलोनी खुडलिया थाना सिम्भावली जनपद हापुड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरो. पियों पर करीब आधा दर्जन आपरा. धिक मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने मोबाइल छीनेती की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरो. पियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

# पुलिस ने व्यापारियों व बैंक अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बैंक अधिकारियों और व्यापारियों के साथ एक बैठक की। बैठक का उद्देश्य व्यापारिक समुदाय और पुलिस प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करना और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों का समाधान करना था।

बैठक में थाना प्रभारी ने बैंक अधिकारियों और व्यापारियों से उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए उन्हें आश्वस्त भी किया। थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हमेशा उनकी सेवा में तत्पर है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस तुरंत सहायता के लिए उपलब्ध रहेगी। उन्होंने व्यापारियों और बैंक




अधिकारियों को सुझाव दिया कि वे अपने प्रतिष्ठानों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें और किसी भी अनहोनी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की सलाह दी। इसके साथ ही, एक कैमरा सड़क की ओर लगाने और इसे 24 घंटे चालू रखने की के लिए कहा। व्यापारियों और बैंक अधिकारियों ने इस बैठक को एक सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की बैठकें पुलिस और व्यापारि समुदाय के बीच विश्वास को मजबूत करने का काम करती हैं। व्यापारियों ने बताया कि थाना प्रभारी द्वारा उठाए गए इस कदम से न केवल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि व्यापारियों और नागरिकों में सुरक्षा का भाव भी पैदा होगा। बैठक के दौरान व्यापारियों ने थाना प्रभारी को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि वे पुलिस द्वारा बताए गए निर्देशों का पूरी तरह से पालन करेंगे।

# कुर्बानी की विडियो व फोटो वायरल करने पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बकराईद पर होने वाली पशुओं की कुर्बानी की फोटो व वीडियों नहीं बनाने एवं वायरल करने वाले पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया सैल के माध्यम से इसकी निगारनी की जाएगी। पुलिस ने मुस्लिम धर्मगुरुओं से भी अपील कर लोगों से ऐसा न करने की अपील की है। जिसके बाद मुस्लिम धर्म गुरुओं ने भी लोगों से ऐसा करने से मना किया है। सिंभावली में आयोजित बैठक में एसडीएम अंकित वर्मा बकराईद पर कुर्बानी देने की फोटो क्लिक न करें और न ही उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। उन्होंने कहा कि सात जून को बकरीद का पर्व मनाया जाएगा। इस को लेकर सरकार की और से भी गाइड लाइन जारी की गई है। कुर्बानी की फोटो और वीडियो वायरल होने पर ऐसी तस्वीरों में बहुत अधिक दूख और पीड़ा होती है, जो महिलाओं और बच्चों के लिए डरावनी हो सकती है। सीओ वरूण मिश्रा ने कहा कि कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेषों के सड़क पर लावारिस न फेंके न ही सड़कों और नालियों में कुर्बानी का खून बहाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी सड़क या गलियों में कुर्बानी न दें। कुर्बानी के बाद निकलने वाले कचरे को ग्राम पंचायत द्वारा रखे गए कचरे के डिब्बों में ही डालें। इस दौरान शाह कमाल प्रधान, बबलू प्रधान, राहुल बजरंगी, जीतू बंजरगी, विपिन कुमार आदि मौजूद रहें।

## आवश्यकता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, पिलखुवा, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/ विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# तिगरी कां पर्यटन के रूप में विकसित करने की मांग

## लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिले पूर्व विधायक व धनौरा चेयरमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पूर्व विधायक हरपाल सिंह, धनौरा चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल और भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख पति चौ.विरेन्द्र सिंह ने सोमवार को लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया और जनसमस्याएं भी सामने रखीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करते हुए पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने गजरौला शहर में सौन्दर्यीकरण के साथ साथ तिगरीधाम को पर्यटन स्थल के रूप विकसित करने की मांग की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह ने मांगपत्र सौंपते हुए बताया कि गांवो में जल जीवन मिशन योजना के तहत टंकी का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। इसके अलावा विद्युत विभाग के अधिकारी भी मनमानी करते हैं और ट्रांसफार्मर आदि बदलने की मांग को लेकर सुविधा शुल्क भी मांगते हैं। धनौरा चेयरैमन प्रवीण अग्रवाल ने



भी नगर में वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत विकास कार्य कराए जाने की मांग की। इनके अतिरिक्त अन्य क्षेत्रीय समस्याओं से भी रूबरू कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।

# फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में फरार वारंटीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। पुलिस फरार वारंटीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है।

मंगलवार को थाना पिलखुवा पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत न्यायालय से एक मुकदमे में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा न्यायालयसे सम्बन्धित वारंटी राजा पुत्र अनिल निवासी मोहल्ला सद्दीकपुरा थाना पिलखुवा जनपद हापुड को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जबरन कार मे बैठाकर पीड़ित से आरो. पियों ने सोने के जेवर समेत लूटी नकदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के पुराने हापुड़ मार्ग पर सड़क किनारे खड़े व्यक्ति का कार सवार लोगों ने अपहरण कर लिया। उसके बाद आरोपियों ने उसके साथ पिटाई करते हुए सोने के जेवर और नकदी समेत अन्य सामान लूट लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक माह रिपोर्ट दर्ज की है।

जनपद मेरठ के मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने अपनी पहचान छिपाते हुए बताया कि वह गढ़ नगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिया आया था। इस दौरान वह नगर के पुराने हापुड़ मार्ग पर पहुंचा और सड़क किनारे खड़ा हो गया। तभी कार सवार युवक वहां आए और उसका अपहरण कर उसको जंगल में ले गए। वहां आरोपियों ने उसके साथ पिटाई कर उससे सोने के जेवर लूट लिए। उसके बाद आरोपियों उसके एटीएम से हजारों की नकदी भी निकलवा ली। इसके अलावा अन्य सामान लूट लिया। पीड़ित ने पुलिस से पहचान छिपाने की मांग करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से संसद तक होगा आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत मंगलवार को कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर सगीर सईद खां ने पूर्व विधायक अफरोज अली खां के आवास पर पहुंचकर वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा कि उन्होंने पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता, पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां से संगठन विस्तार मे अहम भूमिका निभाए जाने पर चर्चा की। उन्होंने सभी से एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत करने की रणनीति बनाई।



जिला कोऑर्डिनेटर हाजी सगीर सईद खान ने कहा कि कांग्रेस संगठन सृजन अभियान से कांग्रेस पार्टी को जिला, ब्लॉक, न्याय पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करना है। इसमें सभी कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं की भूमिका अहम होगी सभी के विचार विमर्श से आगे बढ़ा जाएगा और सभी कांग्रेस पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं को पूरा सम्मान दिया जाएगा। कांग्रेस का यह अभियान पुरे 100 दिन चलेगा जिसमे हम जिला, ब्लॉक, न्याय पंचायत और बूथ स्तर तक कांग्रेस संगठन को मजबूत किया जाएगा। हमारे लिए एक एक कार्यकर्ता अहम है सबको पूरा सम्मान दिया जाएगा।

पूर्व विधायक अफरोज अली खान ने कहा कांग्रेस को मजबूत करना हर कांग्रेस कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए। कांग्रेस संगठन में सभी को मिलजुल कर काम करना चाहिए राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को एक मजबूत संगठन खड़ा करना है। हम सब मिलकर कांग्रेस को मजबूत करेंगे और आने वाले दिनों में भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से संसद तक आंदोलन करेंगे।

पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा देश में एकमात्र विकल्प कांग्रेस पार्टी है जो सिर्फ गरीबों की आवाज उठाती है जो आम आदमी की लड़ाई लड़ती है। राहुल गांधी हमेशा से देशहित की बात करते हैं विकास की बात करते हैं लेकिन भाजपा के नेता सिर्फ विनाश और नफरत की बात करते हैं। हम सबको मिलकर राहुल गांधी जी के हाथो को मजबूत करना है सड़क से संसद तक बेरोजगारों युवाओं के लिए , बढ़ती महंगाई के खिलाफ और महिला उत्पीड़न के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी जिससे हर गरीब को न्याय मिल सके ।

इस मौके पर मोहम्मद आरिफ अल्वी, मनी कपूर, अकरम सुलतान, दामोदर सिंह गंगवार, सुहैल खां, लल्लन खां, बब्बू खां, जगमोहन मोना, महबूब खां, फरीद खां,पप्पू यादव आदि मौजूद रहे।

## शाहबाद क्षेत्र के युवक की सड़क हादसे में मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहबाद क्षेत्र के नईमगंज गांव निवासी युवक की मुरादाबाद में सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शाहबाद क्षेत्र के नईमगंज गांव निवासी विपिन यादव 25 वर्ष मुरादाबाद के आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहा था। पढ़ाई के साथ साथ पार्टटाइम जॉब भी करता था। बाइक के द्वारा यूनिवर्सिटी पढ़ने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में उसकी बाइक में किसी कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। जब इसकी जानकारी परिवार में हुई तो परिवार में कोहराम मच गया।

# दो छात्रों को पिकअप ने रौंदा एक घायल, दूसरे की मौत



मृतक का फाइल फोटो



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** कॉलेज से एडमिशन कराकर बाइक से घर वापस आ रहे दो छात्रों को पिकप ने रौंदा। एक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया ।सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया । शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव करेथी का रहने वाला 19 वर्षीय अरविंद अपने दोस्त हिम्मतपुर निवासी अब्दुल रेहान के साथ ग्राम जाहिदपुर स्थित राम रतन सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में एडमिशन कराने गया था।

**एडमिशन कराकर घर वापस लोट रहा था मृतक**

एडमिशन कराकर बाइक से दोनों दोस्त घर वापस आ रहे थे कि रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के गांव तालिक. ाबाद के चौराहे पर पिकअप ने बाइक को रौंद दिया । जिसमें बाइक सवार अरविंद की मौके पर मौत हो गई। हादसा देख मौके पर भीड़ जमा हो गई।

जबकि अब्दुल रेहान घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद पहुंचाया जहां पर जहां पर पंचनामें की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। अरविंद की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया और परिवार आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचा अरविंद का शव देखते ही परिजन में चीख पुकार मच गई । वहीं घायल अब्दुल रेहान का उपचार कर चिकित्सकों ने उसको घर वापस भेज दिया।

# एसबीआई शाखा प्रबंधक का हुआ स्थानांतरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहाबाद स्थित भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक परितोष सिंह का बीते 31 मई को शाहबाद से जिला बदायूं को स्थानांतरण हो गया।

सोमवार को उनके सम्मान में बैंक कर्मचारी एवं नगर के लोगों ने विदाई समारोह का आयोजन किया इस दौरान बैंक का स्टाफ व विदाई समारोह में शामिल स्थानीय लोग भावुक नजर आए। विदाई समारोह में पहुंचे स्थानीय लोगों ने परितोष सिंह को माला व शाल पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह में पहुंचे नगर वासियों ने अपने-अपने संबोधन में ब्रांच मैनेजर परितोष सिंह के सौम्य व्यवहार की चर्चा की वही ब्रांच मैनेजर परितोष सिंह ने बताया कि उन्होंने लगभग 3 साल शाहबाद में रहकर काम किया और सभी का सपोर्ट उनके साथ रहा इस दौरान बैंक से शाहबाद के मशहूर व्यवसाईयों को जोड़ा जिससे बैंक का बिजनेस लगातार बढ़ता चला गया उन्होंने अपने संबोधन में यही बताया कि शाहबाद में एसबीआई की ब्रांच को स्थापित हुए लगभग 66 वर्ष हो चुके हैं पिछले 3 साल में बैंक ने इन 66 साल के बराबर ग्रोथ किया है। सौम्य व्यवहार के मालिक ब्रांच मैनेजर परितोष सिंह की व्यवहार की नगर में भी काफी चर्चा रही विदाई समारोह में मौजूद कई लोगों ने यहां तक अपने संबोधन में कहा कि स्टेट बैंक में ना तो वह खाता खुलता चाहते थे और नहीं आना चाहते थे लेकिन जब से मैनेजर परितोष सिंह ने शाहाबाद में ब्रांच मैनेजर का चार संभाला उनके सौम्य व्यवहार की चर्चा सुनकर उन्होंने बैंक में आना-जाना शुरू किया अपने खातों का संचालन भी किया यह सिर्फ उनके व्यवहार का जादू था। इस दौरान ढोल नगाड़ों पर बैंक कर्मचारी व विदाई समारोह में मौजूद स्थानीय लोग जमकर थिरके। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शाहाबाद पुष्पेंद्र सिंह राठौर, सुनील चौहान, डॉ मनोज कुमार सिंह, एडवोकेट सुहेल खान, शाहनवाज खाँ मीनू ,आकाश शंकर, अंकित गुप्ता, शाहनवाज अली, वारिस अली, सगीर खाँ, केपी सिंह हरिओम शर्मा, सुभाष, धर्मपाल, रेहान खाँ, नरेश यादव व एसबीआई कैमरी से फील्ड ऑफिसर दीपांशु सिंह व शाहबाद बैंक स्टाफ मौजूद रहा।



# गंगा दशहरा मेले की तैयारियों का सीओ ने लिया जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** क्षेत्र के ढकुरिया घाट पर 5 जून को आयोजित होने वाले ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान मेले की तैयारियों का सीओ ने जायजा लिया। सीओ हर्षिता सिंह ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने स्नानार्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने पर जोर दिया। पुलिस अधिकारियों ने घाट पर सभी आवश्यक प्रबंधों का निरीक्षण किया। इस पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अध्यक्ष पति ने शहर इमाम के साथ किया ईदगाह का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** मंगलवार को नगर पंचायत अध्यककक्षा सुम्बुल नाज के पति एवं स्वच्छता प्रेरक वसीम खाँ ने शहर इमाम मुफ्ती सलमान के साथ आगामी ईद-उल-अजहा के त्यौहार के मद्देनजर ईदगाह की साफ-सफाई का निरीक्षण किया।इस दौरान वसीम खाँ ने सफाई नायकों को सफाई व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए और कहा कि कल तक ईदगाह की सफाई का काम पूरी तरह से कर लिया जाए तथा ईदगाह के आसपास आने वाले रास्तों पर भी सफाई कर दी जाए इसके अलावा वहां पर टैंकर आदि रखवा दिए जाएं ताकि ईदगाह को आने वाले नमाजियों को पानी को लेकर किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े । इस मौके पर नसीहत अली एवं समस्त सफाई नायक उपस्थित रहे।

### आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने गांव-गांव जाकर की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** आगामी दिनों में आने वाले त्योहार के मद्देनजर सीओ हर्षिता सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत ने क्षेत्र के ग्राम चकरपुर कदीम,चतरपुर और ढकिया चौकी क्षेत्र के रवाना पट्टी उदा गांव में बैठक की। जिसमे वरिष्ठ अधिकारीयो द्वारा दिए गए निर्देशों के बारे में लोगो को विस्तार से बताया गया और आगामी त्योहारो के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर चर्चा कर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने तथा शांति बनाये की अपील की।

### पेड़ उखाड़ने एवं दरांती से हमलावर होने के आरोप में दो पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** रविवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव तालिकाबाद के रहने वाले राजीव सिंह अपने खेत में लगे पेड़ उखड़ने बा आरोपियों द्वारा क्रांति से हमलावर होने के आरोप में कोतवाली थाना शाहबाद में तैयारी दिए उसका आरोप है कि उसने अपने खेत में चारो तरफ 570 पौधे यूकेलिप्टिस के लगाए थे। कुवरपाल पुत्र मंगलसेन व कुवरपाल की पत्नि मीरा देवी (ओवर राईटिंग) ने उखाड़ दिए मीरा देवी (ओवर राईटिंग) व प्रार्थी दूसरे के टूवेल से चरई में पानी लगा रहा था पाईप की लाइन भी दरान्ती से फाड़ दी प्रार्थी को किसी अन्य व्यक्ति ने जानकारी प्रार्थी के घर जाके दी कि कुवरपाल व उसकी पत्नी पेड़ उखाड़ रहे और पाइप फाड़ दिया प्रार्थी ने यह बात सुनी और तुरन्त खेत पर पहुंचा प्रार्थी को देखते ही दोनों लोग दरान्ती लेकर प्रार्थी के ऊपर भागे और गन्दी-2 गलिया देने लगे और बोले कि दूवारा खेत पर दिख गया तो जान से मार देंगे। प्रार्थी वहां से अपनी जान वचा कर भाग आया और रोड पर खड़े रहकर देखता रहा जिससे प्रार्थी के पेड़ व पाईप का काफी का नुकशान हुआ। कुंवरपाल पुत्र मंगलसैन व मीरा देवी पत्नि कुंवरपाल पर मुकदमा लिखने की कृपा करें। पुलिस ने राजीव सिंह की तहरीर पर 2 के खिलाफ नामजद मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मारपीट जान से मारने की धमकी के आरोप में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव मडैयान वदे की रहने वाली रिजवाना पत्नि गुलशेर ने पड़ोसी के द्वारा मारपीट करने व जान से मारने की धमकी के आरोप में कोतवाली में तहरीर दी उसका आरोप है कि पड़ोसी कलुआ पुत्र भूरे और रेशमा पत्नि फैसल से कहा सुनी हो गयी थी। दिनांक 25 मई को समय करीव 12.30 वजे उसकी वहन फरजाना पुत्री अवरार निवासी ग्राम सुहावा थाना शाहवाद से मेरे गांव घर पर समझाने आयी थी । समझाने को लेकर मुझे व फरजाना को कलुआ पुत्र भूरे शाह ,पप्पू पुत्र भूरे शाह ,रेशमा पत्नी फैसल , नजराना पत्नि जरीफ निवासीगण ग्राम मडेयान वदे थाना शाहवाद जिला रामपुर ने गन्दी-2 गालिया दी। और लाठी डन्डो व लात घूसो से मारा पीटा। व जान से मारने की धमकी दी। रिजवाना की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार नामजद आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रामपुर में हुआ पत्रकार एवं जिला प्रशासन सम्मेलन

## शहर विधायक आकाश सक्सेना ने जिले के पत्रकारों को किया सम्मानित

**( इमरान हुस )**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को श्रीबालाजी विकास सेवा संस्थान की ओर से पत्रकार एवं जिला प्रशासन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत की प्रस्तुति की गई।

कार्यक्रम में आने वाले सभी पत्रकार साथियों और अधिकारियों का संस्था के अध्यक्ष विशाल सक्सेना एवं जगदीश काम्बोज ने स्वागत किया।

इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पत्रकारों के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि रामपुर के पत्रकार भी रामपुर को बेहतर बनाने में सहयोग प्रदान करते हैं जिससे रामपुर का भी भला हो रहा है। उन्होंने पत्रकारों की मांग पर रामपुर में प्रेस क्लब बनाने की बात कही उन्होंने कहा पत्रकार साथी मुझे लिखकर दें मैं अपनी निधि से रामपुर में प्रेस क्लब बनवाऊंगा। इसी क्रम में सभी पत्रकार साथियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।





कार्यक्रम में सीएमएस डीके बर्मा, एम आई एम टी के प्रबंधक डा. शादाब खां, फईम कुरैशी, जाहिद हुसैन इदरीसी, इकरार हुसैन,इमरान हुसैन, सुरेश दिवाकर, मो.आजम, आरिफ खान, गौरव जैन, खुर्शीद खान, सतीश कुमार लोधी, ब्रजेश शर्मा, हामिद रजा खां, शब्बन मियां औवेसी, फराज कलीम खां, हरेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

# विधायक ने डीएम को टांडा -स्वार में बिजली के तारों और ट्रांसफार्मर बदलवाने को लेकर लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** मंगलवार विधायक शफीक अहमद अंसारी ने जिलाधिकारी को पत्र लिख कर अवगत कराया है कि 132 के.वी.ए . वितरण खण्ड टांडा से नगर स्वार को मिलने वाली सप्लाई में आ रही बाधा या सम्बंधित कर्मचारियों व अधिकारियों की लापरवाही को दूर कर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र को लाइट सही रूप से दी जाए। मकानों से ऊपर जो 11 हजार की लाइन के तार है वह हटाए जाए। विधानसभा 34 स्वार टांडा विद्युत व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब है। इसे सुचारू किया जाए जितने पुराने खम्बे बदले जाए और नगर पालिकाओं ग्राम पंचायतो ग्राम सभाओं में तारों की स्तिथि भी खराब है। आये दिन कहीं ना कहीं से तार गिरने की खबर आती रहती है.हाल ही में नगर स्वार में तार गिरने से अलग-अलग जगह चार युवको की मौत हो चुकी है। हाई टेंशन लाइन बहुत कमजोर है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर होने के कारण उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से लाइट नहीं मिल पा रही है।इसी उपलक्ष्य में विधायक शफीक अहमद अंसारी ने जिला अधिकारी रामपुर को पत्र लिखकर समस्त विधानसभा में जर्जर लाइन हटवा कर नई लाइन एवं अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगवाने के लियें पत्र लिखा जल्द से जल्द यह बदलने की मांग की है।



शफीक अहमद अंसारी
विधायक स्वार-टाण्डा

# चेयरमैन खालिद अली ने ईद उल जुहा को लेकर नगर का किया भ्रमण

## व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने के दिए दिशा निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** मंगलवार को ईद उल जुहा के त्योहार से पहले चेयरमैन खालिद अली ने नगर पंचायत स्टाफ के साथ नगर में चल रहे विकास कार्यों साफ-सफाई व्यवस्था ,पेयजल व्यवस्था एवं पथ प्रकाश व्यवस्था का जायेजा लिया। नगर के वार्ड नं. 8 और 9 में एक मीनार मोहल्ला स्थित तालाब की सफाई एक सप्ताह से चल रही है उसका जायजा लिया। नगर में पानी के ओवरहेड टैंक की सफाई का कार्य संपन्न हो चुका है उसका जायजा लिया। ईद उल जुहा पर साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्थ रखने एवं पेयजल सप्लाई की तीन दिन तक सप्लाई दुरुस्त रखने और पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्थ बनाये रखने के निर्देश दिए दिए। इसके अलावा धार्मिक स्थल ईदगाह का भी जायजा लिया और ईदगाह एवं मस्जिद के आस-पास साफ सफाई और चूना डालने एवं पानी के छिड़काव के निर्देश दिए। इस मौके पर सुपरवाईजर राजू वाल्मीकि, विकास कुमार, सादिक ठेकेदार,आमिर ,मुराद, टिंकू ठाकुर, महराज अली, अय्यूब अली, शानवाज अली आदि लोग मौजूद रहे।

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

हमारे तीन पुत्र हैं आदिल, तालिब, और आजम जिनमें से हमने अपने पुत्र आदिल व उसकी पत्नी सना को गलत आचरण व उनके गलत कृत्य के चलते अपनी चल व अचल सम्पत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में इन दोनों का मुझसे मेरी पत्नी नसीम व पुत्र तालिब,आजम से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। कोई भी व्यक्ति उससे किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा तथा आदिल व सना अपने द्वारा किए गये कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**हनीफ पुत्र छोटे**
**नसीम पत्नी हनीफ**
**नि. मोहल्ला रौरा खुर्द मिलक**
**जनपद रामपुर**

# जेवर नकदी सहित यवती को बहला फुसलाकर ले गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नकदी और जेबरात सहित युवती को वहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने दर्ज की है कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम के व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें लिखा है कि मेरी पुत्री 1 जून को लगभग शाम के 6:00 बजे कहीं से गायब है यह जानकारी मिलने पर परिजन रिश्तेदारी तथा आसपास के रिश्तेदारी में तलाश करने लगे तब उन्हें पता लगा कि गांव के सुमित मेरी पुत्री को वहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। जिसके चलते घर में रखे रू 52000 तथा कुछ सोने चांदी के जेवर जिसकी कीमत लगभग तीन लाख है वह भी अपने साथ ले गई है मेरी पुत्री को भगाने में मुनीष तथा केसरी लाल के द्वारा सहयोग किया गया है। इस संबंध में युवती के पिता ने कोतवाली मे तहरीर दी तहरीर के आधार पर हुई रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे ने खुद को गोली से उड़ाया

## बसपा नेता अपनी पत्नी को दवाई दिलाने गए थे मेरठ, पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से की आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामौतार सिंह के बेटे ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के घर पहुंचने पर खून से लथपथ शव देकर उनकी चीख निकल गयी। पुलिस ने मृतक का मोबाइल व घर के सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर कब्जे में लिया है। परिजन फिलहाल कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है। घटना के समय रामौतार सिंह अपनी पत्नी को दवाई दिलाने मेरठ गये थे जबकि बेटी भी उनके साथ गयी थी। घर में एकमात्र उनका बेटा ही था।

रूप से नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव खण्डसाल कलां निवासी रामोतार सिंह बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हैं। वर्तमान में वह परिवार के साथ नगर की आवास विकास



कालोनी में रहते हैं। परिवार में पत्नी किरन देवी, एक बेटा अश्वनी व बेटी अलका हैं। बेटा व बेटी सीए की तैयारी कर रहे हैं। अमरोहा में ही दोनों कोचिंग करते थे। अब सोमवार को रामोतार सिंह पत्नी किरन देवी की दवाई लेने मेरठ गए थे। बेटी अलका भी उनके साथ गई थी। घर पर केवल बेटा अश्वनी ही रह गया था। स्वजन की गैरमौजूदगी में अश्वनी ने घर में रखी पिता की



लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। रात लगभग 10:30 बजे रामोतार सिंह पत्नी व बेटी के साथ घर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। सबसे पहले बेटी अलका घर में गई तो वहां भाई का खून से लथपथ शव देख कर चीख निकल गई। थोड़ी देर में आसपास के लोग भी आ गए थे। सीओ शक्ति सिंह व प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर भी फोरेंसिक टीम के साथ आ गए। आत्महत्या के कारण स्पष्ट नही हो सके हैं। हालांकि घर में लूटपाट जैसी कोई बात सामने नहीं आई है, न ही कोई सुसाइड नोट मिला है। रिवाल्वर शव के पास पड़ा था। हालांकि बदहवास स्वजन कुछ बताने की स्थिति में नही हैं, लिहाजा पुलिस ने मृतक का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। घर पर लगे सीसीटीवी की फुटेज के लिए डीवीआर भी पुलिस ने कब्जे में ली है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पड़ोसियों ने भी गोली चलने की आवाज सुनने से इन्कार किया है। सीओ ने बताया कि घटना की प्रत्येक बिंदु को ध्यान में रख कर जांच की जा रही है। उधर बसपा के जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट, पूर्व लोकसभा प्रभारी मुजाहिद हुसैन, पूर्व सांसद गिरीशचंद समेत तमाम पार्टी के नेता उनके आवास पहुंचे तथा परिजनों को सांत्वना दी।

# हादसे में किसान के इकलौते बेटे की मौत

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अतरासी-अमरोहा मार्ग पर सोमवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत हो गई। मृतक किसान का इकलौता बेटा था। परिजनों ने बगैर कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव रज्जाकपुर में किसान हरपाल कश्यप का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी गुड्डी देवी के अलावा 23 वर्षीय बेटा धर्मेंद्र कश्यप था। धर्मेंद्र ने इसी साल शहर के जेएस हिन्दू डिग्री कॉलेज से बीए पास किया था। परिजनों के मुताबिक सोमवार शाम वह एक दावत में जाने की बात कहकर घर से निकला था। रात करीब साढ़े नौ बजे धर्मेंद्र अपाचे बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। अमरोहा-अतरासी मार्ग स्थित गांव सूदनपुर के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, सूचना मिलते ही पप्सरा चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। खबर मिलते ही परिजन भी आ गए, पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और कागजी औपचारिकता पूरी करते हुए अपने शव घर ले गए। एसओ कोमल तोमर ने बताया कि परिजनों के मना करने पर मामले में पुलिस स्तर पर कार्रवाई नहीं की गई है। मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# विवाहिता के उत्पीड़न में पति समेत आठ पर रिपोर्ट

## दहेज की मांग पूरी न होने पर निकाला था घर से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों द्वारा विवाहिता का उत्पीड़न किया गया तथा उसे घर से निकाल दिया। एसपी के आदेश पर पति समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। रजबपुर थानाक्षेत्र के बड़ी अतरासी में फरीदा का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी फरहीन की शादी 26 नवंबर 2022 को रहरा थानाक्षेत्र के बांसका कलां गांव के रहने वाले मोहम्मद अनस के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले फरहीन को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। कई बार मारपीट करके घर से निकाल दिया। इस संबंध में दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई लेकिन ससुराल वालों का रवैया नहीं सुधरा। 3 अप्रैल 2025 के शाम भी ससुराल वालों ने मारपीट करके फरहीन को घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में पिता के घर रहती है। विवाहिता फरहीन की माता फरीदा ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की। उनके निर्देश पर रजबपुर थाना पुलिस ने अनस, इस्तेकार, मुन्नी, कहकशा, निसात, साजिया, अजीम, लड्डन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# हिन्दू से शादी करने पर महिला वकील को धुना

## साथी अधिवक्ताओं ने चैम्बर में घुसकर पीटा, मंगलसूत्र तोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिला अधिवक्ता ने हिन्दू धर्म अपनाने के बाद साथ में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता संग प्रेम विवाह कर लिया। दूसरे संप्रदाय में शादी करने से नाराज होकर कुछ अधिवक्ता रंजिश रखने लगे। आरोप है कि सोमवार को अधिवक्ताओं ने चेंबर में घुसकर मारपीट की, खींचतान में महिला अधिवक्ता का मंगल सूत्र और कुंडल भी गिरकर खो गए। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मामले में पुलिस ने आरोपी आठ अधिवक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों में छह महिला अधिवक्ता भी शामिल हैं।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव पंडकी निवासी अधिवक्ता शुभम कुमार जिला सत्र न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। उन्होंने साथ में प्रैक्टिस करने वालीं अधिवक्ता इशरत जहां उर्फ

**■ छह महिला समेत आठ वकीलों पर रिपोर्ट**

इशु से प्रेम विवाह किया है। इशरत जहां ने हिन्दू धर्म अपनाकर उनके साथ शादी की थी। दंपति अब एक ही चेंबर से प्रैक्टिस कर रहे हैं। दूसरे संप्रदाय से शादी करने से नाराज कचहरी के कुछ अधिवक्ता इशरत जहां से रंजिश रखते हैं। सोमवार दोपहर दो बजे इशरत जहां अपने चेंबर पर मौजूद थीं। आरोप है कि इसी रंजिश में सबा चौधरी, सुरैय्या, शाहीन, सानिया, रुखसार, गुलबारी, आरिफ और रुख्सार समेत आठ अधिवक्ता उनके चेंबर में घुस आए। सबने मिलकर मारपीट की तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान इशरत जहां का मंगलसूत्र और कुंडल भी टूटकर गिर गए। आरोप है कि अधिवक्ता शुभम कुमार से रिश्ता खत्म कर संप्रदाय के अधिवक्ता के साथ शादी करने के लिए दबान बना रहे थे, इनकार करने पर एकराय होकर हमला कर दिया। पीड़ित इशरत जहां ने आरोपियों से अपनी जान का खतरा भी बताया है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में अधिवक्ता सबा चौधरी, शाहीन, सुरैय्या, सानिया, रुखसार, गुलबारी, रूखसार व मोहम्मद आरिफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## एक नजर

### पिकअप से टकराया डम्पर, युवक घायल




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गजरौला मार्ग पर बिजली घर के सामने गजरौला की दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित बजरी से लदे डंपर ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप में टक्कर मारने के बाद बजरी से लदा डंपर सामने से आ रही कार में जा घुसा। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि पिकअप में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चालक एवं डंपर को कब्जे में लिया है। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दमगड़ा निवासी महिला पुरुष एवं बच्चे पिकअप में सवार होकर गजरौला थाना क्षेत्र के गांव शीशो वाली रिश्तेदारी में भात में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पिकअप को गांव निवासी चालक कैलाश चला रहा था। जैसे ही पिकअप गजरौला मार्ग पर बिजली घर के सामने पहुंची तो सामने से आ रहे बजरी से लदे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिकअप में बैठा सुरेश पुत्र हरिराज घायल हो गया। पिकअप में टक्कर मारने के बाद डंपर सामने से आ रही वैगन आर कार में घुस गया। जिससे मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने डंपर चालक को पकड़ लिया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और डंपर चालक तथा डंपर को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। वहीं घायल सुरेश को तत्काल नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

### पुलिस ने 71 वारंटियों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिले में चले विशेष अभियान के तहत अमरोहा पुलिस ने 71 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में चले अभियान में शहर कोतवाली व नौगावां सादात थाना पुलिस ने आठ-आठ, अमरोहा देहात, महिला थाना व आदमपुर पुलिस ने दो-दो, रजबपुर, रहरा, मंडी धनौरा व बछरायूं थाना पुलिस ने तीन-तीन, डिडौली व हसनपुर कोतवाली पुलिस ने दस-दस, गजरौला पुलिस ने पांच तथा सैदनगली पुलिस ने 12 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि इन सभी अभियुक्तों से विभिन्न मुकदमों में कोर्ट से वारंट चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद सभी को संबंधित कोर्ट में पेश किया गया था।

### तेजु सिंह कॉलेज से बीसीआई ने रोक हटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा तेजु सिंह मैमोरियल लॉ कॉलेज पर सत्र 2024-25 में प्रवेश लेने पर लगाई गई रोक को हटा लिया है। अब बीसीआई ने कॉलेज को एलएलबी में प्रवेश की अनुमति दे दी है। खादगूजर मार्ग पर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर में स्थित तेजु सिंह मैमोरियल लॉ कॉलेज में बीसीआई ने सत्र 2024-25 में प्रवेश लेने पर रोक लगाई थी। जिसके बाद कॉलेज प्रबंधन ने बीसीआई से पत्र व्यवहार करके रोक लगाने के पीछे इंगित किए गए कारणों के बारे में जानकर उन कारणों को दूर किया। जिसके बाद बीसीआई ने संतुष्टि जताते हुए सत्र 2025-26 में एलएलबी केप्रवेश लेने की अनुमति प्रदान कर दी है। अब छात्र-छात्राएं इस कॉलेज में प्रवेश ले सकेंगे। कॉलेज प्रबंधन ने बीसीआई द्वारा भेजे गए अनुमति पत्र को संलग्न करते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी करके इस आशय की पुष्टि की।

**■ अब सत्र 2025-26 में हो सकेंगे एलएलबी में प्रवेश**

# शीशम के पेड़ पर लटका मिला ई रिक्शा चालक का शव

## घरेलू क्लेश के चलते लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** घरेलू क्लेश के चलते ई रिक्शा चालक ने फांसी के फंदे पर झूमकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

मंगलवार की सुबह लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले हुए थे। इस दौरान उन्होंने शीशम के पेड़ पर शव लटका हुआ देखा तो वह वहां पहुंच गये। शव नगर के मोहल्ला खेवान निवासी संजय उर्फ कलुवा पुत्र नरेना का शव भूरे शाह की दरगाह पर स्थित शीशम के पेड़ पर लटका हुआ था। कुछ ही देर में वहां पर काफी भीड़ जमा हो गई। संजय के



परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गये। परिजनों ने बताया कि संजय ई रिक्शा चलाकर परिवार का पालन करता था। कई दिनों पहले संजय ने परिवार के लोगों को बिना बताये ई रिक्शा के बैटरो को बेच दिया था तथा 10 हजार किसी को उधार दे दिये थे। इसी बात को लेकर घर में क्लेश हो रही थी। सोमवार को संजय घर से गायब हो गया। परिवार के लोगों ने उसे काफी रात तक तलाश किया। लेकिन उसका कहीं पता नहीं लग पाया। रात्रि किसी समय परिवार के लोगों से संजय की मोबाइल पर बात हुई थी। उसने भूरे शाह की दरगाह के समीप होना बताया था। परिजन उसे तलाश करने के लिए वहां पहुंचे भी थे। लेकिन वह नहीं मिल पाया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संजय अपने पीछे दो लड़के एक लड़की के अलावा पत्नी बबीता को भी रोता बिलखता छोड़ गया है।



# पूर्व एमएलसी ने किया सीसी रोड का शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा विधायक व लोकलेखा समिति के सभापति महबूब अली की विधायक निधि से गांव हरियाना में सीसी व नाली निर्माण कार्य व सभापति द्वारा लोक निर्माण विभाग को प्रस्तावित डिडौली कैलसा नन्हेंड़ा अल्यारपुर मार्ग पर इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास पूर्व एमएलसी परवेज महबूब अली ने किया। पूर्व एमएलसी ने कहा कि काफी लंबे समय से इन सड़कों आदि की मरम्मत व अन्य कार्यों की मांग सामने आ रही थी। पूर्व एमएलसी ने कहा कि विधायक महबूब अली के प्रयासों से अमरोहा विधानसभा क्षेत्र में काफी सड़कों का निर्माण कार्य होता आ रहा है। क्षेत्र के विकास के लिये सड़कों का सही होना बहुत जरूरी है। इन

**■ लोगों को आवागमन में होगी सुविधा**

सड़कों के कार्य से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ पहुंचेगा। इस मौके पर मुंशाब, कमर आलम, शकील,



अरशद रजा, जुनैद, तौसीब, तौकीर, युनुस, गजेन्द्र सिंह, लाल सिंह, सोमपाल सिंह, हेमराज सिंह, चरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# उधार के पैसे मांगने पर दुकानदार का सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उधार के पैसे मांगने पर मोबाइल दुकानदार के साथ मारपीट की गई, और सिर में ईंट मारकर लहुलुहान कर दिया। घायल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक रोहित पुत्र भगवानदास सैनी नगर के मोहल्ला सुल्ताननगर में मोबाइल की शॉप चलाता है। मंगलवार को वह दुकान पर बैठा था, पूर्वान्ह 10:30 बजे पड़ोसी साजिद पुत्र आरिफ से अपने उधार के पैसे मांगे। जिस पर साजिद ने रोहित के साथ गाली गलौज की और अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। साजिद पक्ष के लोगों ने रोहित के सिर में

**■ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग**



ईंट उठाकर मार दी, जिससे वह लहुलुहान हो गया। रोहित का यह भी आरोप है कि हमलावर पक्ष ने उसके गले में पहनी सोने की चैन भी खींच ली है। घायल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# गुरु जम्भेश्वर विवि में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

## कुलपति प्रो.सचिन माहेश्वरी ने पत्रकार वार्ता में विवि से जुड़े विषयों के बारे में बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने मंगलवार को अमरोहा स्थित जेएस हिन्दू पीजी कालेज में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर बड़े ही विस्तार और तार्किक रूप से प्रेसवार्ता की। बताया कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण 26 मई की शाम से शुरू हो गया है। यह पहला विश्वविद्यालय था जिसे यूजीसी द्वारा अनुमोदन प्राप्त हुआ। हमारी आधिकारिक वेबसाइट सक्रिय है और उसमें नियमित रूप से अपडेट

**■ जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज में आयोजित हुई प्रेस वार्ता**

की जा रही है। विश्वविद्यालय का आधिकारिक 'लोगो' भी तय कर लिया गया है। बताया कि पहली बार सभी कॉलेजों को निर्देशित किया गया है कि वे समर्थ पोर्टल पर छात्रों के पंजीकरण के लिए नि:शुल्क हेल्प डेस्क स्थापित करें। बताया कि प्रवेश से संबंधित दिशानिर्देश विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। एलएलएम और एमएड प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी जल्द साझा की जाएगी। इन्हें छोड़कर अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण के बाद सीधे मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। विवि मुरादाबाद परिसर इस सत्र से कुछ स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इसकी जानकारी जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अन्य विषयों पर भी विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। प्रेस वार्ता के उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 बीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कुलपति के प्रयास को अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर अमरोहा परिक्षेत्र के समस्त महाविद्यालयों के प्रतिनिधि, प्राचार्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




■ अमरोहा। जेएस डिग्री कालेज में प्राचार्यो की बैठक में बोलते कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी।

# युवक ने फांसी पर झूलकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** साली की शादी से लौटे एक युवक ने घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। परिजन उसे फंदे से उतार कर जीवित होने की आस में सीएचसी भी लेकर आए मगर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं रिंकु पुत्र विशाल की साली की शादी बीते दिन थी। वह शादी समारोह निबट जाने के बाद मंगलवार को कटाई गांव स्थित अपनी ससुराल से वापस लौटा था और घर पर ही था। शाम के करीब पांच बजे के लगभग रिंकु ने अपने घर में ही फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। जब घरवालों को पता चला तो वे फंदा काटकर रिंकु को सीएचसी भी लेकर आए, मगर डॉक्टर ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। वह

**■ थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं की घटना**



पांच साल के पुत्र का पिता भी था। वह हंसी खुशी शादी में सम्मिलित हुआ था मगर उसने शाम के समय घर पर यह आत्महत्या का कदम उठा लिया। जिससे हर कोई स्तब्ध है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई और घटना की जानकारी ली।

# बकरीद को लेकर डीएम एसपी ने दिए दिशा निर्देश

## शौहार्द भरे वातावरण में भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाए त्यौहार: डीएम



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की अध्यक्षता में आगामी बकरीद एवं गंगा दशहरा पर्व को शान्ति पूर्ण वातावरण में मनाऐं जाने हेतु कानून एवं शान्ति व्यवस्था की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आये विभिन्न क्षेत्रों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों से त्यौहारों के दृष्टिगत जन समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को उनका त्वारित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी बकरीद व गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले लोगों का ध्यान दिया जाए तथा उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतें जिससे कि कोई अप्रिय घटना ना घटित होने पाये। उन्होंने कहा कि समाज के संभ्रांत व्यक्तियों के संपर्क में रहे और कहीं पर कोई दिक्कत आए तो समस्या का तुरंत समाधान करे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये कि धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि कराना सुनिश्चित किया जाये। बकरीद के दृष्टिगत समस्त नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा कुर्बानी खुले में न की जाए तथा कुर्बानी के अवशेषों को इधर उधर न फेका जाये, इकठ्ठा रखा जाये, जिसे नगर पालिका टीम के द्वारा उठा लिया जायेगा। इसके साथ ही साथ अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया कि त्योहारों पर विद्युत व्यवस्था की पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## दो दिवसीय जनपद दौरे पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल

**पीलीभीत।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दौरे को लेकर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जा रही हैं। राज्यपाल आज से दो दिवसीय जनपद दौरे पर आ रही हैं। आला अधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में डटे हैं। राज्यपाल आज 4 व 5 जून को जनपद मुख्यालय के अलावा पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भ्रमण करेंगी। इस दौरान अधिकारियों के साथ बैठक, जिला कारागार का निरीक्षण, रेडक्रक्स मीलटग, आंगनबाड़ी किट वितरण आदि कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र लसह ने मिनट टू मिनट कार्यक्रम को देखते हुए व्यवस्थाओं के लिए 30 मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। सभी को तय कार्यक्रम के मुताबिक डड्‌टी स्थल आवंटित किया गया है। अधिकारी अपने-अपने डड्‌टी स्थल पर तैनात रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

# लालू मिश्रा बने बरेली मंडल अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** संगठन को सशक्त और अनुशासित बनाने की दिशा में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने मंगलवार को कई अहम फैसले लिए।



उन्होंने भजन लाल क्रोधी और के नेतृत्व में बरेली मंडल अध्यक्ष पद पर लालू मिश्रा की नियुक्ति की, जबकि शिवचरण वर्मा को प्रदेश संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।ये घोषणाएं ठाकुर भानु प्रताप सिंह के नगला सुखदेव स्थित आवास पर हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान की गईं, जिसमें जनपद पीलीभीत और बरेली से भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने संगठन की मजबूती के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाक. ात की और अपने विचार साझा किए। बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में जिन लोगों को पूर्व पदा. धिकारियों द्वारा जो पद दिए गए थे, वे सभी पद अब निष्क्रिय माने जाएंगे। उन्होंने कहा कि नई नियुक्तियां संगठन के हित और कार्यकुशलता के आधार पर की जा रही हैं, ताकि पार्टी को ज़मीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके। इसके साथ ही संगठन विरोधी गतिविधियों की शिकायतें लगातार मिलने के कारण चिंटू ठाकुर और रमेश चंद्र दद्दा को उनके पद से हटा दिया गया है। उन्होंने बरेली आप पीलीभीत के कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उक्त दोनों पदाधिक. ारी का किसान यूनियन से कोई संबंध नहीं है।

अगर कोई भी उक्त लोगों को पैसा देता है या पदाधिकारी बनता है तो वह हमारे संगठन का पदा. धिकारी या कार्यकर्ता नहीं माना जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस फैसले से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली।

संगठन ने इन कदमों को मजबूती और अनुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण फैसला बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान पीलीभीत जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी, प्रदेश संगठन मंत्री शिवचरण लाल वर्मा, लालू मिश्रा, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ निसार शाह, इंजीनियर संचित दीक्षित वरिष्ठ किसान नेता, धर्मेंद्र गुप्ता, पत्रकार हरिओम बाजपेई, हरिओम शर्मा, पत्रकार व तहसील अध्यक्ष सबलू खा, युवा जिला अध्यक्ष विनोद भारती, युवा जिला सचिव आकाश शर्मा, योगेश कुमार, युवा मंत्री अरविंद गंगवार आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमणकारियों को अवैध अतिक्रमण हटाने का दिया अल्टीमेटम

## कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की जमीन को कब्जा कर बनाए कबाड़े के गोदाम को 8 जून तक नहीं हटाया तो चलेगा बुलडोजर

**जेवर/टप्पल।** जेवर सीमान्त अलीगढ़ जनपद के कस्बा टप्पल स्थित कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की जमीन को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के कब्जा मुक्त रखने के आदेश के बावजूद भी भू-माफियाओं ने कब्जा कर अवैध रूप से कबाडे का गोदाम एवं दुकान बना लिये जाने के मामले की जांच हेतु आए हल्का लेखपाल द्वारा अतिक्मणकारियों को उक्त जमीन को आठ दिन के अन्दर कब्जा मुक्त करने तथा कब्जा नहीं हटाने पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण करने का अल्टीमेटम दिया गया है।

बताते चलें कि जेवर सीमान्त अलीगढ़ जनपद के कस्बा टप्पल



स्थित कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की सरकारी भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर अवैध रूप से दुकान एवं कबाड़े के गोदाम का निर्माण कर अतिक्रमण किए जाने को मुक्त कराने हेतु विगत 12 मार्च 2014 को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा राजस्व विभाग को आदेश दिए गए थे जिसके अनुपालन में राजस्व विभाग की टीम ने कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराया था मगर अप्रैल 2025 को कथित भूमाफियाओं ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए फिर कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमि पर दुबारा से अवैध कब्जा करते हुए अवैध तरीके से पक्की दुकान व कबाडे का गोदाम बना डाला। जिसकी शिकायत मोहर्रम मेला इंजामिया कमेटी रजिस्टर टप्पल के जनरल सेक्रेटरी व याचिकाकर्ता दिलशाद अली ने सूबे के सीएम सहित जिला एवं तहसील व स्थानीय थाने के अधिकारियों से लिखित में की थी, जिस पर राजस्व टीम द्वारा टप्पल लेखपाल विनोद के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया था। उक्त मामले की जानकारी देते हुए कस्बा टप्पल के हल्का लेखपाल ने बताया कि कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमि पर असलम पुत्र सुलेमान ने अवैध अतिक्रमण करके कबाड़े का गोदाम बना लिया है। जिसे हटाने हेतु अतिक्रमणकारी असलम से कहा गया तो अवैध कबाड़े के गोदाम बनाने वाले कबाड़ी भूमाफिया असलम ने त्यौहार का हवाला देते हुए आगामी 8 जून तक कबाड़े के अवैध गोदाम को हटा लेने का लिखित आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर समय पर अतिक्रमणकारी असलम ने अवैध कबाडे के गोदाम को नहीं हटाया तो शासन की गाइडलाइन के अनुसार बुलडोजर से उक्त कबाड़े के गोदाम को हटवाया जाएगा जिसका समस्त हजे खर्चे का जिम्मेदारअतिक्रमणकारी होगें।

# विशेष सचिव पंचायतीराज ने किया निरीक्षण



**मथुरा।** राजेश कुमार त्यागी विशेष सचिव पंचायती राज लखनऊ द्वारा ग्राम पंचायत छटीकरा में राज वित्त आयोगध15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्यों का निरीक्षण किया गया पंचायत घर पर सचिव एवं पंचायत सहायक से ग्राम पंचायत में दी जाने वाली जन सेवाओं व्यक्तिगत शौचालय निर्माण,प्लास्टिक मुक्त ब्रज की रज अभियान के बारे में जानकारी ली। सचिव ग्राम पंचायत द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में 173 सेवाएं दी जा रही हैं रोस्टर बनाकर ई-रिक्शा द्वारा घर-घर से कूड़ा एकत्रीकरण किया जा रहा है ग्राम पंचायत द्वारा लगभग चार क्विंटल प्लास्टिक आरसी पर एकत्रित करने की गई है सभी 86 दुकानदारों को एवं 696 परिवार सभी को नोटिस दे दिए गए हैं विशेष सचिव पंचायती राज द्वारा निर्देशित किया गया की पंचायत घर पर दी जाने वाली जनसेवाओं के नाम को पंचायत घर पर लिखवाया जाए । निरीक्षण के समय जिला पंचायत राज अधिकारी धनञ्जय जायसवाल जी, प्रधान श्री नरेन्द्र कुमार, सचिब गोपाल सिंह,पवन वर्मा, रामकुमार,नानकराम आदि उपस्थिति रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में ऋण लेने को आए 136 आवेदन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी अभियान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जिसके लॉच होते ही विकास का एक अलग ही इतिहास रचा है। मथुरा ब्लॉक में आज एक सप्ताह के बाद मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के कैंप का समापन हुआ। जिसमें लगभग 136 ऋण आवेदन आए।

जिला उद्योग अधिकारी ब्रजेन्द्र कुमार ने बताया कि यह योजना युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना में 5 लाख तक के उद्योग सेवा परियोजनाओं पर हंड्रेड परसेंट ब्याज मुक्त एवं बिना गारंटी के ऋण सरकार उपलब्ध करा रही है। जिसमें 10 परसेंट मार्जिन मनी का भी अनुदान सरकार की तरफ से युवा उद्यमी को दिया जाएगा । इस योजना में 300 प्रोजेक्ट को शामिल किया गया है। इसके साथ सर्विस सेक्टर और फ्रेंचाइजी सेक्टर भी इसमें सम्मिलित है। सरकार का मानना है कि आप किसी भी बिजनेस में जहां पर अपनी वैल्यू या अंश उसमें समाहित करते हैं तो उसे उद्योग पर सरकार आपको बिना ब्याज और बिना गारंटर का ऋण उपलब्ध कराएगी जो आप 4 वर्ष के अंदर मासिक किस्तों के रूप में भर सकते हैं। इस अभियान में फूड प्रोसेसिंग एग्री फूड प्रोसेसिंग सहित रिन्यूएबल एनर्जी को भी शामिल किया गया है। यदि आप इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं तो जिला उद्योग विकास केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आई 10 शिकायतें

**मथुरा।** मंगलवार को नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में सुबह 10 बजे से जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन में कुल 10 शिकायत प्राप्त हुयी, जिनमें से चार शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित छह शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को



निर्देशित किया गया। उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुई शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में सौरभ सिंह अपर नगर आयुक्त, अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर आयुक्त, कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त, मोहम्मद अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल, अमरेन्द्र गौतम मुख्य अभियंता सिविल आदि उपस्थित रहे।

## शाहबाद क्षेत्र के युवक की सड़क हादसे में मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहबाद क्षेत्र के नईमगंज गांव निवासी युवक की मुरादाबाद में सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शाहबाद क्षेत्र के नईमगंज गांव निवासी विपिन यादव 25 वर्ष मुरादाबाद के आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहा था। पढ़ाई के साथ साथ पार्टटाइम जॉब भी करता था। बाइक के द्वारा यूनिवर्सिटी पढ़ने के लिए जा रहा था।

# डीएम ने किया यमुना की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार,

नगर आयुक्त जग प्रवेश सहित अधीनस्थ अधिकारियों के साथ गंगा दशहरा पर्व पर यमुना के घाटों पर स्नानाथियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के के लिए निरीक्षण किया। उन्होंने यमुना के विश्राम घाट सहित सभी घाटों की साफ सफाई, कपड़ा चेंजिंग रूम बनाने, लाइट की व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

आज दोपहर में जिलाधिकारी ने एसएसपी, नगर आयुक्त व न्य अधिकारियों के साथ विश्राम घाट, बंगाली घाट, राजा घाट, स्वामी घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त से कहा कि गंगा दशहरा पर्व पर यमुना और द्वारकाधीश मंदिर के रास्तों की साफ सफाई की जाए। नालियों से सिल्ट निकलवाई जाए। साथ ही घाटों क साफ सफाई निरंतर हो। यमुना के कच्चे घाटों पर टेंट लगाकर व्यवस्था करने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए। सभी घाटों पर महिलाओं के लिए अस्थाई चेजिंग रूम बनाने के लिए कहते हुए रास्तों व घाटों पर लाइट का प्रबंध करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा मोटर वोट से पुलिस की पिकेट लगाने को कहा और गोताखोर तैनात करने के भी निर्देश दिए। यमुना के गहरे पानी में कोई नहीं जाए इसके लिए डीएम ने बैरीकेडिंग की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को यमुना में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए खोलने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ही



कहा। उन्होंने यात्रियों की सुविधा के गंगा दशहरा पर यमुना के घाटों पर पुलिस फोर्स और खोया पाया केन्द्र, सामान घर, जूता घर हिन्दुवादी नेता गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, सहायक नगर आयुक्त अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## यात्रियों ने कहा सब ठीक है लेकिन सफाई अच्छी नहीं

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार व नगर आयुक्त जग प्रवेश आज दोपहर को विश्राम घाट का निरीक्षण कर रहे थे तो उन्होंने राजस्थान के जैसरमेर के दो यात्री मिले। जिन्होंने डीएम को अपना नाम भंवरलाल व अंजलि जोशी बताया। डीएम ने ब्रज की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। जिस पर दोनों ने कहा कि कानून की व्यवस्था ठीक है। लेकिन सफाई की व्यवस्था मथुरा वृंदावन में अच्छी नहीं है। जिस पर डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि मथुरा वृंदावन के सभी मंदिरों, प्रमुख स्थल, यमुना किनारे व परिक्रमा मार्ग की साफ सफाई नियमित कराई जाए। कहीं भी कचरा फैला नहीं मिले। इसका अधिकारियों की टीम बनाकर उसकी जांच कराते हैं। ताकि देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की गंदगी नहीं मिले। ऐसी व्यवस्थाएं की जाए।

# भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से संसद तक होगा आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत मंगलवार को कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर सगीर सईद खां ने पूर्व विधायक अफरोज अली खां के आवास पर पहुंचकर वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा कि उन्होंने पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता, पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां से संगठन विस्तार मे अहम भूमिका निभाए जाने पर चर्चा की। उन्होंने सभी से एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत करने की रणनीति बनाई।



जिला कोऑर्डिनेटर हाजी सगीर सईद खान ने कहा कि कांग्रेस संगठन सृजन अभियान से कांग्रेस पार्टी को जिला, ब्लॉक, न्याय पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करना है। इसमें सभी कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं की भूमिका अहम होगी सभी के विचार विमर्श से आगे बढ़ा जाएगा और सभी कांग्रेस पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं को पूरा सम्मान दिया जाएगा। कांग्रेस का यह अभियान पुरे 100 दिन चलेगा जिसमे हम जिला, ब्लॉक, न्याय पंचायत और बूथ स्तर तक कांग्रेस संगठन को मजबूत किया जाएगा। हमारे लिए एक एक कार्यकर्ता अहम है सबको पूरा सम्मान दिया जाएगा। पूर्व विधायक अफरोज अली खान ने कहा कांग्रेस को मजबूत करना हर कांग्रेस कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए।

# चेयरमैन खालिद अली ने ईद उल जुहा को लेकर नगर का किया भ्रमण

## व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने के दिए दिशा निर्देश



**स्वार/रामपुर।** मंगलवार को ईद उल जुहा के त्योहार से पहले चेयरमैन खालिद अली ने नगर पंचायत स्टाफ के साथ नगर में चल रहे विकास कार्यों साफ-सफाई व्यवस्था ,पेयजल व्यवस्था एवं पथ प्रकाश व्यवस्था का जायेजा लिया। नगर के वार्ड नं. 8 और 9 में एक मीनार मोहल्ला स्थित तालाब की सफाई एक सप्ताह से चल रही है उसका जायजा लिया। नगर में पानी के ओवरहेड टैंक की सफाई का कार्य संपन्न हो चुका है उसका जायजा लिया। ईद उल जुहा पर साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्थ रखने एवं पेयजल सप्लाई की तीन दिन तक सप्लाई दुरुस्त रखने और पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्थ बनाये रखने के निर्देश दिए दिए। इसके अलावा धार्मिक स्थल ईदगाह का भी जायजा लिया और ईदगाह एवं मस्जिद के आस-पास साफ सफाई और चूना डालने एवं पानी के छिड़काव के निर्देश दिए। इस मौके पर सुपरवाईजर राजू वाल्मीकि, विकास कुमार, सादिक ठेकेदार, आमिर आदि रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## आईपीएल-2025 फाइनल मुकाबला

# बेंगलुरु ने पंजाब को 191 का लक्ष्य दिया

- विराट कोहली ने 35 गेंद पर 43 रन बनाए, अर्शदीप ने आखिरी ओवर में तीन विकेट लिए
- फाइनल देखने पहुंची अनुष्का शर्मा, टीमों ने लीग स्टेज में 9-9 मैच जीते, भारी संख्या में पहुंचे दर्शक



**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल फाइनल में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 191 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में बेंगलुरु की ओर से विराट को. हली ने 35 गेंदों पर 43 रन बनाए। उनके अलावा कोई बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं पार कर पाया। हालांकि, जितेश ने तेज बल्लेबाजी की और 240 के स्ट्राइक रेट से 10 गेंद में 24 रन बनाए।

पंजाब की ओर से काइल जेमिसन ने 3 और अर्शदीप ने 3 विकेट लिए। अर्शदीप को तीनों विकेट आखिरी ओवर में मिले। आईपीएल का 18वां सीजन खेल रही इन दोनों टीम को अपने पहले खिताब का इंतजार है। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी पहला फाइनल खेल रही है। उधर, पंजाब भी श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंची है। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। उन्होंने भुवनेश्वर कुमार, क्रुणाल पांड्या और रोमारियो शेफर्ड को पवेलियन की राह दिखाई है। उन्होंने महज 3 रन दिए। 18वें ओवर की चौथी बाल पर विजयकुमार वैशाख ने जितेश शर्मा को 24 रन पर बोल्ड कर दिया। वैशाख ने 134 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से सीम-अप लेंथ बाल चौथे स्टंप लाइन पर फेंकी। जितेश ने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से मारने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बल्ले से लगकर पिछले पैर पर गई और फिर स्टंप्स को हल्का सा छू गई। बेल्स गिर गईं। व्यासक ने जश्न मनाने के लिए हाथ उठाया लेकिन फिर खुद को रोक लिया। इसी ओवर में प्रवीण दुबे से रोमारियो शेफर्ड का कैच ड्राप हुआ। 17वें ओवर में जितेश शर्मा ने काइल जैमिसन की बाल पर 3 छक्के मारे। इसी ओवर की 5वीं बाल पर लियम लिविंगस्टन पगबाधा हो गए। उन्होने 25 रन बनाए। 17वें ओवर में बेंगलुरु ने 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। काइल जैमिसन के ओवर की पहली बाल पर जितेश शर्मा ने छक्का लगाकर टीम को 150 पार पहुंचाया। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने चौथा विकेट गंवाया। यहां विराट कोहली 43 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजई ने अपनी ही बाल पर कैच किया। 12वें ओवर में बेंगलुरु ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। कोहली ने चहल की 5वीं बाल पर दो रन लेकर टीम को 100 पार पहुंचाया। 11वें ओवर में बेंगलुरु ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान रजत पाटीदार 26 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जैमिसन स्ठॅ किया। उन्होंने फिल साल्ट द्ध16 रनत्रः को पावरप्ले में कैच कराया था। बेंगलुरु ने 7वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। यहां युजवेंद्र चहल ने मयंक अग्रवाल को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच आउट कराया। चहल ने मयंक को आईपीएल में 8वीं बार आउट किया है। चहल ने अपने पहले ओवर में विकेट हासिल किया है। फाइनल में आरसीबी की शुरुआत खास नहीं रही। टीम ने अपना पहला विकेट फिल साल्ट के रूप में 18 रन पर गंवा दिया। साल्ट 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जेमिसन ने पवेलियन भेजा। इसके बाद कोहली और अग्रवाल ने मिलकर पारी संभाली। आरसीबी ने दूसरे ही ओवर में अपना पहला विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बाल काइल जैमिसन ने गुड लेंथ पर स्लोअर फेंकी। फिल साल्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन लान्ग आन पोजिशन पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच हो गए। साल्ट ने 9 गेंद पर 16 रन बनाए। पंजाब किंग्स से अर्शदीप सिंह ने पहला ओवर फेंका। उन्होंने वाइड से शुरुआत की। फिल साल्ट ने ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का और पांचवीं गेंद पर चौका लगाया। ओवर से 13 रन बने। 18 सीजन में आरसीबी चौथा ही फाइनल खेल रही है। टीम ने इससे पहले 2009, 2011 और 2016 में भी खिताबी मुकाबले खेले। हर बार टीम ने बाद में बैटिंग की, उन्हें अब पहली बार फाइनल में पहले बैटिंग करने का मौका मिला। 2025 से पहले टीम ने 2 बार टास हारा था, वहीं 2009 में टॉस जीतकर बालिंग चुनी थी। दूसरी ओर पंजाब किंग्स को 2014 में टॉस हारकर पहले बैटिंग करनी पड़ी थी। टीम ने अब टास जीता





और पहले बालिंग चुनी। टॉस के दौरान दोनों कप्तानों के साथ मौजूद रहे कामेंटेटर रवि शास्त्री ने गलती से कह दिया कि पंजाब ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। जबकि श्रेयस ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।



## गुकेश ने हमवतन ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को हराया

**जीत के साथ ही गुकेश के 11.5 अंक हो गए है और वे चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर पहुंच गए है**

**नोंवे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के सातवें राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश ने रोमांचक मुकाबले में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराया। गुकेश ने अर्जुन को पहली बार क्लासिकल चेज में हराया है। यह टूर्नामेंट में गुक. ेश की लगातार दूसरी जीत है। इस जीत के साथ ही गुकेश के 11-5 अंक हो गए हैं और वह चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर पहुंच गए है। अमे. रिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12-5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली को चीन की लेई टिंगजी से हार का सामना करना पड़ा।

## जोकोविच ने नोरी को दी मात

**नोवाक ने फ्रेंच ओपन में ब्रिटेन के केमरून को एकल वर्ग में हराकर अपनी 100वीं जीत हासिल की**



**पेरिस, वार्ता।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जो. कोविच ने फेंच ओपन में ब्रिटेन के कैमरून नोरी को एकल वर्ग में हराकर अपनी 100वीं जीत हासिल की है। वहीं कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी जैक ड्रेपर को शिकस्त दी। सोमवार को खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में 38 वर्षीय जोकोविच ने ब्रिटेन के नोरी पर सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की और लगातार 16वें साल रोलांड गैरोस के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 23 वर्षीय जैक ड्रेपर पर सबसे कम रैंक वाले रूस के बुब्लिक ने 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ कजाकिस्तान के बुब्लिक ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल में बुब्लिक का सामना जैनिक सिनर से होगा। मैच के बाद ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने कहा कि विश्व के 62वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक से मिली आश्चर्यजनक हार के बाद उन्हें फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का 'अवसर गंवाने' जैसा महसूस हो रहा है। ड्रेपर की हार ने एकल में ब्रिटेन के अभियान को समाप्त कर दिया है। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि यह बहुत सुंदर संख्या है, लेकिन 101 जीत बेहतर लगती है। मैं एक और जीत की तलाश जारी रखूंगा, जाहिर है कि मेरे लिए यह यहीं खत्म नहीं हुआ है। मैं इस खेल में इतिहास रचकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जिसने मुझे मेरे जीवन में सब कुछ दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी के कारण मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा। महिला वर्ग में 22 वर्षीय फांसीसी वाइल्डकार्ड लोइस बोइसन ने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर शानदार वापसी की और 2017 के बाद से रोलांड गैरोस के अंतिम आठ में पहुँचने वाली पहली फांसीसी महिला बन गईं। एक अन्य मैच में अमेरिकी स्टार कोको गॉफ ने रूस की एकटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 6-0, 7-5 से हराया।

### खेल विशेष

## रोड्रिग्स 'मई प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामित हुई



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नामित किया हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को मई महीने के पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकन की घोषणा की है। आईसीसी ने महिला वर्ग में पिछले महीने में सफेद गेंद प्रारुप में बेहत. रीन बल्लेबाजी करने वाली भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज और दक्षिण अफीका की ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन को 'मई माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' के चयन को लेकर नामित किया हैं। पुरुष वर्ग में स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर ब्रेंडन मैकमुलेन और अमेरिका के मिलिंद कुमार ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की दावेदारी की है।

## इंडिया-ए व इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनऑफियल टेस्ट ड्रा



**कैंटरबरी, वार्ता।** इंडिया-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनऑफिशियल टेस्ट ड्रा हो गया। मुकाबले के चौथे दिन भारत की ओर से 4 अर्धशतक लगे। पहले दिन शुक्रवार को इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बालिंग का फैसला किया। इंडिया-ए ने पहले पारी में 557 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड टीम 587 रन पर ऑलआउट हुई। चौथे और आखिरी दिन भारत दूसरी पारी में दो विकेट खोकर 241 रन बनाया। दूसरा मुकाबला 6 जून से खेला जाएगा।



## न्यूजीलैंड क्रिकेट की केन्द्रीय अनुबंध सूची में चार नए चेहरे शामिल

**विलियमसन, कॉन्वे, फिल, लॉकी ने केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने विकेटकीपर बल्लेबाज मिशेल हे, ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास, तेज गेंदबाज जैक फॉल्क्स और लेग स्पिनर आदित्य अशोक चार नए चेहरों को इस बार केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल किया हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी 20 राष्ट्रीय खिलाड़ियों के केन्द्रीय अनु. बंध में ईश सोढ़ी, एजाज पटेल, टिम साउथी और जोश क्लार्कसन को इस वर्ष अनुबंध की पेशकश नहीं की गई।

इसके अलावा न्यूजीलैंड क्रिकेट ने केन विलियमसन, डेवोन कॉन्वे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन ने केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया है। उनके आकस्मिक खेल अनुबंधों पर चर्चा जारी है। नए चेहरों में मिशेल हे ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवासीय सीरीज के दौरान नाबाद 99 रन बनाए थे और अब्बास ने इसी श्रृंखला के दौरान 24 गेंदों पर सबसे तेज अपना पहला एकदिवसीय में अर्धशतक बनाया था। फॉल्क्स ने दस टी-20 मैच खेले हैं और पिछले वर्ष श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एकदिवसीय में पदार्पण किया था। अशोक ने 2023 में तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, लेकिन मार्च में पाकिस्तान के खिलाफ टीम का हिस्सा थे और हाल ही में न्यूजीलैंड ए के बंगलाद. ेश दौरे पर उन्होंने चार दिवसीय मैच में 54 रन देकर पांच विकेट लेकर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। न्यूजलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी स्कॉट वेनिंक ने नए केन्द्रीय अनुबंध को लेकर कहा कि मिच, मुहम्मद, आदि और जैक के साथ अनुबंध हमारे साथ आने वाली अविश्वसनीय प्रतिभा को दर्शाते हैं।

## 'डुबकी किंग'

# परदीप नरवाल ने लिया संन्यास

- परदीप को प्रो कबड्डी के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, उन्होंने कबड् डी को देशभर में लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान दिया है



**मुंबई, वार्ता।** महाराष्ट्र के मुंबई में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 की नीलामी में किसी भी टीम द्वारा नहीं खरीदे जाने पर परदीप नरवाल ने कबड्डी खेल से संन्यास ले लिया है। परदीप ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम लाइव में कहा, ह्सच कहूं तो उस वक्त मुझे कुछ महसूस नहीं हुआ। मैंने सोचा था कि कोई न कोई टीम जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि जब मैं पटना के लिए खेलता था, तब मैं 200-300 प्वाइंट्स बनाता था। अब तो 111 या 122 भी कम लगते हैं। मैं हर मैच में 15-16 प्वाइंट्स बनाना चाहता था, सिर्फ तीन-चार नहीं। परदीप ने कहा कि वह संन्यास लेन के बाद कोी. चंग में हाथ आजमाएंगे। परदीप को प्रो कबड्डी के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने कबड्डी को देशभर में लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान दिया। उन्होंने पटना पाइरेट्स को लगातार तीन सीजन (सीजन तीन से पांच तक) में चैंपियन बनाया। वह पीकेएल में 1000 और 1500 रेड प्वाइंट्स पार करने वाले पहले खिलाड़ी बने। भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने 2016 कबड्डी वर्ल्ड कप, 2017 एशियन कबड्डी चैंपियनशिप और 2018 दुबई कबड्डी मास्टर्स जीते। परदीप को उनकी खास चाल 'डुबकी' की वजह से प्यार से उन्हें डुबकी किंग कहा जाता है। उन्होंने कुल 190 मैचों में 1801 रेड प्वाइंट्स लेकर प्रो कबड्डी के सबसे सफल रेडर के रूप में संन्यास लिया। पटना पाइरेट्स के अलावा परदीप ने बेंगलुरु बुल्स और यूपी योद्धा के लिए भी खेला है।

## रुद्रांश, संजीव और आमिर की टीम ने डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में जीता रजत पदक

**व्यक्तिगत श्रेणी के मुकाबले में रुद्रांश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया**

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** विश्व निशानेबाजी पैरा स्पोर्ट्स विश्वकप (डब्लयूएसपीएीस) 2025 के चौथे दिन मंगलवार को स्टैंडर्ड एयर पिस्टल स्पर्धा में रुद्रांश खंडेलवाल, संजीव गिरी और आमिर अहमद भट की टीम ने रजत पदक जीता। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहीं व्यक्तिगत श्रेणी के मुकाबले में रुद्रांश खंडेलवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। उल्लेखनीय है कि कल 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रुद्रांश खंडेलवाल और महिला वर्ग में सुमेधा पाठक ने स्वर्ण पदक जीते थे।

# संसद सत्र की मांग

मंगलवार को एक बार फिर इंडिया समूह ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग–थलग करने में देश कितना सफल रहा, इस पर चर्चा व जानने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग प्रधानमंत्री से एक पत्र लिखकर की गई। पत्र लिखने से पूर्व इंडिया समूह की एक बैठक हुई। जिसमें 16 दलों ने हिस्सा लिया। पत्र में 16 दलों के नेताओं के ही हस्ताक्षर हैं। बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुख, शिवसेना उद्धव गुट, राजद, नेशनल कान्फ्रेंस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी आईयूएमएल, आरएसपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हिस्सा लिया। दिलचस्प बात यह रही कि इसमें आप, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) ने हिस्सा नहीं लिया। विपक्ष पहले ही मांग करता रहा है कि संसद का सत्र बुलाना चाहिए और सरकार को बताना चाहिए कि पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में हमने किस तरह की उपलब्धि हासिल की है। इन सब नेताओं का कहना है कि पहलगाम आतंकी हमले की बाद की स्थिति और सांसद के सात प्रतिनिधिमंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानी में भेजकर आतंकवाद पर अपना पक्ष रखने के लिए भेजा जा रहा है। विपक्ष यह भी जानना चाहता है कि यह प्रतिनिधिमंडल कितना सफल रहा, इस पर भी देश को बताना चाहिए। विपक्षी इंडिया समूह के नेताओं की शिकायत है कि सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भेजा जाता है लेकिन अपनी संसद और उसके माध्यम से देश की जनता को कुछ नहीं बताया जाता। इंडिया समूह के नेताओं का मानना है कि संसद सत्र बुलाना आवश्यक है। ताकि सांसदों और देश को पूरे घटनाचक्र की जानकारी मिल सके। जैसेकि बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा, शिवसेना उद्धव गुट के संजय राउत ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कई सवाल खड़े किए। सपा के रामगोपाल यादव ने यहां तक कहा कि पहलगाम हमले के बाद आतंकी ठिकानों पर हमला और फिर पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई हुई, उसमें कितने सफल हुए। उन्होंने जानना चाहा कि किन देशों ने इस कार्रवाई में हमारा साथ दिया। उन्होंने खुद ही जवाब भी दे डाला। इस कार्रवाई के दौरान एक भी देश भारत के समर्थन में नहीं आया, जबकि पाक का कई देशों ने खुलकर समर्थन किया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि ऑपरेशन सिंदूर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में पूरी तरह सफल रहा, लेकिन यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि भारत में इसको लेकर जमकर राजनीति हो रही है और सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही इस पर जमकर राजनीति करते दिखाई दे रहे हैं। उनकी राजनीति के चलते ही देश में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। यह भ्रम के बादल तभी छंट सकते हैं जब खुले विचारों के साथ इस पर चर्चा हो और चर्चा के लिए संसद से बेहतर स्थान कौन सा हो सकता है। यूं भी सरकार को संसद का विशेष सत्र बुलाने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

## हमें मनाने की जरूरत नहीं है



संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई, हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे, लेकिन मोटे तौर पर कहें तो हमारी समझ थोड़ी अलग है, हमें रोकने के लिए किसी को मनाने की जरूरत नहीं थी, हमने पहले ही रुकने के लिए कह दिया था, अगर अमेरिकी राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी को मनाने की जरूरत थी, तो वह पाकिस्तानियों को मनाने की थी, उन्हें मनाना पड़ता, हमें मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते, हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं, यही मूल संदेश है।

**-शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# पृथ्वी पर मिली जीवों की नई प्रजातियां

हर वर्ष वैज्ञानिक पृथ्वी की अनछुई, अनदेखी और अनजानी जगहों पर शोध करते हैं, जिनका उद्देश्य प्रकृति की जैव विविधता को समझना और संरक्षित करना होता है। वर्ष 2025 इस .ष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इस वर्ष विभिन्न महाद्वीपों, महासागरों और पर्वतीय इलाकों में वैज्ञानिकों ने कई नई पशु प्रजातियों की खोज की, जिनमें से कुछ अपने व्यवहार, आकार, रंग या जीवनशैली के लिए विलक्षण हैं। इन खोजों ने न केवल वैज्ञानिक समुदाय को रोमांचित किया, बल्कि आम लोगों की प्रकृति के प्रति जिज्ञासा और जागरूकता भी बढ़ाई।

इन नई प्रजातियों की खोज से यह स्पष्ट हो जाता है कि पृथ्वी पर अभी भी लाखों ऐसे जीव मौजूद हैं जिन्हें हमने देखा तक नहीं है। विश्व भर में पर्यावरणीय परिवर्तन, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, वहीं कुछ अब जाकर हमारे ज्ञान में शामिल हो रही हैं। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां इसी तथ्य की पुष्टि करती हैं कि प्रकृति में रहस्य अब भी बहुत बचे हुए हैं।

## खोज की पृष्ठभूमि और स्थान

2025 में खोजे गए अधिकांश जानवर घने वर्षावनों, गहरे समुद्रों और दूरस्थ पहाड़ी इलाकों से संबंधित हैं। अमेजन के वर्षावनों, कांगो बेसिन, इंडोनेशिया के द्वीपों, ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ क्षेत्रों और भारत के पूर्वोत्तर पर्वतीय अंचलों में कई नई प्रजातियां दर्ज की गईं। इन क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक होती है और मनुष्यों की पहुंच अपेक्षाकृत कम, जिसके कारण यहां नई प्रजातियों की संभावना अधिक होती है।

**उल्लेखनीय स्थान जहां से महत्वपूर्ण खोजें हुईं–**

- ब्राजील का अंधकारमय अमेजन जंगल
- इंडोनेशिया का सुलावेसी द्वीप
- भारत का अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड क्षेत्र
- मेडागास्कर का पश्चिमी भाग
- ऑस्ट्रेलिया की किम्बरली रेंज
- गहरे समुद्र के तल पर स्थित थर्मल वेंट्स

इन स्थानों से खोजे गए जीवों में स्तनधारी, उभयचर, सरीसृप, कीट, मछलियां और समुद्री अकशेरुकी प्रजातियां शामिल हैं।

## नीली आंखों वाला जंगल बिलाव

**(Blue-eyed Forest Cat)**

इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर खोजा गया यह बिलाव अपनी चमकीली नीली आंखों और घने भूरे फर के लिए जाना जा रहा है। यह मुख्य रूप से रात्रिचर है और घने जंगलों में अकेला घूमता है। इसकी शारीरिक संरचना पारंपरिक बिल्ली से थोड़ी बड़ी है।

## गूंजती आवाज वाला मेढक

**(Echo Tree Frog)**



अमेजन वर्षावन में खोजा गया यह उभयचर प्राणी बेहद छोटी काया वाला है लेकिन इसकी आवाज कई मीटर दूर तक सुनाई देती है। इसका रंग चमकीला हरा और पीला होता है, जो इसे वन में छिपने में मदद करता है। इसकी खोज उस समय हुई जब शोधकर्ता पेड़ों की ऊंचाई पर लगे साउंड सेंसर की जांच कर रहे थे।

## दूधिया रंग की गुफा मछली

**(Milky Cavefish)**

भारत के मेघालय राज्य की एक गुफा में पाई गई यह मछली पूरी तरह से सफेद और पारदर्शी है। इसकी आंखें विकसित नहीं हैं क्योंकि यह अंधेरी गुफाओं में रहती है। यह जलस्त्रोत की सतह पर तैरने की बजाय गहराई में रहकर बायोफ्लोरसेंस तकनीक से दिशा का निर्धारण करती है।

## कठोर कवच वाली समुद्री मकड़ी

**(Armored Sea Spider)**

अंटार्कटिक महासागर की गहराइयों में वैज्ञानिकों को एक ऐसी समुद्री मकड़ी मिली है, जिसका शरीर धातु जैसे कठोर कवच से ढका हुआ है। यह प्रजाति अत्यंत ठंडे पानी में जीवित रहने के लिए विकसित हुई है और इसकी चाल अत्यंत धीमी होती है। इसकी लंबाई लगभग 15 सेंटीमीटर होती है।

## गायन करने वाला चमगादड़

**(Singing Bat)**

ऑस्ट्रेलिया के किम्बरली क्षेत्र में पाया गया यह चमगादड़ रात के समय एक विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न करता है जो पक्षियों की चहचहाहट जैसी लगती है। यह ध्वनि मुख्य रूप से साथी को आकर्षित करने और क्षेत्र की सीमा तय करने के लिए होती है। इस प्रजाति का नाम वैज्ञानिकों ने Vespertilio sonatus रखा है।

## बर्फीले खरगोश जैसा स्तनधारी

**(Ice Rabbit Mole)**

साइबेरिया के एक जमी हुई सुरंग में पाए गए इस छोटे स्तनधारी का शरीर खरगोश जैसा और पैर तिलचट्टे जैसे हैं। यह अत्यधिक ठंड में जमीन के नीचे रहने वाला प्राणी है जो बर्फ के नीचे कीट और छोटे पौधों की जड़ों पर निर्भर करता है।

## रंग बदलने वाला पंखहीन पक्षी

**(Featherless Chameleon Bird)**

मेडागास्कर से खोजा गया यह पक्षी वैज्ञानिकों के लिए आश्चर्य का विषय बना हुआ है क्योंकि इसमें पंख नहीं होते, लेकिन इसकी त्वचा में रंग बदलने की क्षमता है जैसे गिरगिट में होती है। यह जमीन पर रहने वाला पक्षी है जो मुख्यत: फल और छोटे कीड़ों का भक्षण करता है।

## सुनहरी आंखों वाला अजगर

**(Golden&eyed Python)**

भारत के अरुणाचल प्रदेश में खोजा गया यह अजगर अत्यंत दुर्लभ और शांत प्रकृति का है। इसकी त्वचा हल्के पीले रंग की होती है और आंखें सुनहरी चमक लिए होती हैं। यह पेड़ों पर रहने वाला अजगर है जो छोटे स्तनधारियों और पक्षियों को अपना आहार बनाता है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण और खोज का महत्व**

इन सभी खोजों का वैज्ञानिक महत्त्व अत्यधिक है। एक नई प्रजाति की पहचान करने के लिए मात्र दिखने में भिन्नता पर्याप्त नहीं होती, बल्कि डीएनए विश्लेषण, व्यवहार अध्ययन, भोजन प्रणाली, प्रजनन प्रक्रिया आदि का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाता है। इन सभी प्रजातियों को अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान संस्थानों द्वारा सत्यापित किया गया और उन्हें संबंधित जीव वर्गों में स्थान दिया गया। इन खोजों से यह भी पता चलता है कि पृथ्वी की जैव विविधता का केवल एक छोटा हिस्सा ही अब तक वैज्ञानिकों के ज्ञान में है। अनुमानत: लगभग 80 % जीव–जंतु अभी तक अज्ञात हैं और वे पृथ्वी के किसी न किसी छोर पर छिपे हुए हैं। नई प्रजातियां हमारी पारिस्थितिकी को समझने, दवाओं की खोज करने, और भविष्य की जलवायु रणनीतियों में मददगार हो सकती हैं।

**पर्यावरणीय चेतावनी और संरक्षण की आवश्यकता**

नव खोजी गई प्रजातियां अक्सर बेहद नाजुक होती हैं और उनके आवास में थोड़े से भी बदलाव से वे खतरे में पड़ सकती हैं। जैसे ही कोई प्रजाति खोजी जाती है, उस पर मानव गतिविधियां बढ़ जाती हैं . जैसे पर्यटन, शोध, और मीडिया का ध्यान। इसका दुष्प्रभाव यह होता है कि कभी–कभी नई प्रजातियां खोजे जाने के कुछ वर्षों में ही संकटग्रस्त श्रेणी में आ जाती हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि इन नई प्रजातियों को खोजने के साथ–साथ उनके आवास का संरक्षण भी प्राथमिकता पर हो। अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण संगठन जैसे **IUCN** को इन प्रजातियों की निगरानी करनी चाहिए और सरकारों को उनके पर्यावरण की रक्षा के लिए उचित नीतियां अपनानी चाहिए। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां यह दिखाती हैं कि पृथ्वी अभी भी रहस्यों से भरी हुई है। इन खोजों ने वैज्ञानिक समुदाय के लिए नई चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान किए हैं।

साथ ही यह हम सबके लिए एक चेतावनी भी है कि जैव विविधता को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी सिर्फ वैज्ञानिकों की नहीं, बल्कि हम सभी की है। यदि हम इस विविधता की रक्षा करने में असफल रहे, तो हम ऐसे अनगिनत रहस्यों को खो देंगे जिन्हें जानने का अवसर भी हमें कभी नहीं मिलेगा। आने वाले वर्षों में उम्मीद की जाती है कि और भी प्रजातियां प्रकाश में आएंगी, बशर्ते हम अपनी पृथ्वी और उसके जीवन को बचाने के लिए समर्पित रहें।



> “ पृथ्वी पर गिरगिट की 200 से ज्यादा प्रजातियाँ हैं और यह खूबसूरत गिरगिट सबसे दुर्लभ प्रजातियों में से एक है। इसके आवास के लिए खतरे बढ़ते जा रहे हैं, इसलिए हजा जैसे समर्पित संरक्षणवादियों के प्रयासों के बिना, यह प्रजाति हमारे जीवनकाल में लगभग निश्चित रूप से विलुप्त हो जाएगी।

# तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता



यशोदा श्रीवास्तव

**तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है, यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है। लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है। प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निसंदेह उनकी भी छवि भारत विरा. धी ही रही है लेकिन इनमें खास यह है कि यह राजनी. तिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है, यह समझ इनमें है।**

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है।

बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमश: राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृह मंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदू वादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदू वादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबड़ा गई। अंतत: हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को वैन कर दिया। दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में जबरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलन कारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की,कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए वैन कर दिया लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा के कार्यकर्ता अलग–अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिली जुली साझा सरकार भले ही है लेकिन ए जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं। अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस ले कर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है। एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनारिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उनपर गहरा असर पड़ा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बढ़ते तापमान से महिलाओं में बढ़ सकता है कैंसर का खतरा

जलवायु परिवर्तन और बढ़ती गर्मी का महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तापमान बढ़ने के साथ महिलाओं में स्तन, अंडाशय द्धओवरीऋ, गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर के मामले और मौतें दोनों बढ़ रही हैं। जलवायु परिवर्तन का महिलाओं में कैंसर के खतरे पर क्या असर पड़ता है, यह जानने के लिए शोधकर्ताओं ने मध्य पूर्व और उत्तर अफीका के 17 देशों को चुना है। इनमें शामिल अल्जीरिया, बहरीन, मिस्र, ईरान, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मोरक्को, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और फिलिस्तीन शामिल थे। गौरतलब है कि ए सभी देश जलवायु परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील हैं और पहले ही तापमान में तेजी से होती वृद्धि का सामना कर रहे हैं। वहीं आशंका है कि इस क्षेत्र में 2050 तक तापमान के चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसके साथ ही अपने अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इन देशों में स्तन, अंडाशय, गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर के मामलों और मौतों से जुड़े आंकड़ों को भी जुटाया है और उनकी तुलना 1998 से 2019 के बीच बढ़ते तापमान से की है।

**गर्मी और कैंसर के बीच है नाता**

शोध के नतीजे दर्शाते हैं कि तापमान में वृद्धि के साथ मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में स्तन, अंडाशय, सर्वाइकल और गर्भाशय कैंसर के मामले भी बढ़े हैं। वहीं कतर, बहरीन, जॉर्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और सीरिया जैसे देशों में यह बढ़ोतरी सबसे अधिक देखी गई। यह वो देश हैं जो साल दर साल भीषण गर्मी का सामना करते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक तापमान में हर एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ ए चारों तरह के कैंसर कहीं ज्यादा आम और घातक हो रहे हैं। इस अध्ययन के नतीजे अंतराष्ट्रीय जर्नल फंटियर्स इन पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हुए हैं। अध्ययन से पता चला है कि तापमान में हर एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ महिलाओं में कैंसर के मामलों में प्रति लाख लोगों पर 173 से 280 मामलों तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें अंडाशय का कैंसर सबसे ज्यादा, जबकि स्तन कैंसर सबसे कम बढ़ा है। बढ़ते तापमान की वजह से सिर्फ कैंसर के मामले ही नहीं बढ़ रहे, इनसे होने वाली मौतों में भी इजाफा दर्ज किया गया है। आंकड़ों से पता चला है कि तापमान में हर डिग्री की बढ़ोतरी के साथ प्रति लाख लोगों पर होने वाली मौतों में 171 से 332 तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**किन देशों में बढ़ा खतरा?**

अध्ययन में यह भी सामने आया है कि कैंसर के मामलों और मौतों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कतर, बहरीन, जॉर्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और सीरिया में दर्ज की गई है। हालांकि साथ ही अध्ययन में यह भी सामने आया है कि यह वृद्धि सभी देशों में एक समान नहीं थी। उदाहरण के लिए कतर में हर डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ स्तन कैंसर के मामले प्रति लाख लोगों पर 560 तक बढ़े, जबकि बहरीन में यह बढ़ोतरी 330 रिकॉर्ड की गई।

**क्यों बढ़ रहा है खतरा?**

वैज्ञानिकों के मुताबिक यह अध्ययन दिखाता है कि बढ़ता तापमान इन कैंसरों की एक वजह हो सकता है। हालांकि हर देश में इसका प्रभाव अलग–अलग देखा गया। इसका मतलब है कि तापमान के अलावा भी कुछ और कारण कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ जगहों पर बढ़ती गर्मी के साथ हानिकारक वायु प्रदूषण भी बढ़ता है, जो कैंसर को फैलने में मदद कर सकता है। वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि बढ़ती गर्मी के साथ कई तरह से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। यह लोगों को कैंसर पैदा करने वाले केमिकल्स के संपर्क में लाता है। इसकी वजह से स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होती हैं, जिससे समय पर जांच और इलाज नहीं मिल पाता। बढ़ती गर्मी शरीर की कोशिकाओं पर भी असर डाल सकती है। ए सभी कारण मिलकर समय के साथ कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं।



**गरीब महिलाएं सबसे बड़ी शिकार**

काहिरा की अमेरिकन यूनिवर्सिटी और अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता डॉक्टर सुंगसू चुन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ष्महिलाएं प्राकृतिक रूप से खासकर गर्भावस्था के दौरान जलवायु से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में असमानता उनके जोखिम को और बढ़ा देती है। जो महिलाएं हाशिए पर जीवन जी रही हैं, वे कहीं अधिक प्रदूषण और पर्यावरणीय खतरों के संपर्क में आती हैं और उनके लिए समय पर जांच या इलाज नहीं मिल पाना मुश्किल होता है। गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान दुनिया के लिए पहले ही बड़ा खतरा बन चुका है। इससे सेहत पर असर पड़ रहा है। तापमान बढ़ने से खाने–पीने की चीजों की कमी और दूषित हवा की वजह से बीमारियों और मौतों का खतरा दुनिया भर में बढ़ रहा है। प्राकृतिक आपदाएं और अचानक से बदलता मौसम स्वास्थ्य सेवाओं समेत जरूरी बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कैंसर के मामले में, इसका मतलब है कि लोग ज्यादा जहरीले प्रदूषण के संपर्क में आते हैं और उन्हें सही समय पर जांच व इलाज नहीं मिल पाता। इन सभी कारणों से गंभीर कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसका सही आंकलन करना मुश्किल है। अध्ययन के मुताबिक कैंसर के ज्यादा मामलों के सामने आने को बेहतर जांच प्रणाली से जोड़ कर भी देखा जा सकता है। लेकिन अगर जांच बेहतर हुई होती, तो मौतें भी कम होतीं क्योंकि शुरुआती चरण में कैंसर का इलाज आसान होता है। लेकिन यहां मामले और मौतें दोनों बढ़े हैं, जिससे लगता है कि असली कारण कहीं ज्यादा लोगों के जोखिम भरे कारकों से संपर्क में आना है। शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को स्वास्थ्य योजनाओं में तुरंत शामिल किया जाना चाहिए, ताकि इससे जुड़ी बीमारियों से निपटने की बेहतर तैयारी हो सके। वैज्ञानिकों ने जोर दिया है कि कैंसर की समय पर जांच के लिए स्क्रीनिंग कार्यक्रम को सशक्त किया जाना चाहिए। साथ ही जलवायु के प्रति मजबूत स्वास्थ्य तंत्र तैयार करने की जरूरत है। प्रदूषण और कैंसर की वजह बनने वाले जन्य कारकों के संपर्क को कम किए जाने की आवश्यकता है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि अगर इन उपायों को नहीं अपनाया गया, तो जलवायु परिवर्तन के साथ कैंसर का खतरा और ज्यादा बढ़ता जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर: सिर्फ पाक ही जानता है नुकसान का अंदाजा

## खुलासा: भारत ने जितना बताया उससे कहीं अधिक ठिकानों को सेना ने बनाया निशाना

**इस्लामाबाद।** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले महीने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इस सैन्य अभियान के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया था। इसके अलावा, 11 एयरबेस को भी निशाना बनाया गया था।

**■ पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में 'ऑपरेशन बुनयान उन मरसूस' चलाया था**

**■ पाकिस्तान ने भारत से संघर्ष विराम की गुहार क्यों लगाई थी**



हालांकि, पाकिस्तान के एक आधिकारिक दस्तावेज (डोजियर) में नया खुलासा हुआ है। दरअसल, पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में 'ऑपरेशन बुनयान उन मरसूस' चलाया था। इससे जुड़े डोजियर में उसने स्वीकार किया है कि भारत ने सात अतिरिक्त ठिकानों पर भी हमले किए। डोजियर में दिखाए गए नक्शों में पेशावर, झांग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरात, बहावलनगर, अटक और छोर इलाकों पर हमले दिखाए गए हैं। पिछले महीने हवाई हमलों के बाद मीडिया ब्रीफिंग में भारतीय वायु सेना या सैन्य महानिदेशक (डीजीएमओ) ने इन स्थानों का जिक्र नहीं किया था। इस नए खुलासे से पता चलता है कि भारत ने जिन इलाकों में हमले करने की बात की स्वीकार की थी, उससे कहीं अधिक गहराई में जाकर हमले किए गए थे। इससे यह बात भी समझ में आती है कि पाकिस्तान ने भारत से संघर्ष विराम की गुहार क्यों लगाई थी। इस खुलासे से पाकिस्तान के उस दावे पर भी सवाल खड़ा होता है, जिसमें उसने कहा था कि उसने भारत को बड़ा नुकसान पहुंचाया। भारतीय सशस्त्र बलों ने इससे पहले कई मीडिया ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर की विस्तार से जानकारी दी थी और बताया था कि ये हमले कितनी सटीकता और योजना से किए गए। अब यह माना जा रहा है कि भारत की ओर से कुछ ठिकानों के नाम न बताना एक रणनीतिक फैसला था, जिससे पाकिस्तान खुद ही नुकसान की असली तस्वीर उजागर करे और भविष्य में वह कोई झूठा दावा न कर सके।

इससे पहले, मैक्सार टेक्नोलॉजीज की ओर जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किए गए सटीक हवाई हमलों से हुए नुकसान को दिखाया गया था। भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था। जिन ठिकानों पर हमले हुए थे, उनमें बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का मुख्यालय और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का प्रशिक्षण केंद्र भी शामिल हैं। इसके अलावा जिन अन्य जगहों को निशाना बनाया गया उनमें मुजफ्फराबाद, कोटली, रावलकोट, चकस्वारी, भिंबर, नीलम घाटी, झेलम और चकवाल शामिल थे।

# ब्रिटिश संसद ने आतंकवाद को बताया लोकतंत्र के लिए खतरा

**लंदन।** ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिडसे हॉयल ने माना है कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिडसे हॉयल से मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रसाद ने पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद पर गहरी चिंता व्यक्त की, जहां अनिर्वाचित और अनियंत्रित सैन्य अधिकारी आतंकवाद को एक सरकारी उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह दृष्टिकोण न केवल लोकतंत्र को कमजोर करता है, बल्कि लोकतांत्रिक समाज की नींव को भी नष्ट करता है। स्पीकर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए स्वीकार किया कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। उन्होंने भारत की उल्लेखनीय प्रगति की भी सराहना की, जिसमें डिजिटल परिवर्तन, तकनीकी प्रगति, आर्थिक विकास और अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियां शामिल हैं।



गुवाहाटी। भारी बारिश के बाद साइकिल रिक्शा पर जलमग्न सड़क को पार करते लोग।

# भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने की मेलिशया में आतंकवाद निरोधक शोध संस्थान के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में भारत के सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मलेशिया में कुआलालंपुर में दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र (एसईएआरसीसीटी) के महानिदेशक दतिन पादुका नूर आशिकिन मोहम्मद तैयब के नेतृत्व में केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने एसईएआरसीसीटी के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा में किसी भी और नाम से की जाने वाली आतंकवादी गतिविधि को रत्ती भर भी सहन न करने की भारत की सैद्धांतिक नीति और दृढ़ संकल्प की विस्तार से व्याख्या की। भारत के संसदीय दल ने एसईएआरसीसीटी के लोगों को विशेष रूप से पहलगाम में हाल ही में सीमा पार से आतंकवादी हमले के परिप्रेक्ष्य में अपनी बात को समझाया। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान की सह पर आतंकवादियों ने बर्बर तरीके से चुन-चुन कर 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिसमें एक नेपाल का नागरिक भी था।

# प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर हुई पाक टिकटॉक स्टार की हत्या

**■ रिश्तेदार बनकर घर में घुसा फिर सना को गोली मारी हमलावर 10वीं पास बेरोजगार**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की सोमवार को उनके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना इस्लामाबाद के जी-13 इलाके में हुई। गोली मारने के बाद हमलावर भाग खड़ा हुआ था। इस्लामाबाद पुलिस के आईजी सैयद अली नासिर रिजवी ने कहा कि सना के हत्यारे का पता चल गया है।



अपराधी 22 साल का लड़का है, जिसे फैसलाबाद से गिरफ्तार किया गया। वह रिश्तेदार बनकर सना के घर में घुसा था। पुलिस का कहना है कि हमलावर ने सना को कई बार प्रपोज किया था। हर बार उसने मना कर दिया।

हमलावर मैट्रिक पास और बेरोजगार है और बेहद गरीब परिवार से आता है। आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली है। रिजवी ने बताया कि सना ने 29 मई को अपना बर्थडे मनाया था। इस दिन संदिग्ध ने सना से मिलने की खूब कोशिश की थी। वह उसके घर भी पहुंचा था और सात से आठ घंटे तक मिलने की कोशिश करता रहा, लेकिन सना से उसकी मुलाकात नहीं हो पाई थी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने सबूत मिटाने के लिए सना का मोबाइल फोन ले लिया था। पुलिस को हत्या में इस्तेमाल हथियार भी मिला है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने पहले सना से घर के बाहर कुछ देर बात की और फिर घर के अंदर आकर गोलियां चलाईं। सना को बहुत नजदीक से दो गोलियां लगीं, जिसके बाद उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो पाई है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल पिस्तौल और सना का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।

# माली में घुसपैठ की असफल कोशिश में 14 आतंकी मारे गए

**बमाको।** माली के उत्तरी शहर टिम्बकटू में सोमवार को आतंकवादी लड़ाकों ने एक सैन्य शिविर में घुसपैठ करने की असफल कोशिश की जिसमें 14 आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी माली सशस्त्र बलों ने एक बयान जारी कर दी। बयान में कहा गया कि घुसपैठ की कोशिश स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे के आसपास हुई और 'मालियन सशस्त्र बलों की त्वरित प्रतिक्रिया से आतंकवादियों को तुरंत खदेड़ दिया गया। बयान में कहा गया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 14 आतंकवादी मारे गए, 31 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार हुए तथा हथियार, वाहन और विभिन्न सामग्रियां बरामद की गईं। घुसपैठ की यह कोशिश, डौएंट्ज़ा के मध्य क्षेत्र में स्थित बौलकेसी के एक सैन्य अड्डे पर हुए घातक हमले के एक दिन बाद हुई। रविवार को एक अलग बयान में, एफएएमए ने बौलकेसी शिविर पर हमले की पुष्टि की तथा कहा कि वापस जाने से पहले उसने जोरदार जवाब दिया।

# कराची जेल से 216 कैदी भागे, 136 अभी भी फरार

## भूकंप के बाद अफरातफरी में मेन गेट से फरार, 80 से ज्यादा कैदी दोबारा पकड़े गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची की मलिर जेल से सोमवार रात 216 कैदी फरार हो गए। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद ऐहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था। जियो न्यूज के मुताबिक इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है, जबकि 135 कैदी अभी भी फरार हैं।

**■ इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी**



जेल सुपरिंटेंडेंट अरशद शाह ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। प्रशासन ने साफ किया है कि कोई दीवार नहीं तोड़ी गई, सभी कैदी मेन गेट से ही भगदड़ के बीच भाग निकले। फरार कैदियों को पकड़े जाने के बाद पुलिस ने उनकी एक साथ परेड कराई। पकड़े एक फरार कैदी ने बताया कि भूकंप की खबर सुनने के बाद सब लोग भाग रहे थे, इसलिए वो भी भाग गया। एक दूसरे कैदी ने दावा किया कि जेल की दीवार गिर गई थी, इसलिए वो लोग भाग गए। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि भूकंप के बाद 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर लाया गया था। इसी अफरा-तफरी में 100 से ज्यादा कैदियों ने मेन गेट की तरफ धक्का-मुक्की शुरू की और भाग निकले। जेल प्रशासन के मुताबिक तलाशी अभियान अब भी जारी है। इस अभियान में स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट (एसएसयू), रैपिड रिस्पान्स फोर्स (आरआरएफ), रेंजर्स और फ्रंटियर कोर (एफसी) की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। घटना के तुरंत बाद जेल का नियंत्रण रेंजर्स और एफसी ने संभाल लिया। आईजी जेल, डीआईजी जेल और जेल मंत्री ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। घटना में एक कैदी की मौत की खबर है। वहीं, 4 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। गृह मंत्री ने माना कि प्रशासनिक लापरवाही भी इस घटना का कारण हो सकती है। मुख्यमंत्री मुराद अली शाह को पूरी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने गृह मंत्री को जेल जाकर हालात की निगरानी करने के निर्देश दिए। सिंध के राज्यपाल कामरान टेसोरी ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए गृह मंत्री और आईजी सिंध पुलिस से सभी कैदियों को जल्द गिरफ्तार करने को कहा। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि हर फरार कैदी की पहचान और रिकार्ड उपलब्ध है। उनके घरों और आसपास के इलाकों में छापेमारी जारी है। जेल मंत्री ने कहा कि लापरवाह अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से चौक पोस्ट्स और निगरानी सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल जुलाई में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की रावलकोट जेल से 19 कैदी फरार हो गए थे। इनमें से 6 को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना पुंछ के रावलकोट जेल की है, जो मुजफ्फराबाद से करीब 110 किमी दूर है। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक कैदी ने पहरेदार से उसकी लस्सी बैरक तक लाने के लिए कहा था। जब पहरेदार लस्सी देने पहुंचा, तब कैदी ने बंदूक तानकर उसे दबोच लिया और उसकी चाबियां छीन लीं। इसके बाद कैदी ने बाकी बैरक का ताला भी खोल दिया था। फिर सभी कैदी मेन गेट की तरफ भागे। इस दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कैदी की मौत हो गई थी। पाकिस्तान में इससे पहले भी कई बार आतंकियों के जेल तोड़कर भागने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। 2012 में पाकिस्तान के बन्नू शहर में 400 कैदी जेल से फरार हो गए थे।

# ईरान ने अमेरिकी परमाणु समझौते को किया खारिज

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका के परमाणु समझौते को 'बेकार' बताते हुए इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि समझौता देश के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप नहीं है, क्योंकि यह उसे यूरेनियम संवर्धन से रोकता है। ईरान ने बार-बार स्पष्ट किया है कि यह एक अस्वीकार्य प्रस्ताव है। मेज़ा नेट की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित समझौते के बारे में बात करते हुए एक ईरानी राजनयिक ने कहा कि इस प्रस्ताव में ईरानी धरती पर संवर्धन पर अमेरिका का रुख अपरिवर्तित है और प्रतिबंधों को हटाने के बारे में कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं है। ईरान एक नकारात्मक प्रतिक्रिया तैयार कर रहा है, जिसे अमेरिकी प्रस्ताव की अस्वीकृति के रूप में समझा जा सकता है। इससे पहले एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सोमवार को सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ट्रम्प प्रशासन ने कथित तौर पर अधिकारियों द्वारा अभी तक अनिर्धारित अवधि के लिए यूरेनियम के सीमित निम्न-स्तरीय संवर्धन पर सहमति व्यक्त की थी।

ओमान के विदेश मंत्री सईद बदर अल-बुसैदी ने 31 मई को ईरान के दौरे के दौरान ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मध्यस्थता में मस्कट की मदद की पेशकश की। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ के बीच पांच दौर की वार्ता के बाद दोनों देशों में इस मुद्दे पर गतिरोध बरकरार है।

# रूस का दावा: 24 घंटे में यूक्रेन के 1400 सैनिक मारे

## यूक्रेन बोला: तीन साल में रूस के 10 लाख सैनिक मारे गए

**मास्को/कीव।** यूक्रेन में चल रहे युद्ध के बीच रूस ने मंगलवार को दावा किया कि उसकी सेना ने पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के करीब 1400 सैनिकों को मार गिराया है।

रूस के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी इस आंकड़े की घोषणा तब हुई, जब मास्को और कीव के प्रतिनिधिमंडल इस्तांबुल में युद्धविराम पर बातचीत के लिए मिल रहे थे। यह दावा ऐसे समय पर किया गया है, जब 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों देशों ने एक-दूसरे पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए। वहीं, यूक्रेन की सेना के जनरल स्टाफ ने 3 जून को दावा किया कि फरवरी 2022 से शुरू हुए युद्ध में अब तक रूस के लगभग 10 लाख सैनिक मारे जा चुके हैं। पिछले 24 घंटों में 1100 सैनिक मारे गए। यूक्रेन ने यह भी दावा है कि युद्ध में अब तक रूस के 10881 टैंक, 22671 बख्तरबंद वाहन, 50607 वाहन और फ्यूल टैंक, 28623 तोपखाने सिस्टम, 1402 राकेट लान्चर, 1176 एयर डिफेंस सिस्टम, 384 हवाई जहाज, 336 हेलिकाप्टर, 38748 ड्रोन, 28 जहाज और एक पनडुब्बी खोई है।

**■ यह दावा ऐसे समय पर किया गया है, जब 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों देशों ने एक-दूसरे पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए**



# भारत की राष्ट्रीय भाषा है एकता और विविधता: कनिमोझी

**■ डीएमके सांसद ने स्पेन में कहा: यही संदेश हमारा डेलिगेशन दुनिया को देने आया है**

**मैड्रिड।** भारत के ऑल पार्टी डेलिगेशन की अगुआई कर रहीं डीएमके सांसद कनिमोझी ने सोमवार को स्पेन में कहा कि भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता है।

उन्होंने कहा कि यही संदेश यह प्रतिनिधिमंडल दुनिया को देने आया है। दरअसल, स्पेन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उनसे पूछा गया कि भारत की राष्ट्रीय भाषा क्या है। इसके जवाब में कनिमोझी ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय भाषा है एकता और विविधता। यही सबसे जरूरी संदेश है जो आज दुनिया तक पहुंचाना चाहिए। कनिमोझी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में डीएमके केंद्र सरकार की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शामिल तीन-भाषा फार्मूले का विरोध कर चुकी है। स्पेन में कनिमोझी के नेतृत्व में भारत का 'ग्रुप-6' डेलिगेशन स्पेन के विदेश मंत्री जोसे मैनुएल अल्बारेस से भी मिला। स्पेन में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी कि इस मुलाकात में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और अप्रैल 22 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर भारत की स्थिति की जानकारी स्पेन को दी। विदेश मंत्री अल्बारेस ने कहा कि स्पेन भारत की आतंकवाद विरोधी लड़ाई में पूरी तरह से उसके साथ खड़ा है।

# बाइडन के क्षमादानों की जांच करेगा अमेरिकी न्याय विभाग

**वाशिंगटन।** अमेरिकी क्षमादान अटॉर्नी एड मार्टिन ने अपने कर्मचारियों को सूचित किया कि उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से उनके प्रशासन के अंतिम दिनों में जारी किए गए क्षमादानों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के न्याय विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मार्टिन को पूर्व राष्ट्रपति बाइडन द्वारा अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के अंतिम दिनों में अपने परिवार के सदस्यों और मृत्युदंड के कैदियों को दी गई क्षमा की जांच करने का निर्देश दिया गया है। न्याय विभाग के क्षमा अटॉर्नी के रूप में कार्यरत मार्टिन ने एक ईमेल में खुलासा किया कि जांच इस बात पर केंद्रित है कि क्या बाइडन अपने कार्यकाल के दौरान सक्षम थे और क्या उन्हें ऑटोपेन या अन्य तरीकों के माध्यम से दवाब बनाया गया था। ऑटोपेन एक ऐसा उपकरण है जो स्वचालित रूप से दस्तावेज पर हस्ताक्षर करता है और ट्रम्प और उनके समर्थकों द्वारा अपुष्ट दावे किए गए हैं कि बाइडन द्वारा अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान इस उपकरण का उपयोग उनके कार्यों की वैधता पर सवाल उठाता है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या बाइडन ने क्षमादान के लिए ऑटोपेन का उपयोग किया था। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्टिन यह जांच करने की योजना बना रहे हैं कि क्या यह क्षमादान बाइडन के शासनकाल के दौरान उनके अधिकार क्षेत्र में था या फिर कुछ लोग उनपर इसका दबाव बनाकर उनका शोषण कर रहे थे।

**यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या बाइडन ने क्षमादान के लिए ऑटोपेन का उपयोग किया था**



# मानवीय सहायता केंद्र पर इजरायल के हमले से 19 की मौत

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के मानवीय सहायता वितरण केंद्र में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर इजरायल कर सेना द्वारा की गई गोलाबारी में कम से कम 19 फलस्तीनी मारे गए। मीडिया रिपोर्टों से यह जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार पश्चिमी राफा में मानवीय सहायता वितरण का इंतजार कर रहे लोगों के एक समूह पर इजरायल की सेना द्वारा की गई गोलाबारी में 19 लोग मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मई के अंत से मानवीय सहायता वितरण केंद्रों पर इसी प्रकार के कई इजरायली हमले हुए हैं, जिनमें 75 लोग मारे जा चुके हैं जबकि 400 से अधिक घायल हुए हैं। अल जज़ीरा ने रिपोर्ट में कहा कि मई में संघर्ष में हुई उल्लेखनीय वृद्धि के बीच इज़रायल के अधिकारियों ने गाजा पट्टी के लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक नई योजना की घोषणा की।

# हमें मनाने की जरूरत नहीं

## ट्रम्प के दावे पर शशि थरूर की दो टूक, पाकिस्तान को भी लताड़ा

**ब्रासीलिया।** ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में तीसरे पक्ष की संलिप्तता से इनकार किया है और कहा है कि संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई।

थरूर के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल फिलहाल ब्राजील में है और ब्राजील से अमेरिका के लिए रवाना होगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बार-बार दावा कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के लिए उन्होंने मध्यस्थता की। ब्राजील में शशि थरूर ने कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे, लेकिन मोटे तौर पर कहें तो हमारी समझ थोड़ी अलग है। हमें रोकने के लिए किसी को मनाने की जरूरत नहीं थी। हमने पहले ही रुकने के लिए कह दिया था। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी को मनाने की जरूरत थी, तो वह पाकिस्तानियों को मनाने की थी। उन्हें मनाना पड़ता। हमें मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते। हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। यही मूल संदेश है। थरूर ने कहा कि हमने 7 मई को शुरू से ही लगातार कहा था कि हम संघर्ष को लंबा खींचने के इच्छुक नहीं हैं। यह किसी तरह के युद्ध की शुरूआत नहीं है। यह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिशोध है, बस। अगर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया नहीं की होती, तो हम भी प्रतिक्रिया नहीं करते। डोनाल्ड ट्रम्प का दावा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच उन्होंने ही मध्यस्थता कराई। ट्रम्प ने ही सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सबसे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम की जानकारी दी थी। हालांकि भारत ने ट्रम्प ने दावे को खारिज कर दिया। भारत ने बताया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारतीय समकक्ष को फोन करके संघर्षविराम की अपील की थी। जिसके बाद संघर्षविराम हुआ।

**■ हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे**